www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024 | वर्ष-17 | अंक -13 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

सिद्दारमैया का दावा, कांग्रेस कर्नाटक में 20 लोकसभा... 02

■ मेयर और डिप्टी मेयर के लिए महेश कुमार व रविंद्र...
■ 19 से 21 अप्रैल के बीच होगा एक्सपो राइड ... 03

■ मध्य अफ्रीका गणराज्य में हमला से 14 लोगों की ...
■ फिजी के उप-प्रधानमंत्री प्रसाद ने कुशल श्रमिकों ... 07

उत्तर प्रदेश में बेटी व व्यापारी सुरक्षित : योगी 09

सार संक्षेप

धनखड़ ने पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई शपथ

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के पांच नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। संसद भवन में सभापति के कक्ष में राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों भीम सिंह, परमार जसवंत सिंह सालम सिंह, संगीता, नवीन कुमार और सुधांशु त्रिवेदी को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उपसभापति हरिवंश और राज्यसभा के महासचिव मौजूद रहे।

रत्नागिरी सिंधुदुर्ग सीट से नारायण राणे भाजपा उम्मीदवार

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र की रत्नगिरी सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री नारायण राणे को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी की गुरुवार को यहां जारी 13 वीं सूची में केवल एक नाम ही घोषित किया गया, जिसमें कहा गया कि केंद्रीय चुनाव समिति ने राणे को महाराष्ट्र की रत्नागिरी सिंधुदुर्ग लोकसभा सीट से उम्मीदवार होंगे।

ईरान में फंसे जहाज से भारतीय महिला की सुरक्षित निकाला

नई दिल्ली। ईरान द्वारा कब्जे में लिए गए इस्राइली अरबपति के जहाज पर सवार 17 भारतीय चालक दल में शामिल केरल की एन टेसा जोसेफ सुरक्षित भारत लौट आई हैं। गुरुवार को केरल के त्रिशूर की रहने वाली एन टेसा कोचीन हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उनका स्वागत किया गया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी सुरक्षित वापसी पर खुशी जताई है।

उज्बेकिस्तान यात्रा पर पहुंचे सेना प्रमुख मनोज पांडे

नई दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को उज़्बेकिस्तान के टर्मेज़ में भारत-उज़्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डस्टलिक' के उद्घाटन समारोह में भाग लिया और प्रशिक्षण क्षेत्र का दौरा किया। जनरल पांडे चार दिन की उज्बेकिस्तान यात्रा पर हैं। समारोह में उनके साथ उज्बेकिस्तान के उप रक्षा मंत्री भी थे। सेना प्रमुख को अभ्यास क्षेत्र में कमांडरों द्वारा अभ्यास योजना के बारे में जानकारी दी गई। ब्रीफिंग के बाद उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों को देखा।

राम नवमी यात्रा पर हमले की एनआईए करे जांच : जैन

नई दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में रामनवमी के पावन अवसर पर निकल रही शोभायात्रा पर किए गए प्राण घातक हमले को एक आतंकवादी घटना बताया है तथा उसकी राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईए से जांच कराने की मांग की है।

लोस चुनाव के पहले चरण का रण आज

स्वतंत्र व शांतिपूर्ण मतदान के लिए 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख कर्मियों को किया गया तैनात

- 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर डाले जाएंगे वोट
- 1625 उम्मीदवारों का सियासी भाग्य ईवीएम में होगा बंद
- आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व सीएम व एक पूर्व राज्यपाल की किस्तम दांव पर

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। 2024 लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 102 लोकसभा सीटों पर आज मतदान होगा। इन सीटों पर नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल के आठ सदस्यों, तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल की चुनावी किस्मत का फैसला होगा।

पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी में मतदान कराया जाएगा. पहले चरण में इन राज्यों में 102 सीटों पर मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनाव-2024 के पहले चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 97 करोड़ मतदाताओं के नाम संदेश में कहा कि आप अपना वोट डालें और 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के उत्सव में भाग लें। उन्होंने बतया कि कुल 1.87 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं,जबकि सुचारु चुनाव के लिए 18 लाख कर्मियों को तैनाती दी गई है। कुल मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिलाओं के साथ ही 11,371 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। पहलें चरण में 1625 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। जिसमें 1491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने ले जाने के लिए 41 हेलीकॉप्टर, 84 विषेष रेलगाड़ियां और लगभग 1 लाख वाहन तैनात किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो ऑब्जर्वर की तैनाती के साथ-साथ 50 फीसदी से ज्यादा मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। 361 पर्यवेक्षक जिसमें 127 सामान्य पर्यवक्षेक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक शामिल हैं,सभी पहले ही अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रो में पहुच चुके हैं। वे अत्यधिक सतर्कता बरतने के लिए आयोग की आंख-कान की तरह काम करेंगे। इसके अलावा कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है। कुल 4627 उडन दस्ते,5202 सांक्ष्यकीय निगरानी दल, 2028 वीडियो निरानी दल और 1255 वीडियो देखने वाली टीमें मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन जैसी चीजों से निपटने के लिए 24 घंटे निगरानी कर रही हैं। निर्वाचन आयोग ने चुनाव को सहभागिता के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तथा प्रलोभन मुक्त रखने और इसके लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है।

आप अपना वोट डालें और चुनाव का पर्व, देश का गर्व के उत्सव में भाग लें : राजीव कुमार,मुख्य निर्वाचन आयुक्त

सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान

मतदान सुबह सात बजे से शुरू होगा व शाम 6 बजे खत्म हो जाएगा। पहले चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की 8, उत्तराखंड की सभी पांच, अरुणाचल प्रदेश की दो, बिहार की चार, छत्तीसगढ़ की एक, असम की चार, मध्य प्रदेश की 6, महाराष्ट्र की पांच, मणिपुर की दो, मेघालय की दो, मिजोरम त्रिपुरा की एक-एक और पश्चिम बंगाल की तीन सीटों पर मतदान होगा। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर, अंडमान निकोबार, लक्षद्वीप और पुदुचेरी की एक-एक सीट पर भी मतदान होगा।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की अधिसूचना जारी

निर्वाचन आयोग ने लोस चुनाव के चौथे चरण के लिए गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी। इस चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को मतदान होगा। अधिसूचना के अनुसार उम्मीदवार 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। इस बीच, लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का शुक्रवार को अंतिम दिन होगा। इस चरण में 7 मई को 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 94 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। आयोग के अनुसार शुक्रवार को पहले चरण के मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं।

ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की सूची जारी

- चार उम्मीदवारों का ऐलान
- अब तक 147 में से 123 सीटों के लिए उम्मीदवार किए घोषित
- झामुमो व सीपीआई एम के लिए दो सीटें छोड़ी

भुवनेश्वर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने आगामी ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने देबेंद्र कुमार साहू को महांगा से, मनोज रथ को सत्यबाड़ी, प्रकाश चंद्र जेना को भुवनेश्वर-मध्य और अशोक कुमार दास को भुवनेश्वर-उत्तर से चुनाव मैदान में उतारा है।

कांग्रेस ने अब तक 147 में से 123 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने झामुमो और सीपीआई (एम) के लिए दो सीटें छोड़ी हैं। इसके अलावा सत्तारूढ़ बीजद ने अब तक 126 सीटों के लिए और भाजपा ने 112 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। ओडिशा में 13 मई से विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। वहीं दूसरी ओर निर्वाचन आयोग द्वारा गुरुवार को राजपत्रित अधिसूचना जारी होने के साथ ही ओडिशा में पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन शुरू हो गया, जिसमें लोकसभा के चार और 28 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। ओडिशा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य में पहले चरण (देश में चौथे चरण) में जिन चार लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा उनमें नबरंगपुर, कालाहांडी, कोरापुट और बरहामपुर शामिल हैं। इन चार लोकसभा सीटों के अलावा, 28 विधानसभा सीटों (प्रत्येक लोकसभा सीट में 7 विधानसभा सीटें) के लिए भी 13 मई को मतदान होगा। लोकसभा की 4 और विधानसभा की 28 सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का काम शुरू हो गया है और यह 25 अप्रैल को पूरा होगा। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है।

केरल में राहुल गांधी का भाजपा पर हमला, कहा

न भर्तियां, न रोजगार, हर पेपर लीक है

कन्नूर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के कन्नूर में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि न भर्तियां, न रोजगार, हर पेपर लीक है। कुछ भी नहीं ठीक है क्योंकि देश का प्रधानमंत्री वीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और यूडीएफ देश की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम विभिन्न भाषाओं, अनगिनत परंपराओं, अलग-अलग इतिहासों और सबकी अलग-अलग अभिव्यक्तियों को स्वीकार करते हैं। भारतीय जनता पार्टी देश में एक इतिहास, एक राष्ट्र और एक भाषा को थोपना चाहती है। उदाहरण के लिए, अगर आप केरल से मलयालम को हटा दें, तो एक मां अपने बच्चे को इस महान भूमि का इतिहास कैसे समझाएगी हम इसी की रक्षा कर रहे हैं।

देश में एक इतिहास, एक राष्ट्र व एक भाषा को थोपना चाहती है भाजपा : राहुल गांधी

देश को बांटने का काम करती है भाजपा

राहुल ने कहा कि भाजपा को जहां मौका मिलता है व देश को बांटने का काम करती है। उन्होंने कहा कि मोदी अपने भाषण में वन नेशन, वन लैंग्वेज और वन रिलिजन की बात करते हैं. इस पर मुझे आश्चर्य होता है कि आखिर वो कैसे ऐसा कह सकते हैं। सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि पीएम की वन नेशन, वन लैंग्वेज और वन रिलिजन की सोच हैरान करती है। आखिर आप तमिल के लोगों से कैसे कह सकते हैं कि आप तमिल मत बोलिए। बंगाल के लोगों से कैसे कह सकते हैं कि बंगाली मत बोलो।

कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए एक वीडियो जारी किया और कहा की कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ तथा कांग्रेस का असली डीएनए हैं। गांधी ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के एक दिन पहले जारी एक वीडियो संदेश में कहा मेरे प्यारे कार्यकर्ता साथियों आप हमारी पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं।

चुनावी प्रक्रिया में पवित्रता जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

ईवीएम-वीवीपैट वेरिफिकेशन मामले पर सुनवाई पूरी, फैसला रखा सुरक्षित

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने सौ फीसदी ईवीएम-वीवीपीएटी सत्यापन की मांग वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने एडीआर समेत अन्य वकीलों और चुनाव आयोग की पांच घंटे दलीलें सुनी। जस्टिस संजीव खन्ना व जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह एक चुनावी प्रक्रिया है। इसमें पवित्रता होनी चाहिए। किसी को भी यह आशंका नहीं होनी चाहिए कि कुछ ऐसा किया जा रहा है, जिसकी अपेक्षा नहीं की जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव प्रकिया की अपनी गरिमा होती है किसी को ये आशंका नहीं रहनी चाहिए कि इसके लिए जो जरूरी कदम उठाए जाने थे, वो नहीं उठाए गए। उन्होंने कहा कि हर चीज पर संदेह नहीं किया जा सकता और याचिकाकर्ताओं को ईवीएम के हर पहलू के बारे में आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग से वर्तमान व्यवस्था में उम्मीदवारों के प्रतिनिधि के शामिल होने, छेड़छाड़ रोकने सहित तमाम चुनावी प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों से संबंधित तमाम आशंकाओं को दूर करने को कहा।

ईवीएम-वीवीपैट संबंधी आशंकाएं दूर करे चुनाव आयोग

याचिकाकर्ताओं को ईवीएम के हर पहलू के बारे में आलोचनात्मक होने की जरूरत नहीं है : सुप्रीम कोर्ट

याचिकाकर्ताओं की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण, गोपाल शंकरनारायण और संजय हेगड़े ने पैरवी की। प्रशांत भूषण एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की तरफ से पेश हुए। वहीं चुनाव आयोग की ओर से एडवोकेट मनिंदर सिंह और केंद्र सरकार की ओर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता मौजूद थे।

ईवीएम से छेड़छाड़ करना संभव नहीं : चुनाव आयोग

निर्वाचन आयोग के वकील ने अदालत में फिर दोहराया कि ईवीएम स्टैंडअलोन मशीनें हैं। हैक या छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। वीवीपीएट को दोबारा डिजाइन करने की जरूरत नहीं है। मैन्युअल गणना में मानवीय त्रुटि से इंकार नहीं किया जा सकता है। मौजूदा व्यवस्था में मानवीय भागीदारी न्यूनतम हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से पूछा क्या यह संभव हो सकता है कि बारकोड की व्यवस्था की जाए। चुनाव आयोग ने कहा कि यह संभव नहीं है।

वकील प्रशांत भूषण को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

सुप्रीम कोर्ट ने एडीआर के वकील प्रशांत भूषण को कड़ी फटकार लगाई और कहा हमें भी आपकी आशंकाओं पर चिंता है। यही वजह है कि हम सुनवाई कर रहे हैं, लेकिन आप बेसिर-पैर के आरोप नहीं लगाएं, जो आधारहीन हों। मनिंदर सिंह ने कहा कि धारा 61 ए भी देखें।

उत्तर भारत में फिर बदलेगा मौसम का मिजाज

दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में भारी बारिश के आसार

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अगले चार दिनों तक उत्तर भारत समेत पश्चिमी उत्तर भारत के हिस्से में मौसम तेजी से बदलने वाला है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक एक बार फिर से उत्तर भारत में मौसम करवट बदलने वाला है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक गुरुवार से लेकर सोमवार तक दिल्ली और एनसीआर समेत कई राज्यों में हल्की-फुल्की बारिश से लेकर भारी बारिश का अनुमान लगाया गया है। जबकि पहाड़ी हिस्सों पर बर्फबारी का भी अनुमान है। इस दौरान 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक आलोक यादव कहते हैं कि बीती रात से ईरान और उसके आसपास के इलाकों समेत अफगानिस्तान के कई हिस्सों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनना शुरू हुआ है। इसके चलते चक्रवाती हवाओं का असर तेजी से पाकिस्तान होते हुए पश्चिमी उत्तर भारत पर पड़ने वाला है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक सोमवार तक इसका असर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश समेत उत्तराखंड पर पड़ने वाला है। इसमें शुक्रवार को उत्तराखंड में मौसम बिगड़ने के भी हालात बने हैं। जबकि चार दिनों तक उत्तर भारत के तकरीबन सभी राज्यों में मौसम बदला हुआ रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्तर भारत के अलावा नॉर्थ-ईस्ट की हिमालयन रेंज पर भी पड़ने वाला है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड समेत मिजोरम और त्रिपुरा में भी बदले हुए मौसम का असर दिखेगा। इस दौरान इस इलाके में तेज हवाओं के साथ बारिश और ऊंची जगह पर बर्फबारी का अनुमान लगाया गया है। मौसम वैज्ञानिक आलोक यादव कहते हैं, जिस तरीके से उत्तर भारत में मौसम बदलने वाला है, उससे तापमान में कोई खास परिवर्तन नहीं दिखेगा। मौसम की बदली परिस्थितियों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊपरी हिस्सों में तेज बारिश के साथ बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है।



निर्भय क्रूज मिसाइल का सफल परीक्षण

- इसमें देश में बना मानिक टर्बोफन इंजन
- तीन सौ किलो हथियार ले जाने की है क्षमता

भुवनेश्वर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने गुरुवार को लंबी दूरी की निर्भय क्रूज मिसाइल का ओडिशा के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज चांदीपुर में सफल परीक्षण किया। इंडिजिनियस टेक्नॉलजी क्रूज मिसाइल में भारत में बना मानिक टर्बोफन इंजन लगा हुआ है। तीन सौ किलो हथियार ले जाने की है क्षमता। परीक्षण के दौरान रेंज सेंसर, इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलिमेट्री की के जरिए मिसाइल की ट्रैकिंग की गई। मिसाइल को बेंगलुरु में मौजूद डीआरडीओ की लैब एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने स्वदेशी तकनीक से विकसित किया है।

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ को दी बधाई

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीसीएम के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इंडिजिनियस प्रोपल्शन सिस्टम से लैस स्वदेशी लंबी दूरी की सबसोनिक क्रूज मिसाइल का सफल विकास भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर है।

ईडी से राज कुंद्रा व शिल्पा शेट्टी को लगा बड़ा झटका

मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा के बार फिर मुसीबत में फंस गए हैं। राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी का जुहू स्थित फ्लैट समेत उनकी करीब 98 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त कर ली है। ईडी ने बताया कि प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा की 97.79 करोड़ रुपए की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है।



मनी लॉन्ड्रिंग मामले में करोड़ों की संपत्ति जब्त

रिपोर्ट | *लोकसभा व विधानसभा चुनावों में तेजी से बड़ी महिलाओं की संख्या*

85.3 लाख महिलाएं पहली बार करेंगी मतदान

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिला मतदाताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस बार के चुनाव में कुल मतदाताओं की संख्या 96.8 करोड़ है। कुल 68 करोड़ लोग मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें 33 करोड़ यानी 49 फीसदी महिला मतदाता होंगी।

85.3 लाख महिलाएं पहली बार मतदान करेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2047 तक (2049 में संभावित चुनाव) महिला मतदाताओं की संख्या बढ़कर 55 फीसदी (50.6 करोड़) जबकि पुरुषों की संख्या घटकर 45 फीसदी (41.4 करोड़) हो जाएगी।

इस दौरान कुल 115 करोड़ मतदाता होंगे। इनमें 80 फीसदी लोग यानी 92 करोड़ मतदान कर सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक की रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले पांच वर्षों में जिन 23 बड़े राज्यों में चुनाव हुए हैं, उनमें से 18 राज्यों में पुरुषों से ज्यादा महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इन 18 में से 10 राज्यों में दोबारा वही सरकार आई, जो पहले से थी। देश की राजनीति में गेम चेंजर साबित होने वाली महिला मतदाता 2029 के चुनाव में पुरुषों से ज्यादा मतदान करेंगी। मताधिकार का इस्तेमाल करने वाले कुल 73 करोड़ मतदाताओं में 37 करोड़ महिलाएं ही होंगी। 17वीं लोकसभा में कुल सांसदों में केवल 15 फीसदी सांसद महिलाएं थीं। पहली लोकसभा में यह संख्या 5 फीसदी थी। सरकार की तमाम योजनाओं में महिला लाभार्थी आगे हैं।

2049 में पुरुषों से आगे निकल जाएंगीं महिला मतदाता

बढ़ रही महिला मतदाताओं की संख्या (आंकड़े करोड़ में)

	2014	2019	2024
कुल मतदाता	83.4	89.6	96.8
महिला वोटर	39.7	43.1	47.1
पुरुष वोटर	43.7	46.5	49.7
पहली बार	2.3	1.5	1.8

देश

उवाच

वायनाड में मुस्लिम लीग का झंडा थामकर राहुल गांधी ने हिंदू विरोधी भावनाओं को भड़काया। वायनाड में नामांकन के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के झंडे के बजाय मुस्लिम लीग का झंडा थाम लिया था:-
प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला और खान मंत्री

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	39.2	20.9
मुंबई	34.4	27.6
कोलकाता	39.6	29.2
चेन्नई	33.0	29.0

सिद्दारमैया का दावा, कांग्रेस कर्नाटक में 20 लोकसभा सीटें जीतेगी

बेंगलुरु, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को दावा किया कि कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में 20 सीटों पर जीत का परचम लहराएगी। संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लेकर मतदाताओं की प्रतिक्रिया अब तक बहुत सकारात्मक रही है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पर बी.वाई. विजयेंद्र की इस टिप्पणी पर कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की गारंटी बंद हो जाएगी, मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या नेता भविष्यवक्ता हैं।

उन्होंने आश्वासन दिया कि हम कर्नाटक में अपना कार्यकाल पूरा करके रहेंगे। हम अगली बार भी सत्ता में आएंगे। बिना किसी कारण के मेरी सरकार द्वारा शुरू की गई गारंटी बंद नहीं की जाएगी।

सिद्दारमैया ने गारंटी योजनाओं को जारी रखने का लिया संकल्प

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा की आलोचनाओं को खारिज करते हुए अपनी सरकार की ओर से शुरू की गई गारंटी योजनाओं को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। गारंटी योजनाओं को 'अस्थायी' बताने वाली श्री विजयेंद्र की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, श्री सिद्दारमैया ने कहा, 'गारंटी योजनाएं जारी रहेंगी और इसके लिए हमने बजट में 52,000 करोड़ रुपये अलग रखे हैं। मैंने इन योजनाओं के प्रति सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता, उनके निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने पर जोर दिया है।' गारंटी योजनाओं पर मुख्यमंत्री का कड़ा रुख कर्नाटक में लोकसभा चुनाव से पहले चल रहे राजनीतिक प्रचार के बीच आया है।

> लोकसभा चुनाव में 20 सीटों पर जीत का परचम लहराएगी, उन्होंने आश्वासन दिया कि हम कर्नाटक में अपना कार्यकाल पूरा करके रहेंगे। हम अगली बार भी सत्ता में आएंगे। बिना किसी कारण के मेरी सरकार द्वारा शुरू की गई गारंटी बंद नहीं की जाएगी:- **सिद्दारमैया, मुख्यमंत्री कर्नाटक**

श्री विजयेंद्र की टिप्पणियों पर कटाक्ष करते हुए श्री सिद्दारमैया ने ऐसे दावों के आधार पर सवाल उठाया और कहा, 'अस्थायी से उनका क्या मतलब है? क्या वह भविष्यवक्ता हैं? श्री सिद्दारमैया ने कांग्रेस पार्टी के सत्ता में लंबे समय तक टिके रहने का भरोसा जताते हुए घोषणा की, कर्नाटक में हम इस कार्यकाल के अंत तक सत्ता में बने रहेंगे और अगले कार्यकाल के लिए भी वापसी करेंगे। हम किसी भी कारण से गारंटी योजनाओं को बंद नहीं करेंगे। श्री सिद्दारमैया सरकार द्वारा शुरू की गई गारंटी योजनाओं का उद्देश्य आबादी के विभिन्न वर्गों को वित्तीय सुरक्षा और लाभ प्रदान करना है। बजट में 52,000 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ, सरकार लोगों के कल्याण के लिए इन योजनाओं की स्थिरता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करना चाहती है। इससे पहले वर्ष 2019 के संसदीय चुनाव में, कांग्रेस और उसके तत्कालीन गठबंधन सहयोगी जनतादल (सेक्युलर) ने सिर्फ एक-एक सीट जीती थी, जबकि भाजपा ने 28 में से 25 सीटें हासिल की थीं।

पूर्व सांसद बुलो मंडल राजद छोड़कर जदयू में हुए शामिल, नीतीश ने किया स्वागत

पटना, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने गुरुवार को राजद छोड़कर जदयू की सदस्यता ग्रहण कर ली।

जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक समारोह में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मंत्री विजय कुमार चौधरी और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंडल को जदयू की सदस्यता दिलायी। उनके साथ उनके कई समर्थकों ने भी जदयू की सदस्यता ग्रहण की। मंडल के जदयू में आने का मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भी स्वागत किया। जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मंडल ने कहा कि राजद अब वह राजद नहीं रही, जहां सामाजिक न्याय की बात की जाती थी। राजद अब बदल चुकी है। राजद को अब पुराने लोगों की जरूरत नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। राजद में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है जबकि जदयू में सबकी बातें सुनी जाती है। मंडल का स्वागत करते हुए जदयू नेता ललन सिंह ने उन्हें जमीनी नेता बताया। उन्होंने कहा कि इनके आने से पार्टी और मजबूत होगी।

लालू यादव का प्रधानमंत्री पर बड़ा हमला, कहा

अब मोदी की बातों का कोई मतलब नहीं, मोदी की गारंटी माइक हटते ही खत्म हो जाती है: लालू यादव

पटना, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव इन दिनों सोशल मीडिया पर एक्टिव हो गये हैं। वह एक के बाद एक पोस्ट कर रहे हैं। लालू प्रसाद यादव ने अपना एक और पोस्ट एक्स पर डाला है। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी के दस साल के काम को बताने का प्रयास किया है। लालू प्रसाद ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा है कि अब मोदी की बातों का कोई मतलब नहीं है। मोदी की गारंटी मंच पर रखे उस माइक से शुरू होती है और माइक हटते ही खत्म हो जाती है। लालू आगे लिखते हैं कि मोदी के भाषण में उनकी गारंटी की कोई गारंटी नहीं होती। देश की 140 करोड़ जनता गवाह है कि देश में मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में देश के सामने 10 करोड़ झूठ परोसा है। पिछले 10 साल में देश को 10 करोड़ जुमले दिए हैं। पिछले 10 साल में देश को 10 करोड़ छल परोसा गया है। पिछले 10 साल में देश को 10 करोड़ फ़रेब परोसा गया है। पिछले 10 साल में देश को 10 करोड़ धोखा परोसा गया है।

> मोदी के भाषण में उनकी गारंटी की कोई गारंटी नहीं होती। देश की 140 करोड़ जनता गवाह है कि देश में मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में देश के सामने 10 करोड़ झूठ परोसा है:-**लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो**

पिछले 10 साल में देश को 10 करोड़ प्रपंच परोसा गया है। पिछले 10 साल में देश को 10 करोड़ नाटक परोसा है मोदी ने। पिछले 10 साल में देश को 10 करोड़ ड्रामा परोसा गया है। इससे पहले लालू ने एक्स पर लिखा कि अब बिहार में तेजस्वी के बिना कुछ भी संभव नहीं। मोदी ने तो देश को बर्बाद कर दिया है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद कल 17 अप्रैल को पहली बार छपरा पहुंचे थे। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और सारण की राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य भी साथ में छपरा पहुंची थी। इस दौरान लालू ने छपरा में नवनिर्मित राजद कार्यालय का उद्घाटन किया और कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया था। तब भी लालू के निशाने पर नरेंद्र मोदी और राजीव प्रताप रूडी ही थे।

सार संक्षेप

केसीआर के भतीजे के खिलाफ एक और केस दर्ज

हैदराबाद। हैदराबाद पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के भतीजे कल्वाकुंतला तेजेश्वर राव उर्फ ??कन्ना राव के खिलाफ एक और मामला दर्ज किया है। इससे पहले बीते दिनों उन्हें जमीन हड़पने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक सॉफ्टवेयर कर्मचारी की शिकायत पर व्यवसायी कन्ना राव और पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सॉफ्टवेयर कर्मचारी ने शिकायत की थी कि आरोपियों ने उन्हें एक गेस्ट हाउस में बंद कर दिया और उसके साथ मारपीट की। विजय वर्धन राव ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 2018 में एक रिश्तेदार के साथ भूमि विवाद को सुलझाने में मदद के लिए कन्ना राव से संपर्क किया था। बिंदु माधुरी उर्फ नंदिनी से यह जानने पर कि सॉफ्टवेयर कर्मचारी के पास नकदी और सोना है, कन्ना राव, नंदिनी और अन्य ने उसे एक गेस्ट हाउस में अवैध रूप से हिरासत में लिया। उसने आरोप लगाया कि उन्होंने उससे नकदी और सोना लूट लिया।

21 हजार करोड़ का हो रहा डिफेंस एक्सपोर्ट: राजनाथ सिंह

केरल। केरल के मावेलिक्करा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में पहले तोप, गोले-मिसाइल, टैंक सबकुछ हम इम्पोर्ट करते थे। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें हर मामले में आत्मनिर्भर बनना है। आज हम 21,000 करोड़ के डिफेंस उपकरणों का आयात दूसरे देशों को कर रहे हैं।

ईडी ने सोरेन के जमीन खरीद से जुड़े मामले में चार और को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में बरियातू जमीन सौदे से संबंधित एक धन शोधन के मामले की जांच कर रही केंद्रीय एजेंसी (ईडी) ने छापे मार कर चार आरोपित व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जमीन अधिग्रहण में कालीकमाई खपाने के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कुछ एक अधिकारी जुड़े हैं। ईडी की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में उसकी हाल की कार्रवाई में गिरफ्तार व्यक्तियों के नाम प्रिय रंजन सहाय, इरशाद अख्तर, अंतु तिर्की और बिपिन सिंह बताए गए हैं। इसके अलावा असरफ अली नाम के एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है जिसे विशेष ईडी अदालत ने 22 अप्रैल तक हिरात में रखने की मंजूरी दी है। इससे पहले सद्दाम हुसैन नाम का एक और आरोपी भी 20 अप्रैल तक ईडी की हिरासत में है। उल्लेखनीय है कि यह पूरा मामला पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा रांची के बरियातू में अधिग्रहित की गयी 8.8 एकड़ जमीन से जुड़ा है।

केरल में मॉक पोल के दौरान भाजपा को मिले अतिरिक्त वोट, सुप्रीम कोर्ट ने दिए जांच के आदेश

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को चुनाव आयोग से केरल के कासरगोड में मॉक पोलिंग के दौरान ईवीएम में खराबी और भाजपा के पक्ष में गलत तरीके से वोट दर्ज करने के आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने चुनाव आयोग का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह से वकील प्रशांत भूषण द्वारा उठाए गए मुद्दे पर गौर करने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम के माध्यम से डाले गए प्रत्येक वोट का वोटर-वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों से मिलान करने के लिए चुनाव निकाय को निर्देश देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

पर्चियों से मिलान करने के लिए चुनाव निकाय को निर्देश देने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई

सुनवाई के दौरान वकील प्रशांत भूषण ने मंगलवार को प्रकाशित एक समाचार लेख की ओर अदालत का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें केरल में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवारों के एजेंटों ने आरोप लगाया कि मतदान के लिए मशीनों के चालू होने के दौरान भाजपा को अतिरिक्त वोट मिल रहे थे। इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के वकील से कहा, 'मनिंदर सिंह, कृपया इसकी जांच करें।'

सुप्रीम कोर्ट ने उन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की, जिसमें चुनाव आयोग को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच बेतरतीब ढंग से चुने गए मतदान केंद्रों की वीवीपैट पर्चियों की गिनती की मौजूदा प्रथा के विपरीत, वीवीपैट के साथ ईवीएम में डाले गए वोटों को अनिवार्य रूप से सत्यापित करने का आदेश देने की मांग की गई।

तेजस्वी यादव की चुनावी सभा में चिराग पासवान को गाली देने का मामला पहुंचा चुनाव आयोग

पटना, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। तेजस्वी यादव की चुनावी सभा में लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग़ पासवान को भद्दी-भद्दी गालियां देने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। एनडीए का प्रतिनिधिमंडल आज चुनाव आयोग पहुँच गया। एनडीए नेताओं ने तेजस्वी यादव और उनके समर्थकों पर सख़्त कार्रवाई की माँग की है। वहीं, बीजेपी के साथ-साथ अन्य पार्टियों ने भी तेजस्वी पर हमला बोल दिया है। बता दें कि तेजस्वी यादव की एक चुनावी सभा का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें दिख रहा है कि मंच के नीचे मौजूद आरजेडी समर्थक चिराग़ पासवान को बेहद भद्दी गालियां दे रहे हैं। मंच पर तेजस्वी के अलावा जयप्रकाश यादव और दूसरे बड़े नेता भी मौजूद हैं। इसी मामले ने तूल अब पकड़ लिया है। गुरुवार को एनडीए नेता चुनाव आयोग पहुंच गये। एनडीए नेताओं ने पटना में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को ज्ञापन देकर इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। एनडीए नेताओं ने कहा कि यह मामला न सिर्फ़ आचार संहिता के उल्लंघन का है बल्कि गंभीर आपराधिक भी है। दलित तबके से आने वाले एक नेता को सरेआम जातिसूचक गालियाँ दी गयी हैं। चुनाव आयोग न सिर्फ़ अपने स्तर पर कार्रवाई करे बल्कि अनुसूचित जाति-जनजाति उत्पीडन क़ानून के तहत मुक़दमा भी दर्ज कराए।

पूर्व विधायक उषा विद्यार्थी के नेतृत्व में चुनाव आयोग में शिकायत करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आरजेडी का असली चेहरा सामने आ रहा है। ये सभी सत्ता से बाहर हैं तो इस तरह की हरकत कर रहे हैं। अगर इन्हें सत्ता मिल गयी तो दलितों, पिछड़ों और ग़रीबों का जीना मुश्किल हो जायेगा। ऐसे में चुनाव आयोग को सख़्त कार्रवाई करनी चाहिए। उधर, एनडीए नेताओं ने तेजस्वी और आरजेडी पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राजद के नेता बेलगाम हो गये हैं। ऐसी घटनाएँ लालू-तेजस्वी की शह पर हो रही हैं। अगर तेजस्वी को इस गाली-गलौज से आपत्ति थी तो उन्होंने अपने लोगों को क्यों नहीं रोका। वहीं, पूर्व सीएम जीतनराम माँझी ने कहा कि तेजस्वी और राजद नेता दलितों की आबरु से खिलवाड़ कर रहे हैं। चुनावी सभा में चिराग़ पासवान की माँ को गालियाँ दी जा रही है। इस मामले में सख़्त कार्रवाई होनी चाहिए।

वही इस पूरे मामले को लेकर पशुपति कुमार पारस ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बड़ी मांग कर दी है। सोशल मीडिया एक्स के जरिए उन्होंने असामाजिक तत्वों के खिलाफ केस दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पारस ने कहा कि इस प्रकार की भाषा माफी योग्य नहीं है।

चुनाव आयोग मोदी के खिलाफ माकपा की शिकायत पर नहीं कर रहा कार्रवाई: येचुरी

कोझिकोड़, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा है कि चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कथित रुप से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन करने वाले बयानों के खिलाफ दर्ज शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की है। श्री येचुरी ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों का उद्देश्य साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण को तेज करना है और यह भाषण में स्पष्ट सुनायी दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में दो दिन पहले माकपा ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बुधवार से 'दूरदर्शन लोगो' को भगवा रंग में बदलने के केंद्र सरकार के कदम की भी आलोचना की। उन्होंने भाजपा सरकार पर भारतीय झंडे का रंग बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। माकपा महासचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में माओवादी समस्या एक राजनीतिक मुद्दा है और उनकी विकास समस्याओं को राजनीतिक रूप से हल किया जाना चाहिए।

रामनवमी पर मुर्शिदाबाद में हुई झड़प के लिए ममता ने चुनाव आयोग को ठहराया जिम्मेदार

कोलकाता, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद में रामनवमी जुलूस के दौरान बुधवार शाम को हुई झड़पों की छिटपुट घटनाओं के लिए चुनाव आयोग (ईसी) को जिम्मेदार ठहराया। झड़प में कथित तौर पर कुछ लोग घायल हो गए। सीएम ममता बनर्जी ने गुरुवार को उत्तरी दिनाजपुर जिले के रायगंज में एक चुनावी रैली में कहा, 'चुनाव आयोग ने रामनवमी उत्सव से ठीक पहले मुर्शिदाबाद रेंज के उप महानिरीक्षक को बदल दिया। ऐसा करने का कारण क्या था। वे पूरे जिले से भली-भांति परिचित थे। उन्हें बदलने का कोई औचित्य नहीं था। यह बहुत संवेदनशील राज्य है। हमें यहां चीजों को नियंत्रण में रखने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है।'

सीएम ममता बनर्जी ने आगे कहा कि बुधवार शाम को हुई झड़प में जिला पुलिस के कुछ अधिकारी भी घायल हुए हैं। सीएम ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वे पहले किसी क्षेत्र में समस्याएं पैदा करेंगे और फिर इसके लिए तृणमूल कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए उसके खिलाफ शिकायत करेंगे। उधर, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को जानकारी दी कि उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंदा बोस को एक पत्र लिखा है। उनसे इस मामले को आयोग के सामने उठाने का अनुरोध किया था ताकि आयोग पिछले कुछ दिनों के दौरान अपने भाषणों के माध्यम से रामनवमी जुलूस पर तनाव भड़काने के लिए मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्रवाई कर सके।

> 'चुनाव आयोग ने रामनवमी उत्सव से ठीक पहले मुर्शिदाबाद रेंज के उप महानिरीक्षक को बदल दिया। ऐसा करने का कारण क्या था। वे पूरे जिले से भली-भांति परिचित थे। उन्हें बदलने का कोई औचित्य नहीं था : **ममता**

तृणमूल ने बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत

तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई। उन पर राज्य में तीन लोकसभा क्षेत्रों के लिए पहले चरण के मतदान में हस्तक्षेप करने और प्रभावित करने की कोशिश का आरोप लगाया। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को खबर आई थी कि शुक्रवार को मतदान वाले तीन लोकसभा क्षेत्रों में से एक कूचबिहार में राज्यपाल डेरा डालेंगे।

महबूबा मुफ्ती ने अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से भरा पर्चा

श्रीनगर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को अनंतनाग-राजौरी लोकसभा क्षेत्र के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। पीडीपी के वरिष्ठ नेताओं और बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ, उन्होंने जिला विकास आयुक्त, अनंतनाग के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया, जो निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी हैं। इससे पहले गुरुवार को वरिष्ठ एनसी नेता मियां अल्ताफ अहमद ने इस निर्वाचन क्षेत्र के लिए पर्चा दाखिल किया था, जबकि डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने अब घोषणा की है कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी ने जफर इकबाल मन्हास को निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारने का फैसला किया है। भाजपा ने अभी तक कश्मीर घाटी की तीन लोकसभा सीटों में से किसी के लिए भी अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। कांग्रेस घाटी में एनसी उम्मीदवारों का समर्थन कर रही है और एनसी जम्मू संभाग की 2 लोकसभा सीटों पर उसे समर्थन का समर्थन मिल रहा है। अनंतनाग-राजौरी जम्मू-कश्मीर का एकमात्र लोकसभा क्षेत्र है, जिसमें कश्मीर घाटी और जम्मू संभाग दोनों में मतदान क्षेत्र हैं। इसमें घाटी में अनंतनाग और कुलगाम और जम्मू संभाग में पुंछ और राजौरी जिले शामिल हैं। 7 मई को होने वाले मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की शुक्रवार को आखिरी तारीख है।

चुनाव *यह चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन की बड़ी परीक्षा*

सांसद बनने का सपना पूरा करेंगे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी!

गया, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के गया संसदीय क्षेत्र के मतदाता शुक्रवार को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकसभा में इस क्षेत्र का नेतृत्व करने वाले जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। इस चुनाव में सबसे बड़ी परीक्षा पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या मांझी सांसद बनने का अपना सपना पूरा कर पाएंगे।

वैसे, पिछले पांच चुनावों से इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किसी न किसी दल के 'मांझी' ही करते रहे हैं। लेकिन, जीतन राम मांझी को अब तक यह सौभाग्य नहीं मिला। इस चुनाव में एनडीए में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के खाते में गई इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी फिर से चुनावी मैदान में ताल ठोक रहे हैं। मांझी इससे पहले तीन चुनाव में भाग्य आजमा चुके हैं, लेकिन मतदाताओं की पसंद नहीं बन पाए। इस चुनाव में मांझी दावा करते हैं कि इस बार उनकी जीत तय है। उन्होंने कहा कि गया ही नहीं देश की जनता ने इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को '400 पार' कराने का निर्णय ले लिया है। छह विधानसभा वाले इस लोकसभा क्षेत्र से कुल 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। लेकिन, मुख्य मुकाबला मांझी और महागठबंधन की ओर से राजद नेता और बिहार के मंत्री रहे कुमार सर्वजीत के बीच माना जा रहा है।

- गया से जीतन राम मांझी चुनावी मैदान में ताल ठोकी
- मांझी इससे पहले तीन चुनाव में आजमा चुके हैं भाग्य

18.16 लाख मतदाता वाले इस क्षेत्र में चुनाव को लेकर उत्साह है। जीतन राम मांझी नौकरी छोड़कर राजनीति में आए और पहली बार वर्ष 1980 में विधायक बने। जीतन राम मांझी ने सांसद बनने के लिए गया संसदीय क्षेत्र से अपना पहला चुनाव 1991 में कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था और हार गए थे। इसके बाद 2014 में उन्होंने जदयू उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ा। लेकिन, यहां भी उन्हें सफलता नहीं मिली और तीसरे नंबर पर रहे। हालांकि, लोकसभा चुनाव लड़ने के बावजूद जीतन राम मांझी बिहार के मुख्यमंत्री बन गए थे। वर्ष 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में जीतन राम मांझी फिर से चुनावी मैदान में उतरे। इस चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी के तौर पर जदयू नेता विजय मांझी ने उन्हें हराया। शेरघाटी, बोधगया, बाराचट्टी, गया, बेलागंज और वजीरगंज विधानसभा वाले गया लोकसभा क्षेत्र का चुनाव परिणाम जातीय समीकरण तय करते रहे हैं।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गधे के सामने एक दारू की और एक पानी की बाल्टी रख दी। गधा पानी पी गया। टीचर स्टूडेंट से : तुमने इससे क्या सीखा ?

स्टूडेंट्स : जो दारू नहीं पीता वो गधा होता है।

मेयर और डिप्टी मेयर के लिए महेश कुमार व रविंद्र भारद्वाज ने दाखिल किया नामांकन

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के मेयर व डिप्टी मेयर पद के चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी ने महेश खींची को मेयर व रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। अब महेश कुमार खिच्ची और रविंद्र भारद्वाज ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान सौरभ भारद्वाज और दिल्ली की मंत्री आतिशी मौजूद रही।

इससे पहले आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा था कि इस साल आम आदमी पार्टी की तरफ से मेयर पद के उम्मीदवार 45 वर्षीय महेश खींची होंगे। महेश कुमार करोलबाग विधानसभा क्षेत्र के अंदतर्गत देवनगर वार्ड संख्या 84 से पार्षद हैं। वह वार्ड में काफी लंबे समय से सक्रिय हैं। दिल्ली के साथ-साथ पार्टी के लिए महेश खींची उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में चुनावी प्रचार में शामिल हुए। पिछले एक साल के काम को देखते हुए पार्टी ने उन्हें मेयर पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया गया। महेश दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम किया हुआ है। वहीं, एमसीडी में डिप्टी मेयर के लिए 35 वर्षीय रविंद्र भारद्वाज को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। रविंद्र आंदोलन के समय से पार्टी से जुड़े हैं। किराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अमन विहार वार्ड संख्या 41 से वर्तमान में दूसरी बार पार्षद हैं। नगर निगम की कई कमेटी में सदस्य भी रहे हैं।

एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 15 साल तक एमसीडी में भाजपा का शासन था। हर पोलिसी के अंदर भ्रष्टाचार नजर आता था। लोग कूड़ा हटवाने के लिए चक्कर लगाते थे। 15 साल की गंदगी साफ करने में समय लगता है। कर्मचारियों को पहले वेतन नहीं मिलता था। एक साल में बहुत कुछ बदला है। अब एमसीडी से अच्छी खबरें आती हैं। अब समय से वेतन मिलता है। एक लाख से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया गया। कहीं कूड़ा है तो शिकायत के दो घंटे में साफ हो जाते हैं। अब नई पालिसी आ रही हैं। सड़कें बनाई गईं। ड्रेनेज साफ हो रहे हैं। मात्र एक साल में एमसीडी के बजट एक हजार करोड़ के मुनाफे का पेश किया। अरविंद केजरीवाल लगातार एक एक चीज पर नजर रखते थे। अभी कूड़े के पहाड़ खत्म करने समेत अन्य कई काम करने हैं।

बीजेपी की तरफ से मेयर और डिप्टी मेयर के लिए कृष्ण लाल व नीता बिष्ट ने भरा नामांकन पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की तरफ से महापौर और उप महापौर के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन भर दिया है। वहीं, बीजेपी ने भी महापौर और उप महापौर के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। बीजेपी की तरफ से महापौर के लिए वार्ड नंबर 62 शकूरपुर से कृष्ण लाल को प्रत्याशी बनाया है। जबकि, उप महापौर पद के लिए नीता बिष्ट को प्रत्याशी बनाया है। दोनों ही उम्मीदवारों ने आज अपना नामांकन भर दिया है। नामांकन भरने के बाद महापौर पद के लिए प्रत्याशी कृष्ण लाल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है।

पूरी उम्मीद है कि इस बार निगम में बीजेपी का महापौर और उप महापौर और चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं शकुरपुर के वार्ड से चुना गया हूं। मेरे साथ डिप्टी मेयर के लिए नीता बिष्ट ने नामांकन भरा है। इस बार भारतीय जनता पार्टी की जीत निश्चित है। वहीं, नीता बिष्ट का कहना है कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वच्छता को लेकर हमारे विशेष मुद्दे रहेंगे।

वहीं, दिल्ली के पूर्व उप महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि इस बार दिल्ली बीजेपी का नगर निगम में मेयर बनने जा रहा है, क्योंकि आम आदमी पार्टी ने पिछले डेढ़ साल से कोई निगम में काम नहीं किया है। जनता त्रस्त है। जनता को साफ सफाई चाहिए, लेकिन आम आदमी पार्टी के पार्षद खुद पार्टी से नाराज है। इस बार बीजेपी का मेयर और डिप्टी मेयर बनने जा रहा है। बता दें, आम आदमी पार्टी ने महेश खींची को मेयर व रविंद्र भारद्वाज को डिप्टी मेयर पद के लिए उम्मीदवार घोषित किया है।

केजरीवाल की जेल में हत्या कराने की साजिश, ईडी के बयान पर मंत्री आतिशी ने लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली आबकारी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की एक याचिका पर ईडी ने अपना जवाब दिया। इसमें ईडी ने कहा कि केजरीवाल जेल में आम और मिठाई खा रहे हैं ताकि केजरीवाल स्वास्थ्य आधार पर जमानत मांग सके। वहीं इस बयान पर दिल्ली की मंत्री आतिशी ने अपना जवाब दिया है। आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा के मुताबिक काम कर रहे ईडी ने आज अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर लगातार झूठ बोला। दरअसल, जेल में केजरीवाल को वही खाना दिया जा रहा है, जो डाइट चार्ट कोर्ट में जमा किया गया है। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत, अरविंद केजरीवाल की हत्या कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वाले चाहते हैं कि किसी भी तरह से उनका घर का खाना बंद कराया जाए और फिर उन्हें जेल का ही खाना खिलाकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जाए। पिछले कई दिनों से केजरीवाल का शुगर लेवल

भाजपा के मुताबिक काम कर रहे ईडी ने आज अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य को लेकर लगातार झूठ बोला : आतिशी

300 पार जा रहा है। वह जेल अधिकारियों से बार-बार इंसुलिन देने की बात कह रहे हैं, लेकिन वे नहीं सुन रहे हैं। भगवान भी आपको माफ नहीं करेगा। हमारे वकीलों का कहना है कि बेशक केजरीवाल को जेल से बाहर नहीं लाया जाए, लेकिन उनके डॉक्टरों की सलाह पर तो उपचार किया ही जाना चाहिए। बता दें, ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि केजरीवाल जमानत के लिए आधार बनाना चाहते हैं। केजरीवाल हाई ब्लड शुगर का दावा करते हैं, लेकिन वह जेल के अंदर मिठाई और आम खा रहे हैं। इन चीजों की शुगर के मरीज को अनुमति नहीं होती है। डाइट चार्ट कोर्ट के सामने रखा गया है। वहीं, केजरीवाल की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता विवेक जैन ने कहा कि आवेदन वापस लिया जा चुका है और ईडी द्वारा यह बयान मीडिया के लिए दिया जा रहा है।

सार संक्षेप

दिल्ली में रंगदारी न देने पर हत्या करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रंगदारी न देने पर एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सलमान उर्फ फैजान उर्फ नाटा (20) और शोएब उर्फ मस्तान (20) के रूप में हुई है। आरोपियों ने 12 अप्रैल को पूर्वोत्तर दिल्ली के कबाड़ी बाजार ई-ब्लॉक में 35 वर्षीय शाहनवाज को गोली मारी थी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) जॉय टिर्की ने कहा, 'न्यू सीलमपुर निवासी शाहनवाज के सिर में गोली लगी थी। उसे जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां से एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया, हालांकि 13 अप्रैल को शाहनवाज ने दम तोड़ दिया।' जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी की और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। डीसीपी ने कहा, 'खुफिया जानकारी के आधार पर टीम ने वेलकम इलाके में जाल बिछाया और सलमान और शोएब को पकड़ लिया।' पूछताछ करने पर दोनों ने खुलासा किया कि शाहनवाज त्योहारों के दौरान बच्चों के लिए झूले का व्यवसाय करता था। डीसीपी टिर्की ने कहा, आरोपी एक गिरोह के रूप में प्रसिद्ध होना चाहते थे और उन्होंने प्रोटेक्शन मनी वसूलने की योजना बनाई थी।

दिल्ली वक्फ बोर्ड मामला: पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुए अमानतुल्ला खान

नई दिल्ली। दिल्ली वक्फ बोर्ड से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान से पूछताछ कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अग्रिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था। वित्तीय जांच एजेंसी के सूत्रों ने कहा कि खान गुरुवार सुबह 11 बजे ईडी के कार्यालय पहुंचे। ईडी के एक अधिकारी ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आज (18 अप्रैल) जांच में शामिल होने का निर्देश दिया था।' इससे पहले, ईडी ने समन का पालन न करने पर खान के खिलाफ राऊज एवेन्यू कोर्ट का रुख किया था और आरोप लगाया था कि खान, जो पहले एक गवाह था, बाद में मामले में आरोपी बन गया, वह जांच से बच रहा है।

मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को शराब नीति घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 26 अप्रैल तक बढ़ा दी। न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट जज कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। सोमवार को कोर्ट ने कहा था कि वो आप नेता की जमानत अर्जी पर 20 अप्रैल को सुनवाई जारी रखेगी। उस दिन कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी थी। सिसोदिया की ओर से जमानत याचिका उनके वकील मोहित माथुर ने दायर की है, जिसमें मामले की जांच पूरी करने में देरी का आरोप लगाया गया है।

ब्लू स्टार ने लॉन्च की एनर्जी एफिसिएंट डीप फ्रीजर की नई रेंज

नई दिल्ली। ब्लू स्टार लिमिटेड ने विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए ग्राहक वर्गों की एक विस्तृत श्रृंखला को पूरा करने के लिए 60 से 600 लीटर तक की क्षमता वाले ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल डीप फ्रीजर की एक व्यापक नई श्रृंखला के लॉन्च की घोषणा की।

डीप फ्रीजर की 2024 के लिए नई रेंज

डीप फ्रीजर की नई रेंज उच्च भंडारण, बढ़ी हुई कूलिंग क्षमता प्रदान करते हैं और बेहतर टेक्नोलॉजी से युक्त हैं जो कुशल कूलिंग के लिए अधिक गर्मी हस्तांतरण सुनिश्चित करते हैं। इसके अलावा, वे सुपर उष्णकटिबंधीय हैं और 47 डिग्री के तापमान में भी काम करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। नई दिल्ली में आयोजित एक कान्फ्रेंस में प्रेस से बात करते हुए, ब्लू स्टार लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, बी त्यागराजन ने कहा कि वाणिज्यिक रेफिजरेशन के क्षेत्र में एक नेता के रूप में, और खराब होने वाले उत्पादों के संरक्षण और जीवन विस्तार में हमारी सिद्ध डोमेन विशेषज्ञता के साथ, हम सेवा प्रदान करते हैं। विविध अनुप्रयोगों के लिए मूल्य श्रृंखला को कवर करने वाले ग्राहकों की एक विस्तृत श्रृंखला- फल, सब्जियां, मांस, मुर्गी पालन, जलीय कृषि, फूलों की खेती, डेयरी, जमे हुए भोजन, फार्मास्यूटिकल्स, टीके, और कई अन्य उत्पाद, जिनमें रेशम उद्योग के लिए भी विशेष अनुप्रयोग शामिल हैं।

संविधान बदलने और वोट का अधिकार छीनने के लिए मोदी मांग रहे 400 सीटें : संजय सिंह

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर के लिखे संविधान और जनता को मिले वोट के अधिकार को छीनने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटें मांग रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज कहा कि राजनीतिक दलों के नेताओं और देश की जनता के मन में लगातार यह बात मजबूत हो रही है कि 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है। अगर गलती से भी भाजपा की सरकार आ गई तो फिर ये लोग संविधान बदल देंगे, चुनाव और आरक्षण खत्म कर देंगे। किसानों, युवाओं और महिलाओं के अधिकार के छीन लेंगे। अब यह आशंका हर दिन और मजबूत होती जा रही है। इसके एक नहीं कई उदाहरण है जिससे लोगों में संविधान बदलने की धारणा और मजबूत कर रही है।

श्री सिंह ने कहा कि देश के लोगों के लिए बाबा साहब अंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा है लेकिन भाजपा के लिए आरएसएस के प्रमुख संविधान लिखते हैं। आरएसएस को देश के संविधान में

राजनीतिक दलों के नेताओं और देश की जनता के मन में लगातार यह बात मजबूत हो रही है कि 2024 का चुनाव अंतिम चुनाव है, संविधान और जनता को मिले वोट के अधिकार को छीनने के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटें मांग रहे : संजय सिंह

आस्था नहीं है इसीलिए वह इसको बदलना चाहते हैं। आप नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के सांसद और नेता घूम-घूमकर 400 सीटें मांग रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इलेक्टोरल बॉन्ड और नोटबंदी के घोटाले, पूंजीपतियों का 15 लाख करोड़ रुपए माफ करने जैसे मुद्दे पर चर्चा नहीं नहीं करते हैं। वह 400 सीटें इसलिए मांग रहे हैं क्योंकि उनको देश का संविधान बदलना है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के भाजपा सांसद लल्लू सिंह एक सभा में खुलेआम कहते हैं कि 400 सीट इसलिए चाहिए क्योंकि हमें संविधान बदलना है। भाजपा की ज्योति मिर्धा और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत हेगड़े भी कहते हैं कि 400 सीट दे दो, क्योंकि संविधान बदलना है। अभी हाल ही में मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ने कहा है कि भाजपा को 400 सीट चाहिए क्योंकि हमें संविधान बदलना है। आप नेता ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा लिखे गए देश के संविधान से अगर कोई छेड़छाड़ करेगा तो हम जान की बाजी लगाकर लड़ेंगे। हम आरक्षण खत्म नहीं करने देंगे, किसानों और युवाओं के हक नहीं मारने देंगे। 2019 से 2024 की सरकार में मोदी सरकार ने संविधान बदलने का ट्रेलर दिखाया है। 2024 का चुनाव जीतने के बाद आरएसएस और नागपुर का संविधान देश में लागू करेंगे। उन्होंने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों के साथ-साथ देश के हर नागरिक से आग्रह करते हुए कि आप सावधान हो जाइए। अगर ये जीत गए तो आपसे वोट की ताकत छीन लेंगे।

उप महापौर के लिए अतिरिक्त नामांकन से आम आदमी पार्टी में दिख रही दरारें : दिल्ली भाजपा

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दिल्ली नगर निगम चुनाव में उप महापौर के लिए अतिरिक्त नामांकन से आम आदमी पार्टी में दरारें दिख रही हैं। इससे साफ पता चलता है कि आम आदमी पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं है और वे बिखर सकते हैं। इसके अलावा जब आप प्रत्याशियों ने नामांकन भरा तो कांग्रेस पार्षदों की अनुपस्थिति यह दर्शाती है कि कांग्रेस और आप गठबंधन जमीनी स्तर पर खुद को मजबूत करने में विफल रहा है और कांग्रेस पार्षद गठबंधन से खुश नहीं हैं।

19 से 21 अप्रैल के बीच होगा एक्सपो राइड एशिया कार्यक्रम

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। साइकिल एवं इलेक्ट्रिक वाहन की दुनिया के नवीनतम उत्पादों एवं तकनीकी जानकारी के साथ राइड एशिया एक्सपो अपने पांचवे संस्करण के लिए पूरी तरह तैयार है। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 19 से 21 अप्रैल तक आयोजित हो रहे इस एक्सपो में पूरे एशिया से साइकिल, इलेक्ट्रिक वाहन एवं उद्योग से जुड़े पेशेवर शामिल होंगे। इस एक्सपो में 300 से अधिक प्रदर्शकों, 2000 से अधिक ब्रांड, 10,000 से अधिक डीलर और वितरक शामिल होंगे, और लगभग 6,500 से अधिक उत्पादों एवं सेवाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

राइड एशिया एक्सपो 2024 एक निर्माताओं, डीलरों, वितरकों और आपूर्तिकर्ताओं के लिए नेटवर्क बनाने और अपने लक्षित ग्राहकों से जुड़ने का एक अवसर है। उड़ान मीडिया एंड कम्युनिकेशंस के सीएमडी जीएस ढिल्लों ने राइड एशिया 2024 के अनुभव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित हो रहे राइड एशिया 2024 प्रदर्शनी ने पंजाब में ई बाइक उद्योग के लिए नए रास्ते खोल दिए हैं। जिससे वे आसानी से प्रदर्शनी में जा सकें और विभिन्न उद्योगपतियों से मिल सकें एवं नवीन तकनीकों के उत्पादों को बुक कर सकें।

ललित टेकचंदानी को ईडी का एक और झटका, 113.5 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त करने का आदेश

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लैट खरीदारों को धोखा देने के मामले में बिल्डर ललित टेकचंदानी और उसके सहयोगियों की 113.5 करोड़ रुपए चल और अचल संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत यह कार्रवाई की है। ईडी पहले ही शेयरों, म्यूचुअल फंड, फिक्स्ड डिपॉजिट के रूप में 43 करोड़ रुपए के निवेश को फ्रीज कर चुका है। ईडी ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत तलोजा पुलिस स्टेशन और चेंबूर पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज की गई दो एफआईआर के आधार पर यह जांच शुरू की थी। एफआईआर में यह आरोप लगाया गया है कि मेसर्स सुप्रीम कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, टेकचंदानी द्वारा प्रतिनिधित्व की गई कंपनी है और अन्य लोगों ने तलोजा, नवी मुंबई में एक आवास परियोजना में घर खरीदारों से बड़ी मात्रा में धन इकट्ठा किया है। ईडी की जांच से पता चला कि मेसर्स सुप्रीम कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड ने 400 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि 1700 से अधिक घर खरीदारों से नवी मुंबई के तलोजा में एक आवास परियोजना के लिए जुटाए। परियोजना में देरी के कारण इन घर खरीदारों को फ्लैट या रिफंड के बिना अधर में छोड़ दिया गया। जांच के दौरान, ललित टेकचंदानी को ईडी ने इसी साल 18 मार्च को मनी लॉन्ड्रिंग के तहत गिरफ्तार किया था और वर्तमान में वह न्यायिक हिरासत में हैं। उनसे पूछताछ से पता चला है कि घर खरीदारों से प्राप्त धन को बिल्डर ने व्यक्तिगत लाभ और परिवार के सदस्यों सहित विभिन्न नामों पर संपत्ति बनाने के लिए इस्तेमाल किया था। ईडी की जांच से यह भी पता चला है कि टेकचंदानी ने अन्य आरोपी व्यक्तियों की सहायता से कंपनी के स्वामित्व और निदेशक पद से हटने के बावजूद मेसर्स सुप्रीम कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की संपत्तियों को अलग कर लिया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

टेंडर नोटिस सं.: 82241499 दिनांक: 18.04.2024

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	82241499	टोरिक आईओएल (संलग्न विनिर्देश के अनुसार)	200 no's	10.05.2024

निविदा शर्तें:- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। 1155/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लाट नं0-1, सैक्टर नोलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बी.एच.एस-03, योजना के अंतर्गत आवंटित भवन संख्या 348/F, BLOCK-E, AREA-36 SQM, SECTOR BETA-01, ALLOTMENT NO-BHS0354026, GREATER NOIDA G.B.NAGAR U.P.PIN-201310 के आंवटी SH.SATISH CHANDRA SHARMA & SMT.SUMAN SHARMA H.NO-140 HARILOK, PH-2, JWALAPUR DISTT.HARIDWAR U.K. PIN-249407 की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी SMT.SUMAN SHARMA W/O LATE SH.SHTISH CHANDRA SHARMA के द्वारा उक्त भवन को अपने नाम कराने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में SH.SATISH CHANDRA SHARMA S/O LATE SH. MAYARAM SHARMA के नाम के स्थान पर उनकी पत्नी SMT.SUMAN SHARMA W/O LATE SH.SATISH CHANDRA SHARMA का नाम दर्ज कर दिया जाएगा।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि REVENUE DEPARTMET, OF GOVT OF NCT OF DELHI OFFICE OF THE DISTRICT MAGISTRATE VASANT VIHAR: NEW DELHI DISTRICT से प्राप्त SURVIVING MEMBER CERTIFICATE NO. 90660000212416, (DEATA CERTIFICATE NO. MCDOLIR-0215-004803660) दिनांक 7.12.2023 मृतक श्री दिवेंदर पुत्र स्व श्रीमती रिचा, 599, बांस मोहल्ला, सुनार वाली गली घिटोरनी, ग्राम गादीपुर साउथ दिल्ली की मृत्यु दिनांक 07.07.2015 को हो चुकी है के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काशतकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु लगभग	विशेष
धनौरी	192	श्री देवेन्द्र पुत्र स्व श्रीमती रिचा, 599, बांस मोहल्ला, सुनार वाली गली घिटोरनी, ग्राम गादीपुर साउथ दिल्ली	श्री आदित्या लोहिया	पुत्र	16 वर्ष	
			श्री गर्व लोहिया	पुत्र	14 वर्ष	
			श्रीमती नीतू	पत्नी	40 वर्ष	

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

01085/01086 लोकमान्य तिलक (ट) – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट) विशेष रेलगाड़ी — 03 फेरे

गाड़ी सं. 01085 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 01086 आगमन	प्रस्थान
---	23:50	लोकमान्य तिलक (ट)	00:25	---
04:20	04:30	लखनऊ	19:45	19:55
09:30	---	गोरखपुर	---	15:30

चलने के दिन : 01085 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 21.04.2024 को तथा 01086 गोरखपुर से दिनांक 19.04.2024 एवं 23.04.2024 को
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

05558 नई दिल्ली – सहरसा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 05558 प्रस्थान	आगमन
नई दिल्ली	10:00	---
सहरसा जं.	---	10:00

चलने के दिन : 05558 नई दिल्ली से दिनांक 19.04.2024 को
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : गाज़ियाबाद, अलीगढ़ जं., टुण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाज़ीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं. एवं सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन।

05561/05562 समस्तीपुर जं. – आनंद विहार (ट) – समस्तीपुर जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 05561 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 05562 आगमन	प्रस्थान
---	19:45	समस्तीपुर जं.	20:00	---
13:45	13:55	मुरादाबाद	00:05	00:15
17:30	---	आनंद विहार (ट)	---	20:30

चलने के दिन : 05561 समस्तीपुर जं. से दिनांक 19.04.2024 को तथा 05562 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : दरभंगा जं., सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं. बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

09489/09490 साबरमती – गोरखपुर – साबरमती विशेष रेलगाड़ी विशेष किराये पर — 02 फेरे

गाड़ी सं. 09489 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	गाड़ी सं. 09490 आगमन	प्रस्थान
---	18:10	साबरमती	06:30	---
15:35	15:45	लखनऊ	09:05	09:15
23:00	---	गोरखपुर	---	02:00

चलने के दिन : 09489 साबरमती से दिनांक 19.04.2024 को तथा 09490 गोरखपुर से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबूरोड, अजमेर जं., फुलेरा जं., जयपुर, बाँदीकुई जं., भरतपुर जं., अछनेरा जं., आगरा किला, टूण्डला जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एनआर, अयोध्या धाम जं, मनकापुर जं एवं बस्ती स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1167/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कैपिटल ज़ोन

उवाच "

नगर आयुक्त की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान स्थलों को लगभग पूरी तरह से व्यवस्थित किया जा चुका है जिसके क्रम में सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। जनपद गाजियाबाद में 3200 पोलिंग स्टेशन है जिनको पूर्णत: व्यवस्थित किया गया हैं, नगर आयुक्त महोदय द्वारा 1605 पोलिंग स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए भी कहा गया है जिसके लिए वेब कास्टिंग मीटिंग बुलाई गई जिसमें सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए पावर कनेक्शन करने हेतु प्रकाश विभाग को निर्देश दिए गए। **अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त**

15 हजार वर्गमीटर से हटाया अतिक्रमण

72 करोड़ रुपए आंकी गई कीमत

नोएडा, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण हटाने का अभियान निरंतर जारी है। इस क्रम में गुरुवार को प्राधिकरण की टीम ने सलारपुर खादर के खसरा संख्या 781,782, 893,894 व सेक्टर-78 के हनुमान मूर्ति के सामने ग्राम सलारपुर के खसरा संख्या 595,596,597,598 पर नोएडा प्राधिकरण द्वारा पुलिस के साथ अतिक्रमण हटाया गया।

इन सभी को मिलाकर करीब 15 हजार वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराकर प्राधिकरण ने कब्जा लिया। इस जमीन पर टीन शेड और बाउंड्री बनाकर अतिक्रमण कर्ताओं ने कब्जा किया था। इस जमीन की कीमत करीब 72 करोड़ रुपए आंकी गई।

पोलिंग स्टेशनों को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरे से रखी जाएगी निगरानी : विक्रमादित्य सिंह मलिक

गाजियाबाद, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत, महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। जिसमें मतदान स्थलों की व्यवस्था को लेकर चल रही तैयारी के बारे में जानकारी ली गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, गाजियाबाद नगर निगम से मुख्य अभियंता निर्माण, महाप्रबंधक जल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, प्रकाश प्रभारी, उपस्थित रहे साथ ही जनपद गाजियाबाद के समस्त तहसीलदार, डी पी आर ओ, समस्त विकासखंड अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत जनपद गाजियाबाद से तथा अवर अभियंता निर्माण विभाग से उपस्थित रहे।

गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक आईएएस ऑफिसर जो की गाजियाबाद जनपद के बूथ प्रभारी है जिनके द्वारा गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले 408 मतदान केंद्र के साथ-साथ,

संबंधित नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायत में भी आने वाले मतदान केन्द्र की व्यवस्था को सुदृढ़ कराया गया है, जिसके लिए अहम बैठक हुई बैठक में नगर आयुक्त द्वारा, जनपद गाजियाबाद अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र पर, समुचित प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, रैंप की व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, फर्नीचर की व्यवस्था मतदाताओं के लिए प्रवेश एवं विकास द्वारा की व्यवस्था, हेल्प डेस्क व सैनेज की व्यवस्था, व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली गई, इसी

- 3200 बूथों की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ने की बैठक
- कंट्रोल रूम पर वोटिंग प्रक्रिया को लाइव देखेंगे चुनाव अधिकारी
- नगर आयुक्त ने 1605 बूथों पर सीसीटीवी कैमरा की तैयारी

के साथ-साथ 'लगभग 1605 बूथो निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए' तथा एक टीम के रूप में प्रसंसनीय कार्य करने के लिए भी मोटिवेट किया गया।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान स्थलों को लगभग पूरी तरह से व्यवस्थित किया जा चुका है जिसके क्रम में सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। जनपद गाजियाबाद में 3200 पोलिंग स्टेशन है जिनको पूर्णत: व्यवस्थित किया गया हैं, नगर आयुक्त महोदय द्वारा 1605 पोलिंग स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए भी कहा गया है जिसके लिए वेब कास्टिंग मीटिंग बुलाई गई जिसमें सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए पावर कनेक्शन करने हेतु प्रकाश विभाग को निर्देश दिए गए हैं जिसके क्रम में तैयारी की जा रही है लगने वाले कैमरा को लगभग 7 से 8 फीट ऊंचा लगाया जाएगा साथ ही इस बात का विशेष ध्यान रखकर कैमरे लगाए जाएंगे की वोट डालने की प्रक्रिया कैमरे में न दिखाई दे, लगभग दो दिन के भीतर सभी कैमरे को व्यवस्थित करने के लिए कहा गया है, संबंधित चुनाव अधिकारी कंट्रोल रूम से चिन्हित 1605 पोलिंग स्टेशन पर निगरानी रखेंगे, बैठक में प्रभारी प्रकाश को सभी मतदान केंद्रो पर प्रकाश व्यवस्था तथा पंखों की उचित व्यवस्था करने के लिए विशेष रूप से कहा गया हैद्य 1605 पोलिंग स्टेशन पर CCTV कैमरे जिला मनोरंजन कर अधिकारी के नेतृत्व में व्यवस्थित कराए जाएंगे।

सार संक्षेप

पवन शर्मा बने प्रदेश कांग्रेस का कोऑर्डिनेटर

नोएडा। कांग्रेस ने राज्य स्तर पर सोशल मीडिया की एक टीम का गठन किया है। इस टीम में नोएडा के कांग्रेसी नेता पवन शर्मा को प्रदेश स्तर पर कोऑर्डिनेटर बनाया है। कांग्रेसी नेता पवन शर्मा ने बताया कि पार्टी का पक्ष मजबूती के साथ सोशल मीडिया पर रखूंगा। सत्ता की नाकामियों को उजागर करूंगा। उनका मकसद सोशल मीडिया में संगठन को मजबूत करना है। लोक सभा चुनाव में कांग्रेस को अधिक से अधिक सीट मिल सके। इसको लेकर उनकी तैयारी सोशल मीडिया में शुरू हो गई है। सोशल मीडिया के माध्यम से वह कांग्रेस की नीति को प्रत्येक घरों तक पहुंचाने का काम करेंगे।

स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

नोएडा। सेक्टर-39 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला प्रशासन ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव कुमार गुप्ता और डायरेक्टर वाईएसएस फाउंडेशन के सचिन गुप्ता समेत कई लोग भी मौजूद रहे। वहीं, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद सभी प्रवक्ताओं और विद्यार्थियों ने मतदाता शपथ भी ली। मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने बताया कि आगामी 26 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर के सभी निवासी वोट अवश्य डालें और माता-पिता, परिवारजन और पड़ोसियों को भी मतदान केंद्र जाकर वोट डालने के लिए जागरूक अवश्य करें।

होटल में लगी भीषण आग, युवक व युवती को सुरक्षित निकाला

गाजियाबाद। वसुंधरा -16स्थित एक होटल व बैंकट हाल में भीषण आग लग गयी। जिसको बुझाने के लिए अग्नि शमन दल की गाड़ियों को कई घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान इलाके में धुआं ही धुआं हो गया और अफरा तफरी मची रही। अग्नि शमन दल ने आग में फंसे एक युवक व युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जिला अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली में 12:44 बजे क्रिस्टल पैलेस बैंकेट हॉल सैक्टर-16 वसुन्धरा में आग की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन वैशाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 4 फायर टैंडर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर जाकर देखा तो आग बिल्डिंग के बाहरी पार्ट में लगे डेकोरेटिव समान में लगी थी। फ़ायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाईन फैलाकर फ़ायर फ़ाइटिंग करना शुरू कर दिया। साथ ही फायर यूनिट ने होटल के अंदर फंसे नाजिम (30 वर्ष) व आयशा (28 वर्ष) को सुरक्षित निकाल लिया। उन्होंने बताया कि आग की अधिकता को देखते हुए फायर स्टेशन कोतवाली से अग्निशमन अधिकारी सहित 2 फायर टैंडर, फायर स्टेशन साहिबाबाद से अग्निशमन अधिकारी सहित 01 फायर टैण्डर घटनास्थल पर बुलाये गए। पीसीसी पैनल एवम अन्य सजावटी सामान जलने से हाल में धुआँ अत्याधिक भर गया था। जिसके कारण फायर यूनिट को फायर फाइटिंग करने में बहुत ज्यादा परेशानी हो रही थी। 3 फ़ायरमैनो ने बीए सैट पहनकर होटल के अन्दर घुसकर रेस्क्यू एवम सर्चिंग की। फायर यूनिट ने कड़ी मक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जीडीए उपाध्यक्ष ने किया इंद्रप्रस्थ समाजवादी आवासीय योजना के टावर, कोयल एन्कलेव का औचक निरीक्षण

मानकों से कम मिले गार्ड, प्लम्बर, लिफ्ट ऑपरेटर, सफाई कर्मचारी

गाजियाबाद, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए)के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने गुरुवार को इंद्रप्रस्थ समाजवादी आवासीय योजना के टावर, कोयल एन्कलेव में प्राधिकरण के जीएच-9,10,11 एवं 12 टावर्स का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण में यह पाया गया कि अनुरक्षण के लिए अनुबंधित फर्म द्वारा जितनी मानव सम्पदा को लगाया जाना चाहिए, वह कार्यरत नहीं है। किसी भी टावर पर सुरक्षा के लिए गनमैन) नहीं पाया गया। इसके अलावा अर्द्ध कुशल गार्ड, जिसकी संख्या 6 होनी चाहिए, केवल 2 कार्यरत पाए गए। मौके पर अन्य सुविधाएं देने के लिए निर्धारित मानव सम्पदा जैसे प्लम्बर, लिफ्ट ऑपरेटर, सफाई कर्मचारी आदि भी अनुपस्थित मिले। इंद्रप्रस्थ योजना में निरीक्षण पर पाया गया कि योजना के परिक्षेत्र में अनावश्यक निर्माण सामग्री डाली गई है। सफाई की समुचित व्यवस्था नही है। वहां उपस्थित कतिपय निवासीगण ने यह भी अवगत कराया गया कि पानी की टंकियों की साफ सफ़ाई काफी समय से नहीं हुई है। प्राधिकरण में किस कर्मचारी/अधिकारी द्वारा इसके पूर्व में निरीक्षण किये गए है। ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं था।

सीसीटीवी कैमरे की भी व्यवस्था नहीं मिली। उपाध्यक्ष ने लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए तथा उक्त के अनुरक्षण के लिए उत्तरदायीं अधिकारियों पर गलत संस्तुति करने लिए जांच के आदेश दिए गए।

यूपीएससी में सफल चार छात्रों से मिलीं पुलिस कमिश्नर

बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की दी शुभाकामनाएं

नोएडा, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। यूपीएससी की परीक्षा में नोएडा के चार छात्रों ने नाम रोशन किया है। इनमें से दो छात्र ऐसे भी है जो टॉप 20 में शामिल हैं। गुरुवार को गौतमबुद्ध नगर की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने चयनित अभ्यर्थी वरदाह खान, आकाश, शैफाली अवाना, आयुष मणि चौधरी से मुलाकात कर बधाई देते हुए सिविल सेवा में स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। इस दौरान जॉइंट कमिश्नर और डीसीपी क्राइम भी मौजूद रहे। सेक्टर-82 स्थित विवेक विहार में वरदाह खान अपने परिवार के साथ रहती हैं। वह मूलरूप से इलाहबाद की रहने वाली हैं। वरदाह का कहना है कि उन्होंने घर पर रहकर ही पढ़ाई की है। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा पास करने के लिए प्रतिदिन करीब 7 घंटे पढ़ाई की है। यह उनका दूसरा अटेंप्ट था। उन्होंने ऑल इंडिया 18वीं रैंक हासिल की है। वह देशभर में यूपीएससी टॉप करने वाले 20 अभ्यर्थियों की सूची में शामिल है। वह आईएफएस बनना चाहती हैं। वरदाह के पिता अब्दुल रहमान का करीब 9 वर्ष पहले निधन हो गया था। उनकी मां रिटायर्ड शिक्षिका हैं।

सेक्टर-93 एक्सप्रेस व्यू अपार्टमेंट सोसाइटी निवासी आकाश वर्मा ने यूपीएससी परीक्षा में ऑल इंडिया 20वीं रैंक हासिल की है। आकाश बतौर आईएएस शिक्षा को बेहतर बनाने और नई नीतियां बनाने को प्राथमिकता देंगे। आकाश ने 10वीं और 12वीं की पढ़ाई दिल्ली के रेनबो स्कूल से की है। उन्होंने 10वीं में 9.6 सीजीपीए और 12वीं में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। इसके बाद कोलकाता के आईआईएम कॉलेज से एमबीए किया। फिलहाल आकाश डिफेंस एकाउंट सर्विस में कार्यरत थे। वह दो वर्षों की ट्रेनिंग कर रहे हैं।

नोएडा के हरौला गांव में एक किसान परिवार की बेटी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से सिविल सेवा परीक्षा पास करके गांव का नाम रोशन किया है। शैफाली अवाना ने यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 172वीं रैंक हासिल की है और वह भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) में शामिल होंगी।

किसान विरोधी नेताओं का किया जाए बहिष्कार : मोहम्मद मुमताज

नोएडा, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर से निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद मुमताज आलम लगातार जनता के बीच जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। चुनाव प्रचार में गांव के विकास कार्यों को पूरा कराने, किसानों के हितों का ध्यान रखने और युवाओं को रोजगार देने के वादे के साथ उम्मीदवार मैदान में है। इस क्रम में निर्दलीय प्रत्याशी ने नोएडा मीडिया क्लब में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। प्रेस वार्ता के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी ने जनता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उनका कहना है कि इस चुनाव में किसान-विरोधी नेताओं का बहिष्कार किया जाएगा।

मूलभूत सुविधाओं से वंचित जनता

निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद मुमताज आलम ने कहा कि गांवों में बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजल आपूर्ति, सीवेज व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय, श्मशान घाट की सुविधाएं, सड़कों का निर्माण आदि अधूरे हैं। किसानों को आवंटित किए गए आबादी भूखंडों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के बच्चों के लिए रोजगार की

व्यवस्था होनी चाहिए। समस्याओं का समाधान होगा मोहम्मद मुमताज आलम ने कहा कि गांवों में जलापूर्ति तो हो रही है, लेकिन गंदा पानी आ रहा है।

शिकायत के बाद भी सुधार नहीं हो पा रहा है। दूषित पानी पीने से बीमारियों का खतरा बना रहता है। सीवर लाइन भी गांव के आधे हिस्से में ही बिछी हुई है। बाकी गांवों में अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। प्राधिकरण के अधिकारी बजट नहीं होने का बहाना बता रहे हैं। इसके अलावा कई जगहों पर नालियां भी टूट गई हैं और उनका पानी सड़क पर आकर गंदगी फैला रहा है। उन्हें एक बार मौका दिया जाए, सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

सूदखोरी से परेशान भाइयों ने मारी थी रालोद नेता को गोली, दोनों गिरफ्तार

गाजियाबाद, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय लोकदल के नेता को गोली मारने के मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बताया कि आरएलडी नेता ने एक आरोपित को डेढ़ लाख रुपए ब्याज पर दिया था। उसने काफी रुपए वापस कर दिए थे। लेकिन अब वह पांच लाख रुपए का तकादा करता था और आये दिन उसके साथ बदसलूकी करता था। उससे परेशान होकर उसने अपने भाई के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। डीसीपी नगर कुंवर ज्ञानजंय सिंह ने बताया कि 16 अप्रैल को रजापुर निवासी व रालोद नेता लोकेश चौधरी

को कुछ लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया था। इस मामले में लोकेश के भाई अनिल कुमार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के आधार पर त्वरित विधिक कार्रवाई प्रारम्भ की गई। घटना का तत्काल संज्ञान लेते सगे भाइयों हुए घटना के अनावरण के लिए टीमों का गठन किया गया।

सभी टीमों के अथक प्रयास, लोकल इनपुट, सीसीटीवी कैमरे व मुखबिर की सूचना के आधार पर राशिद निवासी जे 398 सै0 23 संजयनगर थाना मधुबन बापूधाम व उसके भाई साहिब को राजनगर कट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार राशिद ने पूछताछ में बताया कि साहब मैंने लोकेश से काफी दिन पहले डेढ़ लाख रुपए उधार लिए थे जिनमें से काफी रूपए वापस कर चुका हूं। फिर भी वह अपने चार पांच लाख रूपए बताता है और आए दिन मुझे जहां भी मिलता है बदतमीजी करते हुए अपने पैसे मांगता है।

यातायात जाम का कारण बन रहे साप्ताहिक बाजार पर लगेगा अंकुश, रिपोर्ट तलब

नोएडा, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। सड़क से यातायात जाम की समस्या को खत्म करने की दिशा में नोएडा प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है। ऐसे में यातायात जाम का कारण बन रही शहर ही साप्ताहिक बाजार पर अंकुश लगाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसलिए प्रत्येक वर्क सर्किल को सिविल विभाग की ओर से पत्र जारी कर उनके क्षेत्र में संचालित होने वाली साप्ताहिक बाजारों की रिपोर्ट को तलब किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर शहर में सिर्फ छह दिन साप्ताहिक बाजारों का संचालन कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि साप्ताहिक दिन के हिसाब से शहर में एक निर्धारित स्थान पर बाजार का संचालन होना चाहिए, लेकिन बाजार संचालित करने के आदेश की आड़ में एक एक दिन में कई कई स्थानों पर उस दिन की साप्ताहिक बाजार का संचालन किया जा रहा है। इन बाजार में 150 रेहड़ी पटरी वालों को जगह दी जानी चाहिए थी, लेकिन छह सौ से अधिक रेहड़ी पटरी लगाकर एक एक बाजार का संचालन किया जा रहा है।

इससे शहर में अव्यवस्था फैल रही है। जो यातायात जाम का कारण बन रही है। साथ बाजार संचालित होने के बाद शहर में गंदगी भी बढ़ र ही है, गंदगी देखकर प्राधिकरण सीईओ जन स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों पर कार्रवाई कर रहे है। इससे प्राधिकरण जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी कटघरे में खड़ा हो रही है। इसलिए निर्धारित से अधिक बाजारों का संचालन पर अंकुश लगाने के लिए सिविल विभाग ने वर्क सर्किल एक से लेकर दस तक वरिष्ठ प्रबंधकों को लिखित पत्र के जरिये रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। स्पष्ट किया है कि किस सर्किल में कौन सी साप्ताहिक बाजार का संचालन हो रहा है। उसका दिन व समय रिपोर्ट में प्रस्तुत किया जाए।

- शहर से अतिक्रमण खत्म करने की दिशा में नोएडा प्राधिकरण ने शुरू किया काम

सप्ताह के प्रत्येक दिन के आधार पर तमाम बाजार संचालित हो रही है, जो नियमानुसार गलत है। सप्ताह में छह दिन बाजार का संचालन छह जगहों पर हो सकता है लेकिन गलत तरीके से बाजार का संचालन हो रहा है, जिसकी रिपोर्ट तलब की है, उसी के आधार पर आगे कार्रवाई होगी : **विजय कुमार रावल, उपमहाप्रबंधक (सिविल), नोएडा प्राधिकरण।**

कुछ बाजारों का संचालन आरडब्ल्यूए ने कराया बंद

साप्ताहिक बाजार संचालन समिति के अध्यक्ष आर एल सरकार ने बताया कि कई सेक्टरों में साप्ताहिक बाजार का संचालन आरडब्ल्यूए की ओर से बंद कराया जा चुका है, क्योंकि बाजार संचालित होने से सड़कों पर अव्यवस्था फैल रही है। इसलिए सेक्टर-19, 37, 36, 44 में साप्ताहिक बाजार बंद कर दिया गया है। इसके अलावा एलिवेटेड रोड के रिसरफेसिंग के कारण निठारी में मंगलबाजार तीन माह तक स्थगित है।

रिपोर्ट के आधार पर होगी आगे की कार्रवाई

बता दें कि हाई कोर्ट ने छह दिन साप्ताहिक बाजार का संचालन कराने का आदेश दिया था, लेकिन आदेश की आड़ में एक एक दिन में कई स्थानों पर बाजारों का संचालन किया जा रहा है। इससे शहर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शहर की साफ सफाई व्यवस्था भी बिगड़ रही है। ऐसे में इसमें सुधार करने के लिए रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सिकंद्राबाद से 4 लोकसभा सीट के 70 लाख वोटरों को साधेंगे अखिलेश यादव

पीडीए के अलावा कोर वोटर व ठाकुर समाज को अपने पक्ष में करने की होगी रणनीति

नोएडा, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर सीट में इस समय सिकंद्राबाद राजनीति का सबसे बड़ा अखाड़ा बना हुआ है। वजह भी अब साफ होने लगी है। सिकंद्राबाद सीट वैसे तो गौतमबुद्ध नगर की पांच विधानसभा सीट में से एक है। लेकिन ये बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस का केंद्र माना जा रहा है। यहीं वजह है यहां भाजपा, सपा-कांग्रेस और बसपा के दिग्गज नेता जनसभा कर रहे है। आज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सिकंद्राबद से हुंकार भरते हुए चार संसदीय क्षेत्र के 70 लाख से ज्यादा मतदाताओं को गठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील करेंगे। उनके चुनावी मंच पर गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर के अलावा बुलंदशहर से इंडी प्रत्याशी शिव राम वाल्मीकि के साथ सपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता भी होंगे। ये भी बता दे गाजियाबाद में गठबंधन की प्रेस कांफ्रेंस के बाद अखिलेश यादव की ये पहली जनसभा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता सीए प्रदीप भाटी देवटा ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जनसभा के माध्यम से गौतमबुद्ध नगर समेत पूरे देश को सर्वसमाज और सर्वधर्म का संदेश देना चाहते हैं। मुख्य रूप से यादव-मुस्लिम गठजोड़ के सहारे चलती रही सपा का नारा इस बार पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) है, पर देखा जाए तो अधिक जोर

पिछड़ों पर है। दरअसल गौतमबुद्ध नगर की पांच विधानसभा सीट में 16 लाख मतदाता देहात क्षेत्र का है। यहां कुल मतदाता 26 लाख है। नोएडा हमेशा से ही भाजपा का कोर वोट माना जाता है। वहीं गौतमबुद्ध नगर मायावती का गृह जनपद होने से दलित वोट बसपा के पक्ष में जाने की उम्मीद है। इसी वोटर को अपने पक्ष में करने की हर पार्टी प्रयास कर रही है।

विधानसभा चुनावों की बात करे सपा से हाथ से यादव और मुस्लिम वोट भी फिसला था। इसलिए दिग्गज नेताओं की नजर मुस्लिम, गुर्जर, जाट, लोधी पर है। जातिगत आंकड़ों को देखे तो गौतमबुद्ध नगर में इसमें 3.5 लाख गुर्जर, 3 से 3.5 मुस्लिम, 4.5 लाख ठाकुर राजपूत, 4.5 लाख दलित, 4 लाख ब्राह्मण, 3 लाख अन्य है। इसके अलावा बुलंदशहर में मुस्लिम, जाट और लोधा संख्या करीब 10 लाख के आसपास है। इसके अलावा भाजपा से नाराज ठाकुर समाज को भी अपनी तरफ करना चाहते है।

सिकंद्राबाद ही क्यों बन रही हॉट स्पॉट इसके पीछे की बड़ी वजह

गौतमबुद्ध नगर के तीनो प्रत्याशी आचार संहिता लगने के बाद से सिकंद्राबाद अपना चुनावी प्रचार कर रहे है। यहां से गौतमबुद्ध नगर की तीन विधानसभा सीट, खुर्जा, जेवर, दादरी सबसे ज्यादा नजदीक है। जबकि नोएडा इससे बिल्कुल अलग है। यहां जातिगत समीकरण फैक्टर काम नहीं करते। इसे भाजपा का गढ़ माना जाता है। इसलिए नोएडा की तरफ कोई भी पार्टी का दिग्गज नेता चुनावी जनसभा नहीं करना चाहता। एक बड़ी वजह मिड प्वाइंट की है। सिकंद्राबाद अलीगढ़, हाथरस, बुलंदशहर तीनों को जोड़ता है। इसलिए एक जनसभा से यहां चार लोकसभा सीट को साधा जा सकता है। मसलन कम समय में अधिकतर वोटरों तक पहुंचा जा सकता है। यही वजह है कि आगामी तीन से चार दिनों में बसपा सुप्रीमों मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कई बड़े नेता यहां जनसभा कर रहे है। गुरुवार को यही सीएम योगी आदित्यनाथ ने रैली की।

चुनावी रथ से नोएडा में नहीं रखा था कदम

चुनावी समर में नोएडा के अभिशापित की बात भी सामने आने लगी है। दरअसल विधानसभा चुनाव में अखिलेश का चुनावी रथ नोएडा तो आया था। लेकिन उन्होंने यहां की धरती पर कदम नहीं रखा था। हालांकि इसके बाद तीन बार वे नोएडा आ चुके है। लेकिन चुनावों के दौरान वे यहां नहीं आए। इस बार भी नोएडा को जनसभा का स्थान न चुनकर उन्होंने सिकंद्राबाद को ही चुना।

कैपिटल ज़ोन

उवाच

इस बार का चुनाव नेशन फस्ट बनाम परिवार फस्ट का चुनाव है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 140 करोड़ का पूरे राष्ट्र का परिवार है। दूसरी तरफ सपा तथा बसपा के लोगों के लिए केवल अपना परिवार है। अब जनता को तय करना है कि वें जनता किसके साथ है। उन्होंने कहा कि देश के सबसे विकसित क्षेत्र में शामिल होने जा रहा है। उन्होंने कहा देश में दंगा पॉलिसी नहीं विकास की पॉलिसी चलेगी।

योगी, मुख्यमंत्री

ग्रेनो प्राधिकरण के 32 बिल्डरों ने जमा किए 162.52 करोड़ रुपए

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। बिल्डर बायर्स प्रकरण के समाधान को लेकर गठित अमिताभ कांत समिति की सिफारिशें लागू होने के बाद इसका लाभ लेने के लिए अब तक 32 बिल्डर 160.52 करोड़ रुपए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में जमा करा चुके हैं। इसके साथ ही फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू हो गई है। पिछले करीब लगभग डेढ़ में 2035 रजिस्ट्री हुई है। वहीं अन्य बिल्डरों को इस संबंध में दिशा निर्देश दिए गए हैं। लाभ लेने के लिए बकाया राशि का 25 प्रतिशत जल्द से जल्द जमा करना होगा।

दरअसल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में 96 बिल्डर प्रोजेक्ट हैं, जिनमें 75 हजार खरीदार फंसे हुए हैं। फ्लैट खरीदार रजिस्ट्री और कंप्लीशन को लेकर लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं। इस समस्या के समाधान को लेकर शासन स्तर पर गठित अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों को लागू करते

हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इस पर काम शुरू कर दिया है। सभी बकाएदार बिल्डरों की राशि की गणना कर उन्हें सूची सौंप दी गई है।

प्राधिकरण से मिली जानकारी के मुताबिक अब तक 32 बिल्डरों द्वारा बकाया राशि का 25 प्रतिशत के

> बिल्डरों द्वारा बकाया राशि का 25 प्रतिशत जमा करने के साथ ही रजिस्ट्री शुरू कर दी है। 32 बिल्डरों द्वारा 160. 52 करोड़ रुपए जमा कराए जा चुके हैं। रजिस्ट्री की प्रक्रिया में तेजी लाई गई है।
> सौम्य श्रीवास्तव, ओएसडी ग्रेनो प्राधिकरण

- **2023 फ्लैटों की हुई रजिस्ट्री, 9520 की मिली है अनुमति**
- **रजिस्ट्री का रास्ता साफ होने से फ्लैट खरीदारों में दिख रही है खुशी**
- **रजिस्ट्री को लेकर लंबे समय से कर रहे थे संघर्ष**

अनुसार 160. 52 करोड़ रुपए जमा कराए जा चुके हैं। इसके साथ ही रजिस्ट्री शुरू हो गई है। बीते 26 फरवरी से 16 अप्रैल के दौरान 2035 फ्लैटों की रजिस्ट्री संपन्न कराई जा चुकी है। प्राधिकरण को 9520 फ्लैटों की रजिस्ट्री की अनुमति मिली है। विशेष कैंप लगाकर रजिस्ट्री कराई जा रही है। इस संबंध में शासन द्वारा पूर्व में विशेष दिशा निर्देश दिए गए थे।

बिल्डर विभाग चालान का सत्यापन कराया जा रहा है कि बिल्डरों ने जो चालान दिए हैं, वह राशि प्राधिकरण में जमा भी हुई है या नहीं। इसके अलावा चार्टेड अकाउंटेंट भी इसका सत्यापन अलग से कर रहे हैं।

प्राधिकरण ने बिल्डरों को दिए हैं ये दिशा निर्देश

बिल्डरों से कहा गया है कि अगर उन्हें अमिताभ कांत समिति की सिफारिशों का लाभ लेना है तो बकाया राशि का 25 प्रतिशत का भुगतान पहले प्राधिकरण को करना होगा। शेष राशि किस्तों में देने का विकल्प मिलेगा।

तीनों विधानसभा में बने 51 मॉडल बूथ मतदाताओं को करेंगे आकर्षित

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकतंत्र के महापर्व के अवसर पर मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 51 मॉडल बूथ तैयार किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि 61-नोएडा विधानसभा क्षेत्र में कुल 35 मॉडल बूथ बनाए गए हैं, जिनमें 8 गांधी स्मारक इंटर कॉलेज चौड़ा सादतपुर, 1 गांधी स्मारक जूनियर हाई स्कूल चौड़ा सादतपुर, 2 समर विलेज स्कूल डी 89ए सेक्टर-22 नोएडा, 7 सिटी पब्लिक स्कूल सेक्टर-51 नोएडा, 5 विश्व भारती पब्लिक स्कूल सेक्टर 28 नोएडा, 6 आर्मी पब्लिक स्कूल सेक्टर 37 नोएडा, 3 आरएसएस इंटरनेशनल स्कूल सदरपुर सेक्टर-45, 01 पाथवे स्कूल सेक्टर-100 नोएडा तथा 2 मॉडल बूथ रामकृष्ण परमहंस पब्लिक स्कूल सरफाबाद में तैयार किए गए हैं। इसी प्रकार 62-दादरी विधानसभा क्षेत्र में 3 महागुन माइवुड्स क्लब हाउस, 2 एग्जॉटिका ड्रीम विले क्लब हाउस, 2 चेरी काउंटी क्लब हाउस, 2 पंचशील ग्रीन्स-1 क्लब हाउस, 2 सुपरटेक इको विलेज-1 क्लब हाउस, 1 ट्राईडेंट एंबेसी क्लबहाउस, 1 पूर्वांचल रॉयल सिटी क्लब हाउस, 1 जेपी अमन किला हाउस सेक्टर-151, 01 मॉडल बूथ एटीएस प्रिस्टीन क्लब

- **मॉडल बूथ पर गुब्बारों, फूलों व रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को किया जाएगा प्रेरित**

हाउस सेक्टर-150 तथा 63-जेवर विधानसभा क्षेत्र में 1 मॉडल बूथ समसारा वर्ल्ड पब्लिक स्कूल पाई-1 ग्रेटर नोएडा में तैयार किया गया हैं। सभी मॉडल बूथों को गुब्बारों एवं फूलों से सजाया जाएगा। साथ ही रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए भी प्रेरित किया जाएगा और मतदान का महत्व समझाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग, दिव्यांग, दृष्टिहीन मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सी तथा अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाताओं की सहायता हेतु सभी मॉडल बूथों पर हेल्प डेस्क की भी स्थापना की जाएगी। जिले की तीनों विधानसभा में कुल 7 महिलाओं द्वारा प्रबंधित बूथ बनाए गए हैं, जिसमें 61-नोएडा विधानसभा क्षेत्र के 4, 62-दादरी विधानसभा क्षेत्र के 2 तथा 63 जेवर विधानसभा क्षेत्र का 1 बूथ सम्मिलित है। इसी प्रकार कुल 4 दिव्यांगों द्वारा प्रबंधित बूथ बनाए गए हैं।

देश में दंगा नहीं विकास की पॉलिसी चलेगी : योगी आदित्यनाथ

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के सिकंद्राबाद विधानसभा के झाझर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनसभा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कल पूरी दुनिया ने रामनवमी का त्यौहार मनाया। साथ ही पांच सौ साल बाद भगवान राम ने अपने खुद के भव्य मंदिर में रामनवमी का त्यौहार मनाया। उन्होंने कहा कि वर्ष-2014 से पहले हर भारतवासी को चिंता हो रही थी कि अब हमारे देश का क्या होगा? मात्र 10 साल में न केवल भारत का हर नागरिक आनंद में है बल्कि पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि कश्मीर से धारा-370 का खात्मा करके इतिहास रचा गया है। भारत की धरती से आतंकवाद का खात्मा कर दिया गया है। जेवर एयरपोर्ट का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के जेवर में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। इस एयरपोर्ट से देश तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था सुधरेगी। साथ ही जेवर एयरपोर्ट का सबसे ज्यादा फायदा सिकन्द्राबाद, खुर्जा, ग्रेटर नोएडा तथा नोएडा की जनता को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार गरीब परिवारों को मुफ्त में ईलाज करा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास के

- **भारत को ग्लोबल लीडर बनने के लिए तीसरी बार भाजपा सरकार जरूरी**
- **बड़े उद्देश्य के लिए स्थानीय विवाद को करना होगा समाप्त**

इतने काम हुए जितने कामों की किसी ने कल्पना तक नहीं की थी।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का चुनाव नेशन फस्ट बनाम परिवार फस्ट का चुनाव है। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 140 करोड़ का पूरे राष्ट्र का परिवार है। दूसरी तरफ सपा तथा बसपा के लोगों के लिए केवल अपना परिवार है। अब जनता को तय करना है कि वें जनता किसके साथ है। उन्होंने कहा कि देश के सबसे विकसित क्षेत्र में शामिल होने जा रहा है। उन्होंने कहा देश में दंगा पॉलिसी नहीं विकास की पॉलिसी चलेगी। जातीय समीकरण को साधते हुए उन्होंने कहा कि बड़े उद्देश्य के लिए स्थानीय विवाद को समाप्त करना होगा। उन्होंने सभा में पहुंचे लोगों से कहा कि चुनाव में तमाम लोग आएंगे, कोई जाति का सहारा लेकर, कोई क्षेत्र का सहारा लेगा, आप कहना चुनाव के बाद आना आज जरूरत है एक राष्ट्रवादी सरकार की और इसके लिए कमल के फूल के लिए अपील करने आया हूं। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल तक चुनाव में कुछ गर्मी बढ़ेगी मतदान के दिन किसी भी तरह से परवाह किए बगैर मतदान करें। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिसोदिया, दादरी विधायक तेजपाल नागर, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह, बुलंदशहर के जनप्रतिनिधि, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

अवैध ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार नाइजीरियन नागरिक गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वाट टीम और दादरी कोतवाली पुलिस ने सेक्टर ओमीक्रोन वन स्थित एक मकान में चल रही ड्रग्स बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने मौके से फैक्ट्री संचालित करने वाले चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 26 किलोग्राम तैयार एमडीएमए ड्रग्स, ड्रग्स बनाने के उपकरण और ड्रग्स सप्लाई में प्रयुक्त दो कारें बरामद की है। बरामद माल की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 150 करोड़ रुपए है।

ग्रेटर नोएडा डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि थाना ईकोटेक वन कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार, थाना दादरी के प्रभारी सुजीत उपाध्याय तथा स्वाट टीम के प्रभारी यतेंद्र सिंह ने एक सूचना के आधार पर बुधवार की रात गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के पास से ओनय्कची फ्रैंक तथा इमैनुवल निवासी नाइजीरिया को गिरफ्तार किया। इनके पास से कार में रखी एमडीएमए ड्रग्स बरामद की गई। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने बताया कि वह ओमिक्रान वन

- **आरोपियों के पास से डेढ़ सौ करोड़ का एमडीएमए ड्रग्स हुआ बरामद**
- **शॉपिंग ऐप के माध्यम से ड्रग्स की करते थे सप्लाई**

स्थित एक मकान में रहते हैं तथा वहां पर एमडीएमए और अन्य मादक पदार्थ बनाने की फैक्ट्री चलाते हैं। पुलिस टीम ने सेक्टर ओमीक्रॉन वन स्थित मकान पर छापा मारा तो पता चला कि वहां अवैध रूप से ड्रग्स तैयार की जा रही थी। पुलिस ने मौके पर मौजूद इफेनयी जॅनबॉस्को तथा चिडी को गिरफ्तार किया है। इस मकान से 26 किलो 760 पर ग्राम क्रिस्टल/एमडीएमए पाउडर, अवैध रूप से मादक पदार्थ बनाने में प्रयोग होने वाला कच्चा माल, उपकरण, रासायनिक माल व रसायन तथा एक कार बरामद की है। पुलिस की छानबीन में एक आरोपी के पास वैध वीजा मिला है, जबकि एक आरोपी के वीजा की अवधि समाप्त हो चुकी है। वहीं दो आरोपियों के पास कोई वीजा या पासपोर्ट नहीं मिला है।

आरोपी नाइजीरिया से आकर भारत में अवैध रूप से रह रहे थे। डीसीपी साद मिया खान ने बताया कि पुलिस की अभी तक की छानबीन में पता चला है यह गिरोह शॉपिंग एप्स के माध्यम से ड्रग्स की दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करते थे।

इसके अलावा ऑनलाइन ऑर्डर और एजेंट के माध्यम से भी ड्रग्स की सप्लाई की जा रही थी, अभी तक की जांच में यह भी पता चला है यह गिरोह दिल्ली एनसीआर के विभिन्न यूनिवर्सिटी और कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ड्रग्स की सप्लाई करता था।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत एनसीसी कैडेट ने किया योगदान

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत सरकार की तरफ से 3 अप्रैल से 18 अप्रैल-2024 तक चलाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत गलगोटिया विश्वविद्यालय के 40वीं यूपी एनसीसी बटालियन के कैडिट ने अपने विश्वविद्यालय के परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान। इस कार्यक्रम की शुरुआत गलगोटियास विश्वविद्यालय के वॉइस चॉसलर डा. के. मल्लिखार्जुन बाबू ने स्वयं अपने हाथों से सफाई अभियान चलाकर की। उनके बाद स्टूडेंट्स वेलफेयर के डीन ए.के. जैन और गलगोटियास विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रशिक्षित केयर-टेकर ऑफिसर दुष्यंत राणा ने एनसीसी कैडेट के साथ मिलकर गलगोटियास विश्वविद्यालय के परिसर

में स्वच्छता-अभियान चलाया। इस स्वच्छता-अभियान के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर है।

गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये आम जनमानस को जागरूक करने के लिये इस प्रकार के कार्यक्रमों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज पूरी धरती की सुरक्षा के लिये पर्यावरण की सुरक्षा करनी निश्चित रूप से करनी होगी।

एनसीसी के कैडेट्स ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत दिया सफाई का संदेश

ग्रेटर नोएडा। ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल सिरसा के 31 तथा 40 उत्तर प्रदेश बटालियन के एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सिरसा गोलचक्कर पर सफाई कर देश को स्वच्छ रखने का सन्देश दिया। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना शर्मा ने सभी को स्वच्छता का महत्व बताया और स्वच्छता रैली को स्वच्छता के सन्देश के साथ रवाना किया। कैडेट्स ने तृतीय ऑफिसर राजकुमार एवं परेड इंस्ट्रक्टर रुपेश की अगुआई में रैली निकाली और सिरसा गोलचक्कर पर सफाई कर अपना योगदान दिया।

प्रोजेक्ट राइटिंग व कंटेंट क्रिएशन पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ आई सीटीके आईटी विभाग ने दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रोजेक्ट राइटिंग एवं कंटेंट क्रिएशन के लिए उपयोग में आने वाले विभिन्न टूल्स एवं तकनीकियों में कार्य करना सीखया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संजय कुमार शर्मा डीन स्कूल ऑफआईसीटी के नेतृत्व में हुआ संपन्न हुआ। उन्होंने छात्रों को प्रोजेक्ट राइटिंग एवं कंटेंट क्रिएशन के लिए प्रेरित किया एवं ज्यादा से ज्यादा प्रोजेक्ट वर्क पे कार्य करने का प्रोत्साहन दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आना कुमार, संध्या, डॉ.

नीता सिंह के नेतृत्व में हुआ संपन्न हुआ। कंप्यूटर साइंस विभाग के हेड ने छात्रों को जर्नल्स के प्रति जगरुक किया एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग की हेड ने रिपोर्ट के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान आईटी विभाग की हेड डॉ नीता सिंह ने रिसर्च रिपोर्ट में उपयोग आने वाले विभिन्न टूल्स मेंडली, स्किस्पेस एवं रिसर्च रिपोर्ट पब्लिकेशन के बारे में बताया। कार्यशाला के दौरान स्कूल ऑफआईसीटी की सभी फैकल्टी डॉ. आरती, डॉ. विमलेश, डॉ. आर. बी सिंह तथा छात्रों ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया तथा विभाग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

साढ़े सात लाख की शराब पकड़ी, दो तस्कर गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में तस्करी कर लाई गई साढ़े सात लाख की शराब के साथ दो तस्करों को बिसरख

थाना पुलिस ने तिगरी गेट के पास से अरेस्ट किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। बिसरख थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों की पहचान सागर उर्फ मोन्टी निवासी बाग पालम कालोनी राजनगर पार्ट दिल्ली और रमन निवासी पालम दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से डिलवरी वाहन में रखी 200 पेटी देशी शराब हरियाणा मार्का का बरामद की है। आशंका है कि यह शराब चुनाव में बांटने के लिए लाई गई थी।

बीसीसीएम में जूनियर मास्टर सैफ प्रतियोगिता आयोजित

ग्रेटर नोएडा, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। ब्रिटिश कोलंबिया कॉलेज (बीसीसीएम) ग्रेटर नोएड ने हाल ही में 16 से 18 अप्रैल तक तीन दिनों तक जारी रहने वाले जूनियर मास्टर सैफ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में ग्रेटर नोएडा और नोएडा के स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। फाइनल प्रतियोगिता में, भारत राम ग्लोबल स्कूल के छात्रों (मोलंगीन्य और तेजस्वी राठौड़) ने पहला स्थान हासिल किया। डीपीएस ग्रेटर नोएडा के छात्रों (केशा सिंह और गूगसी बाली) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और तीसरा स्थान रमेश इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों (अमीना मुर्तुजा और मधिया रानी) को मिला। पुरस्कार वितरण के लिए, प्रोफेसर शेफ विकास, रेडिसन होटल

ग्रेटर नोएडा के सेलिब्रेटी एग्जीक्यूटिव शेफ अनुज कपूर के साथ अन्य प्रोफेशनल शेफ भी उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान करके उन्हें प्रोत्साहित किया। संस्था के एमडी और सीईओ दीपक झा ने कहा कि इस तरह से प्रतियोगिता का आयोजन करने का उद्देश्य है कि स्कूल के बच्चों के अंदर टूरिज्म और हॉस्पिटलिटी सेक्टर के तरफ रुझान को बढ़ाना है। जिस तरह से देश में टूरिज्म बढ़ रहा है उस अनुपात में हमारे पास मैनपावर की कमी हो रही है तो इसके लिए हमें स्कूलों के साथ काम मिलकर प्रतियोगिता का आयोजन करके बच्चों में लोगों को जागरूक करना है।

लॉयड बिजनेस स्कूल व हार्वर्ड बिजनेस स्कूल पब्लिशिंग ने किया समझौता

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। लॉयड बिजनेस स्कूल ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल पब्लिशिंग और लॉयड बिजनेस स्कूल के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह की मेजबानी की। इस समारोह का उद्देश्य लॉयड बिजनेस स्कूल में हार्वर्ड प्रबंधन प्रमाणन कार्यक्रम की शुरूआत को सुविधाजनक बनाने के लिए दो प्रतिष्ठित संस्थानों के बीच रणनीतिक साझेदारी को औपचारिक रूप देना था।

अमित सिद्धार्थ, रणनीतिक संबंध प्रबंधक और अंकुश जौहरी राष्ट्रीय प्रबंधक उच्च शिक्षा ने इस समझौते के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया और हार्वर्ड के प्रसिद्ध प्रबंधन कार्यक्रम को लॉयड बिजनेस स्कूल में लाने के महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रोफेसर डॉ. वंदना अरोरा सेठी, मुख्य रणनीति अधिकारी और प्रोफेसर डॉ. रिपुदमन गौड़, डीन पीजीडीएम ने उनकी साझेदारी के लिए हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग के प्रति आभार व्यक्त किया और इस सहयोग से लॉयड बिजनेस स्कूल के छात्रों और संकाय को होने वाले लाभों पर जोर दिया।

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655
Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

स्व लक्ष्य के विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों का दिखा उत्साह

ग्रेटर नोएडा, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। आईआईएमटी कॉलेज समूह में गुरुवार से दो दिवसीय स्व लक्ष्य-2024 की शुरुआत बड़े ही धूमधाम से हुई। इस समारोह में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं को चार भागों में बांटा गया। जिसमें पहला टेक्निकल ग्रुप, इसमें गेमिंग (बीजीएमआई), वाई-फाई आइडिया, ब्रिज मेकिंग, मिनी मिलिशिया, टेक्निकल क्विज, सिटंबल गाईज, दूसरा यूफोनी समूह इस ग्रुप में स्टैंड अप कॉमेडी, नुक्कड़ नाटक, फोटो उत्सव, स्किट, सोलो सिंगिंग, सोलो डांस, ग्रुप डांस, तीसरा ग्रुप साहित्य- जिसमें

डिबेट, जीके क्विज काव्य पाठ, निबंध लेखन

(हिन्दी और अंग्रेजी) और चौथी प्रतियोगिता आर्टिस्ट की रखी गई जिसमें रंगोली, पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, आर्ट ऑफ वेस्ट, कोलॉज मेकिंग, इसी के साथ ही एक खेल प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टैग ऑफ वार, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, कबड्डी, लॉन्ग जंप, हाई जंप, जिसमें में दिल्ली-एनसीआर के कई कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आईआईएमटी कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल ने कहा कि जिंदगी जीने के लिए जीवन में अपना खुद का एक लक्ष्य होना चाहिए। लक्ष्य के सहारे ही जिंदगी को एक सलीके से जिया जा सकता है। केवल लक्ष्य निर्धारित करने के कुछ नहीं होगा उसको पाने के लिए कठिन परिश्रम की भी आवश्यकता होती है।

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

बेहद अहम चुनाव का आगाज़

543 सीटों वाली भारतीय लोकसभा के लिये जिस आम चुनाव का प्रारम्भ पहले चरण के रूप में शुक्रवार से हो रहा है, उसे अगर आजादी के बाद का सर्वाधिक महत्वपूर्ण निर्वाचन माना जा रहा है तो वह इसलिये गलत नहीं है क्योंकि इस चुनाव के नतीजों से अनेक बातें तय होने जा रही हैं। मसलन, कि भारत में लोकतंत्र बचेगा या तानाशाही कायम हो जायेगी, देश संविधान द्वारा निर्देशित होता रहेगा या जैसा कि अप्रत्यक्ष संकेत मिल रहे हैं कि इसे परे कर दिया जायेगा; और तो और, क्या इसके बाद चुनाव होंगे भी या नहीं- जिसकी आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं? ऐसे कई सवाल हैं, कई डर हैं जिनके बीच से गुजरकर देशवासी पहले चरण के अंतर्गत 21 राज्यों की 101 सीटों पर वोट करने जा रहे हैं।

2014 तथा 2019 में बहुमत पाने वाले भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी मर्तबा सता पाने के लिये प्रयासरत हैं। इन 10 वर्षों में बेहद सुनियोजित तरीके से प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सभी राजनैतिक व आर्थिक शक्ति यों को अपने प्रभाव में ले लिया है। पहले क्त दौर (2014-19) में उनका दिया 'कांग्रेस मुक्त भारत' का नारा दूसरे दौर (2019 से अब तक) में पहुंचकर 'विपक्ष मुक्त भारत' में बदल गया। यह नारा पहले अभियान और फिर मोदी के लक्ष्य में बदल गया है। ज़ाहिर है कि लोकतंत्र में विश्वास करने वाला कोई भी व्यक्ति विपक्ष मुक्त देश की कल्पना कर ही नहीं सकता। विपक्षी नेताओं, सांसदों, विधायकों या अन्य जनप्रतिनिधियों को डरा-धमकाकर अथवा प्रलोभन देकर भाजपा में शामिल कराना, 'ऑपरेशन लोटस' के नाम पर निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराना या अस्थिर करना, पैसे व ताकत के बल पर उन्हें हटाकर अपनी सरकारें बना लेना भाजपा का नियमित खेल हो गया है।

भारतीय राजनीति को दूषित करने के लिये भाजपा ने धन का निर्लज्ज प्रदर्शन किया। पैसे बटोरने के लिये सरकार किस तरह से चुनावी बॉन्ड्स लाई और केन्द्रीय जांच एजेंसियों के बल पर उसने कैसे अकूत राशि बटोरी, यह भी चुनाव आते-आते साफ हो गया। इसके लिये कतिपय सिविल सोसायटियों के साथ मुख्यत: एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) तथा देश के कुछ स्वतंत्र चेता वरिष्ठ वकीलों ने इस योजना के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं डाली थीं जिसे मोदी सरकार 2018-19 में इलेक्टोरल बॉन्ड्स के नाम पर लेकर आई थी। इसके जरिये भाजपा को खूब पैसे मिले हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इसे 'असंवैधानिक' करार देते हुए इसे रद्द कर दिया। इस फैसले ने भाजपा के भ्रष्टाचार विरोधी होने के मुखौटे को निकाल कर फेंक दिया क्योंकि इसके बारे में कहा गया कि यह देश ही नहीं विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक घोटाला है। इसने यह भी बतला दिया कि मोदी सरकार ने किस प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग धन इकट्ठा करने में किया है। यह अलग बात है कि अब भी नरेन्द्र मोदी इसे एक अच्छी योजना यह कहकर साबित करने की कोशिश कर रहे हैं कि इसके कारण अब पता चल रहा है कि राजनीतिक दलों को पैसा कहां से मिला है। यानी कि मनी ट्रेल की जानकारी हो रही है। यह योजना भाजपा के लिये इतनी फायदेमंद साबित हुई है कि देश की सबसे बड़ी अदालत द्वारा इसे असंवैधानिक करार दिये जाने के बावजूद यह सरकार उसके नये वर्ज़न पर वित मंत्रालय के जरिये काम कर रही है ताकि उसे जीतने पर तीसरे कार्यकाल में लाया जा सके।

जनता की बदहाली तथा उसके चौमुखी शोषण पर आधारित एक कठोर पूंजीवादी मॉडल भी मोदी सरकार की देन है जिसमें आर्थिक गैरबराबरी इतनी बढ़ी है जितनी कि पिछले करीब पांच दशकों में नहीं बढ़ी थी। देश के 85 करोड़ लोग 5 किलो प्रति माह राशन की लाइन में खड़े होते हैं और श्री मोदी के करीबी दो कारोबारी- गौतम अदानी व मुकेश अंबानी दुनिया के सर्वाधिक अमीर लोगों की सूची में हैं। पौना शताब्दी की भारतीयों की मेहनत व गाढ़े पसीने की कमाई से निर्मित सरकारी उपक्रम मोदी सरकार ने कुछ लोगों को औने-पौने भाव में दे दिये।

सत्ता की राह आसान करने के लिये ऐसा सामाजिक विखंडन किया है, जिसको वापस दुरुस्त करने में शायद दशकों लगें। पूरे समाज का साम्प्रदायिक विभाजन कर दिया गया है। कपड़ों से पहचानने, श्मशान-कब्रिस्तान, बजरंगबली, राममंदिर, विरोधियों को पापियों के रूप में निरूपित करते हुए चुनावों में उन्हें न भूलने जैसे नारे देकर पीएम ने देश का जो नुकसान किया है उसकी जल्दी भरपाई होने से रही। राजनैतिक लाभ उठाने भाजपा ने अगड़ों-पिछड़ों के बीच के बैर को भरपूर बढ़ाया है। अब इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाने के लिये संविधान बदलने की बात हो रही है जिसमें आरक्षण की व्यवस्था नहीं होगी। इसी के लिये भाजपा 400 पार के नारे दे रही है, जिसकी तस्दीक उसके कई नेता व उम्मीदवार कर रहे हैं।

अपनी सत्ता को मजबूत करने के लिये मोदी ने अपनी पार्टी के साथ संसद, नौकरशाही, निर्वाचन आयोग समेत सभी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर दिया गया है। नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने तथा सरकार पर अंकुश रखने वाली ये संस्थाएं भी आजादी पाने के लिये कसमसा रही हैं। अपनी छवि बनाने तथा विपक्ष को जनता की नज़रों से गिराने के लिये मोदी ने मीडिया को भी अपने नियंत्रण में कर रखा है। पीएम के तमाम कामों को महान उपलब्धियां व देशहित में साबित करने के लिये देश की मुख्यधारा की मीडिया को काम पर लगाया गया है। उसकी सहायता आईटी सेल व पोषित ट्रोलर करते हैं जिनका काम मोदी की हर नाकामी को 'मास्टर स्ट्रोक' बतलाना है। पहले चरण से जनता को तय करना होगा कि आखिर उन्हें कैसी सरकार चाहिये।

प्रांतीय राजनीति की चुनौती

नरेंद्र मोदी और उनकी प्रचार मंडली को इस बात का श्रेय दिया ही जाना चाहिए कि वे इस चुनाव में कई मामलों में बढ़त बना चुके हैं। सरकार, भाजपा की जगह मोदी की गारंटी और चार सौ पार जैसे नारों से उन्होंने अपने समर्थकों को उत्साहित करने की कोशिश की है। नए नारे या जुमले गढ़ने में मोदी जी का जबाब नहीं है। पहले भी काफी बार ऐसे नारे गढ़े गए थे और उनके न पूरा होने या चुनाव हारने के बाद अमित शाह को कहना पड़ा कि ये तो अपने कार्यकर्ताओं को उत्साहित और प्रेरित करने के लिए हैं।

आज यह सवाल सबसे मौजूं है कि चार सौ सीटें आएंगी कहां से? जो कोई राज्यवार हिसाब लगाता है वह सारी उदारता बरतते हुए भी 272 पार नहीं कर पाता क्योंकि उत्तर और पश्चिम के राज्यों में भाजपा ने पिछली बार लगभग सारी सीटें जीती थीं और दक्षिण तथा पूरब में बहुत कम। इस बार दक्षिण और पूरब में भी सीटें बढ़ने की जगह घटती लग रही हैं और उत्तर तथा पश्चिम में भी। वहां भाजपा के लिए सीटें बढ़ाने की गुंजाइश तो नहीं ही बची है। भाजपा को अपने सौ से ज्यादा सांसदों का टिकट काटना पड़ा है और जगह-जगह बगावत है। कई मंत्री बेटिकट रह गए हैं। दर्जन भर मुद्दों की रस्साकशी के बाद मोदी जी खुद मुद्दा बन गए हैं, सारा चुनाव अपने ऊपर ओढ़ लिया है। चुनाव घोषणा पत्र में सबसे ज्यादा 65 बार नरेंद्र मोदी आया है।

जब काफी लंबी अनिश्चितता के बाद अचानक इंडिया गठबंधन उभर आया तो सारी कवायद उसे बदनाम करने, तोड़ने और एक 'शेर और जाने कितने गीदड़ों' की लड़ाई बताने की रही। पर जल्दी ही समझ आया कि लीडर के दावे और सारे प्रचार के बावजूद विविधता भरे इस देश में गठबंधन के बगैर काम नहीं चलाने वाला है तो सारे लिहाज छोड़कर जाने किस-किस दल या नेता के साथ गठबंधन किया गया, एनडीए को पुनर्जीवित करने का नाटक किया गया। कई राज्यों में स्थानीय मजबूद क्षेत्रीय दल के खिलाफ साम- दाम- दंड- भेद अपनाने के बावजूद बात नहीं बनी।

इस बदलाव के बावजूद यही लगता है कि भाजपा के रणनीतिकारों को यह बात समझ ही नहीं आई है कि नब्बे के दशक के बाद इस देश की राजनीति एकदम बदल गई है। भले इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1985 में कांग्रेस को 413 सीटें मिलीं लेकिन उसे अपना कार्यकाल पूरा करना भारी पड़ गया। जीत के इसी गुमान में कांग्रेस ने अपने चंडीगढ़ अधिवेशन में एकला चलो का नारा दिया था जबकि वी.पी. सिंह ने अपने मुट्ठी भर साथियों के साथ अलग किस्म की राजनीति की और भाजपा तथा कम्युनिष्ट पार्टियों को भी मजबूर किया कि वे उनकी सरकार को समर्थन दें। दुर्भाग्य से यह प्रयोग तो लंबा नहीं चला लेकिन कांग्रेस और भाजपा दोनों को गठबंधन राजनीति और क्षेत्रीय दलों की उभरती ताकत का अंदाजा हो गया। राव साहब ने क्षेत्रीय दलों को गलत ढंग से पटाकर अल्पमत की सरकार चलाई लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने तो धारा 370 हटाने, राम मंदिर का निर्माण और कामन सिविल कोड जैसे

अरविन्द मोहन

> क्षेत्रीय दलों की धमक बढ़ने के पीछे उनकी संसद मे उपस्थिति बढ़नी मुख्य कारण था। उनके मजबूत समर्थकों ने जोखिम लेकर भी उनके उम्मीदवारों को संसद में भेजा। जाहिर तौर पर ऐसा राज्य में मजबूती आने के बाद हुआ। और एक समय तो ऐसा आया कि चुनाव आयोग की परिभाषा से राष्ट्रीय मानी जाने वाले सारी पार्टियों के सांसदों की कुल संख्या क्षेत्रीय दलों के सांसदों से कम होने लगी।

अपने बुनियादी मसलों को ताक पर रखकर नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस- एनडीए बनाया और राज किया।

यह नई चीज थी- देश में क्षेत्रीय दलों की राजनीति का निरंतर प्रबल होना। नेहरू के समय के कांग्रेस के बारे में माना जाता था कि वह सामाजिक स्तर पर एक 'रेनबो कॉलिशन' बनाकर चलती थी। प्रसिद्ध राजनीति विज्ञानी रजनी कोठारी इसे नेहरू माडल ही कहते हैं। हालांकि तब भी पूर्वोत्तर, तमिलनाडु और पंजाब में भिन्न स्वर सुनाई देने लगे थे लेकिन कुल मिलाकर कांग्रेस सारे समाज को साथ रखती थी। पर धीरे धीरे वह ब्राह्मण, दलित और मुसलमान पार्टी बनने लगी और मध्य जातियां समाजवादी आंदोलन के प्रभाव में उससे छिटकती गईं। कालांतर उन्होंने अपनी मजबूत पार्टियां बनाईं। आज उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल, हरियाणा में लोकदल, पंजाब में अकाली दल, कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस- पीडीपी, ओडिशा में बीजद, प. बंगाल में टीएमसी और दक्षिण के राज्यों की तो पूरी राजनीति क्षेत्रीय दलों के कब्जे में आ गई।

शुरू में कांग्रेस और कथित राष्ट्रीय पार्टियां इन आंदोलनों/दलों को देश की एकता के लिए खतरा बताती थीं, इनके नेताओं को जातिवादी-परिवारवादी बताती रहीं। लेकिन वीपी सिंह वाले प्रयोग ने यह ठप्पा हटा दिया। देश में पहली बार सिर्फ एक मुसलमान मुफ्ती मोहम्मद सईद को गृह मंत्री ही नहीं बनाया गया था, अंगरेजी न जानने वाले देवी लाल उप प्रधानमंत्री और फिर तो रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय समेत सारे महत्वपूर्ण मंत्रालयों पर क्षेत्रीय सूरमा आए और उन्होंने मजे से बढ़िया शासन किया। 'कुशासन और जंगल राज' के लिए बदनाम लालू यादव का रेल मंत्रालय प्रबंधन हार्वर्ड के मैनेजमेंट कोर्स में शामिल हुआ। कई फैसले (खासकर क्षेत्रीय दल से जुड़े मंत्रियों को लेकर) दिल्ली की जगह चेन्नई, लखनऊ और पटना में होने लगे। देश टूटने का खतरा और देशद्रोही वाला तमगा जाने कहां बिला गया। करुणानिधि, जयललिता और प्रकाश सिंह बादल जैसे लोग दिल्ली नहीं आए लेकिन दिल्ली की राजनीति में उनकी धमक बढ़ी।

क्षेत्रीय दलों की धमक बढ़ने के पीछे उनकी संसद मे उपस्थिति बढ़नी मुख्य कारण था। उनके मजबूत समर्थकों ने जोखिम लेकर भी उनके उम्मीदवारों को संसद में भेजा। जाहिर तौर पर ऐसा राज्य में मजबूती आने के बाद हुआ। और एक समय तो ऐसा आया कि चुनाव आयोग की परिभाषा से राष्ट्रीय मानी जाने वाले सारी पार्टियों के सांसदों की कुल संख्या क्षेत्रीय दलों के सांसदों से कम होने लगी। वोट प्रतिशत में वे कब का पचास फीसदी पार कर गई थी। इधर दो चुनाव से और पुलवामा की घटना के बाद मोदी तथा भाजपा के आसमान पर पहुंचने के बाद यह हुआ कि राष्ट्रीय पार्टियों के सांसदों की संख्या फिर आधे से ऊपर हो गई थी (हालांकि क्षेत्रीय दलों की हिस्सेदारी भी 42-43 फीसदी है) लेकिन मत प्रतिशत में पिछली लोक सभा में भी क्षेत्रीय दल ऊपर थे। और इस बार मोदी और मीडिया के सारे शोर-शराबे के बावजूद अगर पहली नजर में और राज्यवार गिनती में भाजपा चार सौ या 370 के कहीं आसपास नहीं लगती है तो उसका कारण क्षेत्रीय दलों की निरंतर बनी मजबूती है।

बात इतनी नहीं है। क्षेत्रीय दल समाज और राजनीति की जो जरूरत पूरी करते हैं उसे पूरा करना किसी राष्ट्रीय दल के वश की बात नहीं है। हिन्दू, अगड़ा, पुरुष, शहरी और कारपोरेट हितों का रक्षक होना अगर भाजपा का मुख्य चरित्र बन गया है तो पिछड़ा, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, गरीब और ग्रामीण जनता ही क्षेत्रीय दलों का आधार और भाजपा से ज्यादा चिंता के केंद्र में है। भाजपा जैसे-जैसे ज्यादा ताकतवर हुई है ज्यादा बेशर्मी से मुसलमानों से आंख फेरती जा रही है।

हल्के एहसास के साथ भाजपा ने बीजद, अन्नाद्रमुक, भारत देशम पार्टी और अकाली दल के साथ गठबंधन बनाने का असफल प्रयास किया। तमिलनाडु में उसका घुसना मुश्किल हो गया तो आंध्र में उसे चंद्रबाबू का सहारा लेना पड़ा है जिसे पार्टी की सरकार ने केन्द्रीय एजेंसियों के माध्यम से पचहत्तर दिन जेल में रखा था। जेल से नेताओं को तोड़ने का प्रयास तो पूरे देश में हो रहा है लेकिन हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की गिरफ़्तारी ने हवा बदल दी है। अदालत ने अगर चुनावी बांड पर भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागर किया तो इन गिरफ्तारियों ने हवा बदली है। पहला लक्षण तो मुरझाए इंडिया गठबंधन में जान आना है। कांग्रेस भी अब एकला चलो का नारा छोड़ने से काफी आगे आ गई है। अब तो वह देश भर में जातिवार जनगणना और आरक्षण की सीमा पचास फीसदी से भी ऊपर करने की मांग को लेकर आई है।

कांग्रेस के घर-घर गारंटी कार्यक्रम का अच्छा असर

■ हरिहर स्वरूप

3 अप्रैल को जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के 'घर-घर गारंटी' कार्यक्रम को लॉन्च करने के लिए उत्तरी दिल्ली के उस्मानपुर की संकरी गलियों में चले गये, तो इस घटना ने ऐसी ही एक यात्रा की पुरानी स्मृति ताजा कर दी।

लगभग पांच दशक पहले इसी क्षेत्र में पहली बार कांग्रेस के चुनाव चिन्ह 'हाथ' का इस्तेमाल चुनाव में किया गया था। इस घोंडा विधानसभा सीट - जहां उस्मानपुर स्थित है - से 1978 में तत्कालीन मेट्रोपॉलिटन काउंसिल के लिए उपचुनाव हुए थे। 1977 में कांग्रेस के विभाजन के बाद, जब देवराज अर्स गुट ने 'गाय और बछड़ा' प्रतीक लिया, तो इंदिरा गांधी ने हाथ चुना।

> राहुल ने लोगों के साथ पार्टी का जुड़ाव फिर से स्थापित करने और एक नेता के रूप में अपनी छवि को फिर से स्थापित करने के लिए दो देशव्यापी यात्राएं कीं। कांग्रेस ने गठबंधन बनाने के लिए समझौता किया है और सीटों का त्याग किया है। साथ ही, इसने भाजपा के हिंदुत्व-प्लस अभियान का मुकाबला करने के लिए खेल के नियम बदलने वाले विचारों के बारे में भी सोचने की कोशिश की है।

दोनों घटनाओं की तुलना में हम पाते हैं कि अगर वह 1977 में अपनी हार के बाद सत्ता में वापसी करना चाह रही थी, तो 2024 के लोकसभा चुनावों की पूर्व संध्या पर कांग्रेस खुद को और भी गंभीर स्थिति में पाती है, और सत्ता में वापसी की भरपूर कोशिश कर रही है।

उदाहरण के लिए, उत्तर पूर्वी दिल्ली को लीजिए। मलिन बस्तियों और पुनर्वास कॉलोनियों का निर्वाचन क्षेत्र कभी कांग्रेस का गढ़ था। अब यह विधानसभा राज्य विधानसभा के चुनाव में आप को और लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देती है। भाजपा ने कभी लोकप्रिय रहे भोजपुरी गायक और अभिनेता मनोज तिवारी को उस सीट से मैदान में उतारा है, जहां पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रवासियों की एक बड़ी आबादी रहती है।

लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के साथ, कांग्रेस को निर्वाचन क्षेत्र वापस जीतने का मौका मिल रहा है। आप कार्यकर्ता कांग्रेस उम्मीदवार का समर्थन कर रहे हैं, इसलिए क्षेत्र से 'घर-घर गारंटी' शुरू करने का निर्णय लिया गया है। आम जनता से गहरे सम्पर्क साधने के प्रयास के हिस्से के रूप में, पार्टी गारंटी कार्ड वितरित कर रही है जिसमें पार्टी के पांच मुख्य चुनावी वादों को सूचीबद्ध किया गया है। जहां खड़गे ने उस्मानपुर में पहल शुरू की, वहीं राहुल गांधी ने उसी दिन वायनाड में ऐसा किया, जहां से वह चुनाव लड़ रहे हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेसी ने कहा, यह उत्तर और दक्षिण को संतुलित करने के लिए किया गया था।

कार्यक्रम के तहत पार्टी कार्यकर्ता गारंटी कार्ड लेकर आठ करोड़ घरों में जायेंगे। अभियान के पीछे का विचार संगठन को संगठित करना और कार्यकर्ताओं में जोश भरना है।

वहीं वरिष्ठ नेता ने यह भी बताया किइस बार घोषणापत्र काफी अच्छे समय में जारी किया गया है। 2019 में इसे पहले चरण के चुनाव से ठीक चार दिन पहले लॉन्च किया गया था, जिसका मतलब था कि संगठन को वायदों को लोकप्रिय बनाने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिला।

कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, जिसे 'न्याय पत्र' का नाम दिया गया है, 5 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया और पहली बार कांग्रेस ने घोषणापत्र जारी करने के लिए रैलियां कीं। जहां एक ओर पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के साथ जयपुर में घोषणापत्र जारी किया- जहां पार्टी दिसंबर में विधानसभा चुनावों में सत्ता बरकरार रखने में विफल रही-वहीं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल के साथ इसे हैदराबाद में जारी किया। ध्यान रहे कि हाल ही में हुए विधान सभा चुनावों में कांग्रेस ने तेलंगाना में जीत हासिल की है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, 'घोषणापत्र जारी करने और घर-घर गारंटी कार्यक्रम को लेकर सक्रियता के पीछे का उद्देश्य यह संकेत देना है कि हमारा मनोबल कम नहीं हुआ है।' 'इसका उद्देश्य उस कथा को नकारना है कि कांग्रेस आयकर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई की पृष्ठभूमि में बचाव की मुद्रा में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार कहा जा रहा है कि भाजपा 370 सीटें पार कर जायेगी और एनडीए 400 से अधिक सीटें जीतेगी।'

पिछले डेढ़ साल में कांग्रेस ने उन चीज़ों को तैयार रखने का प्रयास किया है जिन्हें उसके शक्ति क्षेत्रों के रूप में देखा जाता था। उदाहरण के लिए, पार्टी अध्यक्ष के रूप में खड़गे के चुनाव को भाजपा के 'वंशवादी पार्टी' के हमले को कुंद करने के प्रयास के रूप में देखा गया। राहुल ने लोगों के साथ पार्टी का जुड़ाव फिर से स्थापित करने और एक नेता के रूप में अपनी छवि को फिर से स्थापित करने के लिए दो देशव्यापी यात्राएं कीं। कांग्रेस ने गठबंधन बनाने के लिए समझौता किया है और सीटों का त्याग किया है। साथ ही, इसने भाजपा के हिंदुत्व-प्लस अभियान का मुकाबला करने के लिए खेल के नियम बदलने वाले विचारों के बारे में भी सोचने की कोशिश की है। उसे उम्मीद है कि जाति जनगणना पर उसके जोर देने से लोकसभा चुनाव में सीटें जीतने में मदद मिलेगी।

पावन प्रसंग

सत्कर्म का विचार टालिए नहीं

मत सत्कर्म की पुण्य प्रवृत्ति कभी-कभी ही होती है? ऐसा उत्साह भगवान की प्रेरणा और पूर्वसंचित लाभ शुभ कर्मों का उदय होने पर ही जाग्रत होते है; अन्यथा मनुष्य स्वार्थ और पाप की बातें सोचने में ही दिन गुजारता रहता है। इसलिए परमार्थ की पुण्य प्रवृत्तियां जब कभी उत्पन्न हो तो उसेकार्यान्वित करने के लिए साहस का प्रयोग ही कर डालना चाहिए। यह ठीक है कि आज पुण्य और परमार्थ के नाम पर धर्मध्वजी लोग जनता का शोषण करते हैं। अमुक कर्मकांड कर लेने से स्वर्ग मुक्ति के बड़े-बड़े सपने दिखाते हैं और भोले भाले लोगों की जेब काट लेते है। उस प्रवंचना से बचना उचित है, पर साथ ही यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे पिछले हुए देश में अदणित समस्याओं और कठिनाइयों से मनुष्य समाज बुरी तरह त्रस्त हैं और उसकी दुष्प्रवृत्तियों से प्राणिमात्र को भारी विपत्ति का सामना करना पड़ रहा है। इन उलझनों को सुलझाये और कठिनाइयों को हल करने के लिए हममें से प्रत्येक व्यक्ति कुछ न कुछ कर ही सकता है। सच्चे और विवेकपूर्ण परमार्थ के अवसर भी संसार में कम नहीं है।

यह सोचना ठीक नहीं किस जब ऐसा अवसर आएगा, तब यह करेंगे। हो सकता है कि हमारा इच्छित अवसर जीवन में कभी भी न आ और ये परमार्थ की आकांक्षाएं कल्पना ही बनकर रह जाए। जो साधन आज प्राप्त हैं, उन्हीं के आधार पर वर्तमान परिस्थितियों में संभव हो सकने वाले सत्कर्मों के लिए हमें प्रयत्नशील हो जाना चाहिए। हजार मन सोचने से एक मन करना अच्छाच है। आज तो परमार्थ भावना किसी सत्प्रेरणा या सौभाग्य से प्राप्त हुई है. यदि उसे पीछे के लिए धकेल दिया गया, तो कौन जाने कब वैसा उत्साह पुन: हो या न हो।अमुक सुविधा मिलने पर अमुक कार्य करने की शर्त लगाना एक प्रकार की बहाने बाजी है, जिससे अपनी उस उठी हुई सत्प्रवृत्ति को बहकाकर या बहलाकर पीछे के लिए टाल दिया जाया करता है यह उचित नहीं। उचित यही है कि आज की परिस्थितियों में अपने लिए जो संभव है उतना ही सोचें और जो उपयुक्त प्रतीत हो, उसे कार्यान्वित करने का भी साहस प्रदर्शित करें।

सत्यनारायण व्रत कथा में साधु वैष्णव का उपाख्यान आता है. जिसने संतान प्राप्ति होने पर व्रतकथा के लिए प्रतिज्ञा की थी। जब कलावती कन्या उत्पन्न होती है फिर उसकी पूर्वरुचि हलकी पड़ जाती है। आजकल करते-करते कन्या का विवाह हो गया, जामाता व्यापार करने लगा, तब भी वह सत्यनारायण की कथा करने का संकल्प अपूर्ण ही बना रहा। इसी तरह एक और कथा है कि कोई व्यक्ति खजूर की पेड़ पर चढ़ गया। नीचे उतरते हुए उसे मृत्युभय दीखने लगा, तो उसने मनौती मांगी कि नीचे कुशलतापूर्वक उतरने पर इतना दान करूंगा।आधी दूर नीचे उतर आया, तो उसने वह दान की राशि मन ही मन आधी कर ली और आधा नीचे उतरा तो उसे घटाकर चौथाई कर लिया और नीचे जमीन पर उतरने दान एक बहुत छोटी सी चिन्हपूजा जैसा रह गया। सत्यकर्म करने में परिस्थितियां नहीं, भावना प्रधान होती है। भावना प्रबल हो तो निर्धन और असमर्थ दीखने वोला व्यक्ति भी वह कर गुजरते हैं, जो असाधारण एवं आश्चर्यजनक होता है। इसके विपरीत जिनके पास बहुत कुछ है, वे बड़ी कठिनाई से कभई-कभी राई-रत्ती सत्कर्म कर पाते हैं। श्रेष्ठ सत्कर्म मनुष्य से सदा नहीं बन पड़ते। उनमें कितनी ही बाधाएं आ खड़ी होती हैं।अपना स्वार्थी मन कम बाधक नहीं होता।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

समाधान चिन्ता में नहीं, चिन्तन में है

चिन्ता और तनाव इस युग की सर्वाधिक व्यापक मानसिक व्याधियां हैं। वैभव के शिखर पर बैठे व्यक्ति से लेकर साधारण मानव तक यह रोग फैला हुआ है। बड़ी विचित्र स्थिति है कभी तो व्यक्ति इसलिये दु:खी होता था कि उसको जीवनयापन के आवश्यक साधन भी उपलब्ध नहीं हो रहे हैं किन्तु आज व्यक्ति इस लिये दु:खी है कि सब कुछ होते हुए भी उसका मन शान्त नहीं है। ऐसा क्यों हो रहा है? अभाव के कष्ट आज कष्ट नहीं रह गये हैं, आज कष्ट है उलझनों के। व्यक्ति चाहे कितना ही वैभवसंपन्न क्यों न हो, वह शान्ति से नहीं जी सकता क्यों कि उसकी उलझनें ही ऐसी है जो कुछ उसका उपार्जन है संचय है, वह स्वस्थ एवं श्रमशीलता का नहीं है। वह उपार्जन ही उलझनों का है। अपने अर्जन को बचाये रखना उसे और बढ़ाते रहना, इसके लिये और नयी नयी उलझनें खड़ी की जाती है। आत्मशान्ति होगी भी तो कैसे? एक धन की ही बात नहीं पद-प्रतिष्ठा अधिकार सारे उपार्जन ही संक्लेशों छल-कपट और चालाकियों से प्राप्त किये जाते हैं तो उनके रहते जीवन में सहज-सरल आनन्द का अनुभव क्यों होगा? जोड़-तोड़ करना और कुछ प्राप्त कर लेना आज की सफलता मानी जाती है। ऐसी सफलता में आत्मानन्द का प्रवेश ही नहीं है। जो छल-कपट से पाया है उसे टिकाने के लिये भी वही तो करना पड़ेगा फिर चिन्ता और तनाव कैसे दूर हों? इनसे मुक्त होने के लिये चिन्तन करना होगा। अपनी सम्पूर्ण कार्य विधि की समीक्षा करनी होगी। छल-कपट और चालाकी के स्थान पर सत्य, सहज और सरल को प्राथमिकता देनी होगी। जैसे-जैसे यह होगा, आपके जीवन में चमत्कार घटित होता चला जाएगा।

आपकी बेचैनी, अनिद्रा, आप के मानसिक तनाव बिना ही कोई औषधि लिये स्वत: समाप्त हो जायेंगे। सारे समाधान आत्म चिंतन और समीक्षा में है। उसका जीवन पर प्रयोग करके तो देखिये।

उत्साह और आशा पूर्ण बनकर अपना चरित्र बनाओ

प्रत्येक जीवन अपरिमित क्षमता का भंडार है। जीवन की महत्वपूर्ण व्यक्ति अपने जीवन में ही निहित है। वे उजागर भी हो सकती है किन्तु आवश्यकता है उत्साह और आशापूर्ण बन कर जीने की। उत्साहहीनता और निराशा जीवन के लिये अन्धकार है। आज इस अन्धकार में लाखों मानव भटक रहे हैं। भटकाव जहां पैदा होता है वहां व्यक्ति किधर चला कोई कुछ कह नहीं सकता। आज जितने पाप पैदा हो रहे हैं, एक मात्र कारण है भटकाव। भटकाव का कारण निराशा है। व्यक्ति जीवन के क्षेत्र में ज्यों ही आगे बढ़ता हैं बहुत अधिक महत्वाकांक्षाएं पाल लेता है। जब महत्वाकांक्षाएं पूर्ण नहीं होती है तो निराशा काले समुद्र में डूबने लगता है। धर्म मानव को निराशा के दलदल से बाहर निकालने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। धर्म का संदेश है अपने आप पर विश्वास करो। हम जो कुछ करते हैं वे ही कर्म है। यह धर्म का शाश्वत सिद्धान्त है और सर्वमान्य है। इस सिद्धान्त में जीवन परिवर्तित करने की अपार क्षमता है। मानव अपनी कार्याविधि में परिवर्तन करके अपने भाग्य को भी बदल सकता है। यह बहुत उत्साहपूर्ण प्रेरणा है। यह प्रेरणा जीवन में फैली हुई निराशा को आशा में परिवर्तित कर देती है। मनुष्य को अपने आप में छुपी हुई शक्तियों की समझ नहीं है इसीलिए उसका भटकाव है। अपने भटकाव का समाधान उसे धर्म के प्रकाश में ढूंढना चाहिये। धर्म व्यर्थ नहीं है। यह अत्यन्त प्रेरक तत्व है। इसे पूर्ण श्रद्धा के साथ आत्मसात कर इसका उपयोग किया जाए तो जीवन की सारी उलझनें अवश्य समाप्त हो जाएगी। धर्म की विधियों को कर्म काण्ड की तरह नहीं कर उसके सूक्ष्मार्थ को समझकर करना चाहिये। धर्म के क्षेत्र में निराशा का अस्तित्व ही नहीं है। यह प्रतिक्षण व्यक्ति को उत्साह प्रदान करने की महान क्षमता रखता है। क्योंकि इसके सिद्धान्त ही जीवन विकास के सूत्र हैं।

कांतिलाल मांडोत, सूरत

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

देश विदेश

लेबनान में इजरायली हमलों में 3 की मौत, 3 घायल

बेरूत। दक्षिणी लेबनान के गांवों पर इजरायली हवाई हमलों में हिजबुल्ला के दो लड़ाके और एक नागरिक की मौत हो गई, साथ ही हमले में तीन नागरिक घायल हो गए। लेबनानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन और युद्धक विमानों ने खियाम के दक्षिण-पूर्व गांव पर छह हवाई हमले और काफर किला के दक्षिण-पूर्व गांव पर तीन हमले किए, जिसके चलते लोग हताहत हुए और संपत्तियों की क्षति हुई। हिजबुल्ला ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कब्जे वाले शेबा फार्म्स, अल-मोटेला और अल-मलिकियाह और गेशर हाज़िव में इजरायली ठिकानों पर हमला किया।

मध्य अफ्रीका गणराज्य में हमला से 14 लोगों की मौत, कई घायल : संरा

संयुक्त राष्ट्र, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। सशस्त्र विद्रोहियों ने मध्य अफ्रीका गणराज्य (सीएआर) में दक्षिणी मबोमौ प्रान्त के एक गांव में हमला कर 14 नागरिकों की हत्या कर दी। हमले में कई लोग घायल हुए हैं और विद्रोहियों ने घरों में आग लगा दी गई। संयुक्त राष्ट्र के मानवतावादियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय (ओसीएचए) ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए कहा कि यूपीसी विद्रोही समूह के सदस्यों ने रविवार को बाकौमा शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूर कोलोगोटा गांव पर हमला किया। ओसीएचए ने कहा कि इस हमले में कई लोग घायल हुए हैं और कई घर जला दिए गए हैं। यह नरसंहार कथित तौर पर इसलिए किया गया, क्योंकि सशस्त्र समूह को ग्रामीणों पर मध्य अफ्रीकी सशस्त्र बलों के साथ सहयोग करने का संदेह था। कार्यालय ने कहा कि सशस्त्र समूहों के हिंसक हमले बढ़ रहे हैं।

लगातार बढ़ रहे है सशस्त्र समूहों के हिंसक हमले

सीएआर में संरा शांति मिशन ने हमलों से प्रभावित क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है : स्टीफन डुजारिक

इजराइल 'यहूदी अवकाश फसह' तक ईरान पर नहीं करेगा हमला

यरुशलेम। 'यहूदी अवकाश फसह' तक इजरायल की ओर से ईरान पर जवाबी हमला शुरू करने की आशंका नहीं है। वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने एबीसी न्यूज ब्रॉडकास्टर को बताया है कि यहूदी अवकाश फसह 22-30 अप्रैल तक मनाया जाता है। अधिकारी ने इस बात से इंकार नहीं किया कि योजनाएं 'हमेशा बदल सकती हैं।' उन्होंने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर और अन्य नेतृत्व अभी भी 'उच्च चेतावनी की स्थिति' में हैं, उनमें से कुछ अभी भी सुरक्षित घरों और भूमिगत सुविधाओं में हैं।

गाजा में मानवीय सहायता के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा

रामल्ला। फिलिस्तीनी के प्रधानमंत्री मोहम्मद मुस्तफा ने मानवीय मामलों के संयुक्त राष्ट्र समन्वयक मुहन्नद हादी के साथ एक बैठक के दौरान गाजा पट्टी में जारी संघर्ष के बीच प्रमुख चुनौतियों पर चर्चा की। मुस्तफा ने बुधवार को हुई इस बैठक में कहा कि चुनौतियों में आपातकालीन सहायता की गुणवत्ता और उपयुक्तता सुनिश्चित करना, गाजा पट्टी में तत्काल जरूरतों को पूरा करने के लिए सहायता वितरण और वितरण के तंत्र को परिष्कृत करने के साथ ही संघर्ष से बाधित आवश्यक सेवाओं को बहाल करना शामिल है। उन्होंने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन के साथ गाजा के लिए मानवीय सहायता पर भी चर्चा की ।

संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस कार्यक्रम यूनेस्को मुख्यालय में आयोजित

बीजिंग, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पांच दिवसीय संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस कार्यक्रम-2024 फ्रांस के पेरिस के यूनेस्को मुख्यालय में शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का विषय है चीनी सभ्यताओं के बीच पारस्परिक सीख के लिए एक पुल का निर्माण।

कार्यक्रम शुरू होने के दिन यूनेस्को देशों के कुछ स्थायी प्रतिनिधियों, यूनेस्को के अधिकारियों और उनके बच्चों के साथ-साथ कुछ चीनी संस्कृति से प्यार करने वाले और चीनी सीख रहे फ्रांसीसी छात्रों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों के अनुसार, इस वर्ष तीसरी बार संयुक्त राष्ट्र चीनी भाषा दिवस यूनेस्को मुख्यालय में मनाया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विशिष्ट चीनी तत्वों के साथ चीनी और फ्रांसीसी बच्चों की चित्र पुस्तकें प्रदर्शित की गईं, जिनमें चीनी पौराणिक कथाओं, लोककथाओं, लोक कहानियों और समकालीन कलाकारों द्वारा बनाए गए बच्चों के साहित्य शामिल हैं। इसके अलावा, चीनी ज्ञानोदय, सुलेख से परिचय, पारंपरिक कागज-काटने और कुंग फू अनुभव के लिए कार्यशालाएं भी हैं। यूनेस्को के उप महानिदेशक छ्यू शिंग ने कार्यक्रम में कहा कि भाषा संस्कृति की वाहक है। यूनेस्को भाषा और संस्कृति के बहुलवाद और विविधता की वकालत करता है।

सुडोकू 6529

7	9					5		3
5	2				6		4	
			5					
		2	6	3		1		
1								8
		5		8	2	4		
					3			
	3		2				7	6
6		1					2	4

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 19 अप्रैल, 2024 चैत शुक्ल पक्ष 11

राशिफल

मेष - स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम के अंत में कम सफलता से निराशा पैदा होगी। संतान के मामले में चिंता पैदा होगी। पेट संबंधी बीमारियों से परेशान होंगे।

वृषभ - आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। सरकार अथवा उनके साथ के आर्थिक व्यवहार से लाभ होगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

मिथुन - नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा। भाग्यवृद्धि के अवसर उत्पन्न होंगे। यात्रा की संभावना है।

कर्क - गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। काम के संबंध में संतोष की भावना जागेगी।

सिंह - आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके स्वभाव में क्रोध और व्यवहार में उग्रता रहेगी। इस पर अंकुश रखें।

कन्या - आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा। स्वभाव में उत्तेजना से काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ अनबन होगा।

तुला - आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना-जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पुत्र और पत्नी से सुख संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज गृहस्थजीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे। व्यापारियों को व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आयवृद्धि होगी।

धनु - आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरुरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन चिंता में रहेंगे। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है। व्यवसाय और नौकरी में तकलीफ खड़ी होगी।

मकर - नकारात्मक विचार हावी न होने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। भागीदारों के साथ संबंध खराब होगा। अचानक प्रवास करने के संयोग खड़े होंगे। उनके पीछे खर्च करने पड़ेंगे।

कुंभ - आपका आज का दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी। स्वभाव में बिंदासपन आपको मन से ताजा रखेगा।

मीन - मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका काम सफल बनाएंगे। परिवार में सुख- शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। गुस्से के कारण आपकी वाणी व्यवहार में उग्रता न आए इसका ख्याल रखें।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1451- बहलोल लोदी ने दिल्ली पर कब्जा किया।
1770- कैप्टन जेम्स कुक आस्ट्रेलिया पहुंचने वाले पहले पश्चिमी व्यक्ति बने
1775- अमेरिकी क्रांति की शुरुआत।
1882- कलकत्ता में पहले प्रसूति अस्पताल की शुरुआत।
1910- हेली पुच्छल तारे को पहली बार सामान्य रूप से देखा गया।
1919- अमेरिका के लेस्ली इरविन ने पैराशूट से पहली बार छलांग लगाई।
1936- फिलिस्तीन में यहूदी विरोधी दंगे शुरू हुए।
1950- श्यामा प्रसाद मुखर्जी केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने वाले पहले मंत्री बने।
1971- भारत ने वेस्टइंडीज को हराकर टेस्ट क्रिकेट श्रृंखला जीती।
1972- बांग्लादेश राष्ट्रमंडल का सदस्य बना।
1975- भारत अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च कर अंतरिक्ष युग में दाखिल हुआ। यह भारत का पहला वैज्ञानिक उपग्रह
1989- अफ्रीकी देश सिएस लियोन ने गणतंत्र की घोषणा की।
2003-चीन की महिला भारोतोकल वांग मिंग च्यान विश्व रिकॉर्ड बनाया
2006- प्रथम अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग को उनके द्वारा लाया गया चांद टुकड़ा भेंट किया गया।
2007- द विजार्ड ऑफ़ आईडी सीरीज के कार्टूनिस्ट ब्रैंड पार्कर का निधन हुआ था।

मयोरकास के महाभियोग परीक्षण को स्थगित करने के लिए हुआ मतदान

वाशिंगटन, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिकी सीनेट ने बुधवार को होमलैंड सुरक्षा सचिव एलेजांद्रो मयोरकास के महाभियोग परीक्षण को स्थगित करने के लिए पार्टी के आधार पर मतदान किया, जिससे बाइडेन प्रशासन के शीर्ष सीमा सुरक्षा अधिकारी को पद से हटाने के रिपब्लिकन-संचालित प्रयास समाप्त हो गए।

ऊपरी सदन ने 51 से 49 मत से महाभियोग की सुनवाई स्थगित कर दी। रिपब्लिकन नेता मिच मैककोनेल ने स्थगन के बाद मिसाल कायम करते हुए कहा कि यह सीनेट के लिए गर्व का दिन नहीं है। गौरतलब है कि फरवरी में रिपब्लिकन-आयोजित प्रतिनिधि सभा ने मेयरकास पर महाभियोग चलाने के लिए मामूली अंतर से मतदान किया, जिससे वह लगभग 150 वर्षों में महाभियोग लाने वाले पहले कैबिनेट सदस्य बन गए। सीमा नीति को लागू करने और जनता के विश्वास को तोड़ने के लिए 'जानबूझकर और प्रणालीगत रूप से कानून का पालन करने से इनकार करने' के लिए मयोरकास पर महाभियोग लगाया गया था। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग और कांग्रेस के डेमोक्रेट दोनों ने मेयरकास पर महाभियोग चलाने के प्रयासों को राजनीति से प्रेरित पैंतरेबाज़ी के रूप में खारिज कर दिया है। कोलोराडो से हाउस प्रतिनिधि केन बक ने हाल ही में अपने प्रस्थान की घोषणा की और सीएनएन को बताया कि यह 'कांग्रेस में मेरे नौ साल और तीन महीनों का सबसे खराब वर्ष था।'

फिजी के उप-प्रधानमंत्री प्रसाद ने कुशल श्रमिकों की कमी पर जताई चिंता

सुवा, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। फिजी के उप-प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री बिमान प्रसाद ने गुरुवार को द्वीप राष्ट्र में कुशल श्रमिकों की कमी पर गहरी चिंता जताई है।

उप-राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 18 महीनों में लगभग आठ प्रतिशत यानि लगभग 80,000 फिजीवासियों ने द्वीप राष्ट्र छोड़ दिया है, जिनमें से कई लोगों के पास महत्वपूर्ण तकनीकी प्रशिक्षण और अनुभव है, जिससे कुशल श्रमिकों की कमी देखने में आ रही है। प्रसाद ने कहा कि कौशल की कमी नियोक्ताओं और निवेशकों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। फिजी ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के अनुसार वित्त मंत्रालय ने भी अपने पेशेवर कर्मचारियों का लगभग एक चौथाई हिस्सा खो दिया है। उन्होंने हालाँकि कहा कि लोगों को बेहतर जीवन की तलाश करने और अपने बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित स्वास्थ्य और बेहतर शैक्षिक अवसरों की तलाश करने के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। प्रसाद ने कहा कि वे नियामक एजेंसियों में प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने पर काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यह काम चुनौतीपूर्ण और समय लेने वाला है ।

कौशल की कमी नियोक्ताओं और निवेशकों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है : बिमान प्रसाद

दक्षिण चीन सागर में शांति के लिए आसियान देशों के साथ काम करेगा चीन

जकार्ता। चीन, दक्षिण चीन सागर में पार्टियों के आचरण पर घोषणा को पूरी तरह और प्रभावी ढंग से लागू करने और संहिता की बातचीत में तेजी लाने के लिए दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के अन्य देशों के साथ काम करने के लिए तैयार है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने गुरुवार को यहां कहा कि दक्षिण चीन सागर को शांति और सहयोग का सागर बनाने के लिए आचरण करें। वांग ने इंडोनेशियाई विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी से मुलाकात के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की।

जया वर्मा सिन्हा ने ग्रीष्मकालीन व्यवस्था का जायजा लेने हेतु नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का किया दौरा

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। जया वर्मा सिन्हा, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रेलवे बोर्ड के साथ उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने गर्मियों के दौरान रेल यात्रियों के लिए किए गए विभिन्न इंतजामों का जायजा लेने के लिए नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर दिल्ली मंडल के डीआरएम श्री सुखविंदर सिंह और रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

जया वर्मा सिन्हा ने अपने दौरे के दौरान नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत भी की

जया वर्मा सिन्हा ने अपने दौरे के दौरान नई दिल्ली स्टेशन पर यात्रियों से बातचीत की, सीसीटीवी कार्यप्रणाली, पेयजल सुविधाओं और वैशाली एक्सप्रेस के क्लोन सेट का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलयात्रियों के लिए की गयी व्यवस्थाओं की सराहना की और निर्देश दिए कि यात्रा करने वाले लोगों को अधिकतम सुविधा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यही प्रयास विपरीत दिशा में यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए भी होने जाने चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को यात्रियों को उनकी सुरक्षित और आरामदायक यात्रा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के लिए सक्रिय रहने के निर्देश दिये ।

उत्तर रेलवे सभी यात्रियों को आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भूकंप के तेज झटकों से हिला जापान

टोक्यो, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिमी जापान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गई। जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने गुरुवार सुबह पत्रकारों से कहा कि भूकंप के बाद किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के अनुसार, भूकंप स्थानीय समय के अनुसार रात लगभग 11:14 बजे आया।

पब्लिक ब्रॉडकास्टर एनएचके ने गुरुवार सुबह बताया कि भूकंप से एहिमे और कोची में सात लोगों को हल्की चोटें आईं। कुछ क्षेत्रों में मामूली क्षति हुई, जिसमें पानी के पाइप टूटना, बिजली के तार लटकना, स्ट्रीट लाइटें गिरना और राष्ट्रीय सड़क पर भूस्खलन शामिल है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मौसम एजेंसी ने शुरुआत में भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी।

वर्ग पहेली 6529

१		२		३	■	४		५	
	■		■	६			■		■
७			■		■		■	८	९
	■		■	१०			■	■	
■	११		१२	■	■	■	१३		
■		■		■	१४			■	
१५		१६		■		■	१७	१८	
	■		■	१९		२०	■		■
२१			■		■	२२			२३
	■	२४					■	■	

बायें से दायें:-

१. जिसका कोई दुश्मन पैदा न हुआ हो
४. यमराज, युधिष्ठिर
६. किसी के सहारे रहना, निवास करना
७. ठीक, उचित (उर्दू)
८. अंधकार
१०. नृत्य करने काला
११. भले-बुरे की पहचान
१३. ढेर, खजाना (उर्दू)
१४. एकत्र, जमा, अर्जन
१५. हुकूमत, शासन (उर्दू)
१७. स्वाद लेना
१९. रंगोली
२१. पुष्परज
२२. अभिप्राय, अर्थ (उर्दू)
२४. सेनापति

ऊपर से नीचे:-

१. आवश्यक रूप से, जरूरी
२. पूरी तरह से भीगा हुआ
३. जिसमें कोई गलती न हो
४. जोड़ने, योग करने संबंधी, सकारात्मक
५. बैठा हुआ
९. मयक़शी
११. पारिश्रमिक (उर्दू)
१२. कत्था
१३. गरल, विष
१४. इरादा, निश्चय
१५. डा. राधाकृष्णन को कहा जाता है...
१६. हितकर, लाभदायक
१८. पानी, जल
१९. पूजा, उपासना
२०. अमुक नाम का
२३. रिहा, मुक्त (उर्दू)

वर्ग पहेली-6528

१ दृ	ष्टि	२ गो	च	३ र	■	४ सु	प्र	५ सि	द्ध
ढ़ा	■	पा	■	६ ज	न्मां	घ	■	पा	■
७ यु	ग	ल	■	नी	■	८ र	स	ही	९ न
ध	■	■	■	१० क	स	ना	■	■	र्त्त
■	११ अ	धि	१२ भा	र	■	■	१३ अ	र्क	न
■	चं	■	जि	■	१४ कु	मु	द	■	प्रि
१५ प्र	भा	१६ वि	त	■	मा	■	१७ ब	१८ जा	य
ति	■	ष	■	१९ प	री	२० क्षा	■	य	■
२१ यो	ज	क	■	ह	■	२२ र	ह	ज	२३ नी
गी	■	२४ न्या	या	ल	य	■	■	■	चे

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

स्वीकार *पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारियों ने कारगिल युद्ध को एक रणनीतिक भूल करार दिया, बोले*

कुछ सैन्य प्रमुखों के दिमाग की उपज थी 'कारगिल ऑपरेशन'

इस्लामाबाद, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व सैन्य अधिकारियों ने भारत व पाकिस्तान के बीच 1999 में हुए कारगिल युद्ध को अपने देश की एक रणनीतिक भूल करार दिया है। जिसे इसके वास्तुकार और पाकिस्तानी सैन्य तानाशाह दिवंगत जनरल परवेज़ मुशर्रफ ने सफलता की कहानी के रूप में सराहा था। कर्नल (सेवानिवृत्त) अशफाक हुसैन कहते हैं कि यह योजना एक बड़ी भूल और बड़ी विफलता थी। यह पाक के लिए एक आपदा साबित हुई।

इसने भारत और पाकिस्तान के बीच लाहौर शिखर सम्मेलन समझौते का भी उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया, यहां तक कि उसने अपने सैनिकों के शवों को भी स्वीकार नहीं किया। बाद में इन शवों को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा दफनाया गया, जो पाकिस्तानी सेना के लिए अत्यंत अपमानजनक था। मई-जुलाई 1999 के दौरान हुआ कारगिल युद्ध पाकिस्तान के कुछ वरिष्ठ सेनाधिकारियों द्वारा लिया गया निर्णय था। इन अधिकारियों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को विश्वास में लिए बिना ही ऑपरेशन शुरू कर दिया था।

अधिकारियों ने नवाज शरीफ को विश्वास में लिए बिना ही शुरू कर दिया था ऑपरेशन

योजना एक बड़ी भूल और बड़ी विफलता थी। यह पाकिस्तान के लिए एक आपदा साबित हुई : अशफाक हुसैन

ऑपरेशन का मुख्य लक्ष्य कश्मीर और लद्दाख के बीच संपर्क को काटना, राष्ट्रीय राजमार्ग -1 को बाधित करना और भारतीय सेना को सियाचिन ग्लेशियर से पीछे हटने को मजबूर करना था। युद्ध की योजना बनाने वालों को मानना था कि यह ऑपरेशन भारत को पीछे हटने और इस्लामाबाद की शर्तों पर कश्मीर विवाद को सुलझाने के लिए बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर करेगा।

हुसैन ने कहा ने कहा, एक तरफ पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय दबाव का सामना करना पड़ा और दूसरी तरफ चीन ने इस्लामाबाद के मन मुताबिक सहयोग नहीं किया। हमारे तत्कालीन विदेश मंत्री सरताज अजीज के प्रयासों को भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अनुकूल समर्थन नहीं मिला। उस समय, जनरल मुशर्रफ ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे थे, जबकि उनकी टीम में चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अजीज खान, कमांडर 10 कोर लेफ्टिनेंट जनरल महमूद अहमद और फोर्सेज कमांडर उत्तरी क्षेत्र मेजर जनरल जावेद हसन शामिल थे।

दुनिया को जानें

पर्याप्त नींद लेने से सालों जवां नजर आ सकते हैं युवा : शोध

स्टॉकहोम, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। एक नवीनतम शोध में यह तथ्य सामने आया है कि युवा पर्याप्त नींद लेने से सालों जवां नजर आ सकते हैं। स्वीडन के वैज्ञानिकों का दावा है कि स्वस्थ आहार और व्यायाम की दिनचर्या बनाए रखने से आपको युवा महसूस करने में मदद मिल सकती है लेकिन पर्याप्त नींद लेने की आदत बना लेने से भी आप ऐसा अनुभव कर सकते हैं। एक हालिया अध्ययन के अनुसार यदि आप हर रात सात या नौ घंटे की नींद लेते हैं तो आप कई साल युवा महसूस कर सकते हैं। स्टॉकहोम यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पाया कि रात में आठ घंटे से कम सोने से आप दस साल से अधिक उम्र का महसूस कर सकते हैं। शोध में स्वयं को युवा महसूस करने और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के बीच सकारात्मक संबंध का पता चला है। लंबी, स्वस्थ जीवन प्रत्याशा और युवा मस्तिष्क किसी की वास्तविक उम्र से कम उम्र महसूस करने से जुड़े हुए हैं। स्टॉकहोम विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग की शोधकर्ता लियोनी बाल्टर ने कहा कि पर्याप्त नींद मस्तिष्क के कार्य और समग्र कल्याण के लिए आवश्यक है।

प्रादेशिकी

शरारती तत्वों ने मचाया कोहराम, कई गाड़ियों में तोड़फोड़

शिमला, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल की राजधानी शिमला के खलीनी वार्ड के अंतर्गत झंझिड़ी में बुधवार देर रात शरारती तत्वों ने कोहराम मचाया। इन्होंने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और इनके शीशे तोड़ डाले। शरारती तत्वों ने यहां सड़क किनारे पार्क आधा दर्जन कारों को अपना निशाना बनाया है। गाड़ियों के शीशे टूटने की भनक मालिकों को सुबह लगी। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना न्यू शिमला थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की तफतीश शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि नशे में धुत लोगों ने यह हरकत की है। झंझिड़ी में सड़क किनारे स्थानीय लोगों ने अपनी गाड़ियां खड़ी की थी। बुधवार रात को इन गाड़ियों में शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। जहां गाड़ियां खड़ी थी उसके पास ही कुछ लोगों के घर भी हैं लेकिन किसी ने शीशे टूटने की आवाज नहीं सुनी।

मतदान आज, तैयारियां पूर्ण, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

■ वोटिंग के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना ■ सुबह 7 बजे से डाले जाएंगे वोट ■ सीमाएं सील, वाहनों की तलाशी जारी

■ अमरनाथ तिवारी

देहरादून, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों के लिए कल होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है इसमें उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटें भी शामिल है। जिनके लिए कल मतदान होगा, मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान के मद्देनजर सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है तथा आने जाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है और सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

उत्तराखंड के सभी जिला मुख्यालयों से आज शाम 4 बजे तक पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। बीते दो दिनों से पोलिंग पार्टियों की रवानगी का काम शुरू किया गया। राज्य की पांच लोकसभा सीटों के लिए होने वाले इस चुनाव के लिए कुल 8732 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 1100 मतदान केंद्र संवेदनशील मतदान केंद्रो के रूप में चिह्नित किए गए हैं। इन सभी पांच सीटों के लिए कुल 63 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरा गया जिसमें जांच के दौरान सात नामांकन पत्र रद्द कर दिए गए तथा नाम वापसी के बाद 50 के आसपास प्रत्याशी ही चुनाव मैदान में है। उत्तराखंड से पांच लोकसभा प्रत्याशियों के लिए 80 लाख से अधिक मतदाताओं ने अपने प्रतिनिधि का चुनाव करना है।

हर बार की तरह इस बार भी मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच ही होना तय है जबकि कुछ सीटों पर बसपा और निर्दलीय उम्मीदवारों ने मुकाबले को त्रिकोणीय बनाया हुआ है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में लगातार 5 सीटों को जीतने वाली भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर है लेकिन फिर भी कई सीटों पर मुकाबला होने की उम्मीद है। चुनाव के मद्देनजर नैनीताल और अल्मोड़ा से लगने वाली नेपाल सीमा को 72 घंटे पहले ही सील कर दिया गया है जबकि आज शाम 5 बजे से राज्य की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया। सभी आनेकृजाने वाले वाहनों की सघन चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है चुनाव के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस अर्ध सैनिक बलों के साथ ही रिजर्व पुलिस फोर्स की तैनाती भी की गई है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होगा लेकिन पोलिंग पार्टियां इसका ट्रायल सुबह 6 बजे करेगी। जिससे कि मतदान शुरू होने पर कोई दिक्कत सामने न आए।

टिहरी से 6 विधानसभाओं के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंची

नई टिहरी। जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित की मौजूदगी में आज जनपद टिहरी की सभी 6 विधानसभाओं की कुल 948 मतदान पार्टियां वीवीपैट लेकर अपने गंतव्य स्थानों के लिए रवाना हो गई हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि निर्वाचन के दौरान बिल्कुल भी घबराएं नहीं, धैर्यपूर्वक, सरलता से अपने अपने दायित्वों को संपादित करें।

चमोली से 544 बूथों के लिए पार्टियां तैनात

चमोली। बता दें कि चमोली जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना की निगरानी में बदरीनाथ विधानसभा की 194, विधानसभा थराली की 185 और कर्णप्रयाग विधानसभा की 165 सहित कुल 544 पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री के साथ पुलिस मैदान और स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है। इससे पहले बुधवार को रवाना की गई दूरस्थ क्षेत्र की 40 पोलिंग पार्टियां सकुशल अपने मतदेय स्थलों पर पहुंच चुकी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने पंजीकरण प्रकोष्ठ, हेल्पडेस्क, जीपीएस, पीडीएमएस, मेडिकल प्रकोष्ठ और सामग्री वितरण काउंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों को पीडीएमस और जीपीएस में अपना फोन नंबर अनिवार्य रूप से रजिस्टर कराने के निर्देश दिए, ताकि मतदान के दिन सूचना के आदान-प्रदान में कोई समस्या न हो।

मतदान के दौरान मेडिकल, विद्युत व पेयजल की न हो समस्या: डॉ. पुरुषोत्तम

सीईओ ने आवश्यक सेवा से जुड़े समस्त विभागों एवं एजेंसियों के साथ की बैठक

देहरादून, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी.बी.आर.सी.पुरुषोत्तम ने गुरुवार को सचिवालय में आवश्यक सेवा से जुड़े समस्त विभागों एवं एजेंसियों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिढए कि मतदान के दिन मतदान समाप्ति तक सभी अस्पतालों में मेडिकल स्टाफ की अनिवार्य रूप से उपस्थिति रहे। इसके अतिरिक्त विद्युत एवं पेयजल अपूर्ति से जुड़े संबंधित विभाग सभी मतदान केंद्रों पर व्यवस्था सुनिश्चित करें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए हैं कि मतदान पार्टियों के अपने गंतव्यों तक सुरक्षित वापसी होने तक सभी राजमार्गों, सड़कों, संपर्क मार्गों पर लैंड स्लाइड या अन्य किसी भी बाधा के दृष्टिगत अलर्ट मोड पर रखा जाए।

बैठक में अपर निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रताप शाह, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास समेत समेत विविन्न विभागों एवं केंद्रीय एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

मतदान के दिन भी खुलेंगे अस्पताल व मेडिकल कॉलेज

देहरादून। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर पहले चरण में शुक्रवार को मतदान होगा। जिसके मद्देनजर निर्वाचन आयोग की ओर से तमाम व्यवस्थाएं मुकम्मल कर ली गई

है। साथ ही पोलिंग बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई है। मतदान दिवस पर सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें, इसके लिए 19 अप्रैल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। मतदान के दिन मतदाताओं और जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए मतदान दिवस के दिन भी प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज को खोलने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में स्वास्थ्य सचिव ने आदेश जारी कर दिए है। जारी किए गए आदेश के अनुसार, सामान्य निर्वाचन लोकसभा चुनाव, 19 अप्रैल को सभी चिकित्सा इकाइयों को खोला जाएगा। आदेश के अनुसार, राज्य विधानसभा निर्वाचन, 2022 की तरह ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदान दल और सुरक्षा कर्मियों को सभी राजकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस बाबत आवश्यक कार्रवाई करने के लिए स्वास्थ्य सचिव ने निर्देश जारी किया है। ऐसे में मतदान के दिन उत्तराखंड की सभी चिकित्सा इकाइयां और मेडिकल कॉलेज खुली रहेंगी।

सार संक्षेप

कैबिनेट मंत्री डा. रावत के आंगन में खिले कमल के पांच फूल

देहरादून। सूबे के कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने अपने फेसबुक पेज पर एक पोस्ट की है, जो सोशल मीडिया में खासी वायरल हो रही है। अपनी पोस्ट में उन्होंने लिखा कि कुदरत ने भी राज्य की पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत के संकेत दे दिए हैं। रामनवमी के पावन अवसर पर ऐसा संयोग बना कि घर के आंगन में पहली दफा कमलदल खिले और वह भी पांच। यह भी गजब संयोग है कि भारतीय जनता पार्टी का चुनाव निशान भी कमल है और राज्य में लोकसभा सीट भी पांच हैं। प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार थम गया है। राजनीतिक दल चुनावी गणित लगाने में जुटे हैं। इस बीच सूबे के कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत की फेसबुक पोस्ट सोशल मीडिया पर छाई है। डा. रावत ने अपनी पोस्ट में एक तस्वीर भी साझा की है, जिसमें पांच कमल खिले हैं। उन्होंने लिखा है कि यह कुदरत का अदभुत संयोग है, जो प्रदेश के पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा की विजयश्री का संकेत दे रहा है। डा. रावत ने फेसबुक पोस्ट में लिखा रामनवमी के अवसर पर उनके आंगन में पहली बार कमलदल खिले हैं और वह भी पांच।

तरनतारन जिले में चीन निर्मित ड्रोन बरामद

जालंधर। पंजाब के जिला तरनतारन में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से एक ड्रोन की बरामद किया गया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि बुधवार को तरनतारन जिले के सीमावर्ती इलाके में एक ड्रोन की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया तंत्र और एक स्थानीय ग्रामीण की सूचना के आधार पर, पंजाब पुलिस के साथ बीएसएफ सैनिकों द्वारा संदिग्ध क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया था।

रिश्वत लेने के आरोप में सहायक उपनिरीक्षक गिरफ्तार

चंडीगढ़। पंजाब विजिलेंस ब्यूरो (वीबी) ने लुधियाना के पुलिस स्टेशन जोधेवाल में तैनात सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) गुरप्रीत सिंह को 4500 रुपए रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वीबी के प्रवक्ता ने आज यहां यह खुलासा करते हुए कहा कि उपरोक्त आरोपी को लुधियाना शहर के काकोवाल रोड निवासी विजय कुमार की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने वीबी से संपर्क किया है और आरोप लगाया है कि उक्त एएसआई ने उसके द्वारा दर्ज एक पुलिस मामले में आरोप पत्र दाखिल करने के लिए 4,500 रुपए की रिश्वत की मांग की है।

सुडोकू 6529 का हल

7	9	6	8	2	4	5	1	3
5	2	8	3	1	6	7	4	9
3	1	4	5	7	9	6	8	2
8	4	2	6	3	7	1	9	5
1	7	3	9	4	5	2	6	8
9	6	5	1	8	2	4	3	7
2	8	7	4	6	3	9	5	1
4	3	9	2	5	1	8	7	6
6	5	1	7	9	8	3	2	4

हिमाचल भाजपा बनाने लगी मोदी सरकार की उपलब्धियों को मुद्दा

शिमला, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। लोक सभा चुनाव में हिमाचल भाजपा मोदी सरकार की उपलब्धियों को मुद्दा बनाने लगी है। प्रदेश में एक जून को लोक सभा चुनाव होना है। मतदान से पहले भाजपा मोदी सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाने लगी है, साथ ही भाजपा के निशाने पर कांग्रेस भी है।

भाजपा कांग्रेस पर लोगों को झूठी गारंटियां देकर वोट हथियाने का आरोप भी लगा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल ने कहा कि राज्य में एक जून को होने वाला लोकसभा का चुनाव राष्ट्रवादी और परिवारवादी शक्तियों के बीच है। डॉ बिंदल ने कहा कि एक तरफ भाजपा गरीब कल्याण , महिला सम्मान , युवा उत्थान और देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर चली है ,दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग हैं जो अपने परिवारों को बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया के उम्दा नेताओं में शुमार पीएम मोदी जहां एक ओर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को मिटाने का संकल्प लेकर चुनाव में उतरे हैं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इनके साथी भ्रष्टाचारियों को बचाने चुनाव मैदान में उतरे हैं। एक ओर मोदी जी के 10 साल का देश के विकास का ट्रैक रिकॉर्ड है जो मोदी जी की गारंटी है दूसरी ओर झूठ , भ्रष्टाचार , तुष्टीकरण , जाति , धर्म ,सम्प्रदाय के आधार पर वोट मांगने का पुलिंदा है।

मतदान के दौरान सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों की खैर नहीं

पुलिस-प्रशासन ने दी चेतावनी

नैनीताल, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। 19 अप्रैल को उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। मतदान से ठीक पहले जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने बताया कि मतदान के दिन जो व्यक्ति सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाते, भ्रामक फोटो और वीडियो अपलोड करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने कहा कि मतदान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। मतदान में किसी तरह का कोई प्रावधान उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस फोर्स और प्रशासन की टीमों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में 8 लाख 119 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें 41,5657 पुरुष 38,4446 महिलाएं जबकि 16 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदान करने के लिए पूरे जनपद में 1,120 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। जिसमें 110 पोलिंग पार्टियों को रिजर्व में रखा गया है।



निष्पक्ष मतदान के लिए कड़ी सुरक्षा

नैनीताल। जिला निर्वाचन अधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने कहा कि जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक सखी बूथ भी बनाया गया है, जबकि पूरे जनपद में 201 वरनेबल और 103 क्रिटिकल बूथ बनाए गए हैं। इसके अलावा जनपद में निष्पक्ष मतदान कराने के लिए 3,361 पुलिस जवान, दो कंपनी पीएसी और सात कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स की लगाई गई हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में है और उनके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है वह लोग आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट और फोटो युक्त सरकारी दस्तावेज पहचान पत्र के तौर पर दिखाकर मतदान कर सकते हैं।

प्रदेश की महिलाओं को हर हाल में दी जाएगी 1500 रुपए पेंशन : नरेश चौहान

शिमला, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने कहा है कि भाजपा नेता महिला हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं। आज जारी एक बयान में नरेश चौहान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बार-बार यह दोहरा रहे हैं कि भाजपा महिलाओं की हितैषी है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की जनता यह अच्छी तरह से जानती है कि 1500 रुपए पेंशन रुकवाने के लिए कौन चुनाव आयोग के पास गया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को महिलाओं को दिए जा रहे अधिकार में अड़ंगे लगाने के लिए प्रदेश की जनता से माफ़ी माँगनी चाहिए क्योंकि भाजपा नेता ही 1500 रुपए पेंशन रुकवाने के लिए चुनाव आयोग के पास गए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जितना मर्ज़ी ज़ोर लगा लें, लेकिन प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन हर हाल में दी जाएगी। नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने बेनक़ाब हो गया है। भाजपा सिर्फ महिला विरोधी ही नहीं बल्कि कर्मचारी विरोधी भी है। पुरानी पेंशन माँगने पर भाजपा नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों को मज़ाक़ बनाया और उन्हें चुनाव लड़ने की चुनौती दी गई। जबकि राज्य में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान की, ताकि बुढ़ापे में उन्हें किसी के आगे हाथ फैलाने को मजबूर न होने पड़े और वह आत्म सम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें।

यह पेंशन रुकवाने के लिए चुनाव आयोग क्यों गई भाजपा जयराम बताएं

भाजपा जितना भी दुष्प्रचार कर ले कोई भी लाभ मिलने वाला नहीं : प्रतिभा सिंह

शिमला, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा जितना भी दुष्प्रचार कर ले उसे इसका कोई भी राजनैतिक लाभ मिलने वाला नही। उन्होंने भाजपा को याद दिलाया है कि जब कर्मचारी ओपीएस की मांग को लेकर सड़को में थे तो उस समय उनके मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उन्हें पेंशन लेने के लिए चुनाव लड़ने को ललकारा था। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल में कर्मचारियों की किसी भी मांग को पूरा नही किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में कर्मचारियों के दय भते भी नही दिए गए। प्रदेश सरकार पर 70 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज व 12 हजार करोड़ से अधिक की कर्मचारियों की देनदारियां प्रदेश सरकार को भाजपा से विरासत में मिली है। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए देने की कांग्रेस की गारंटी का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग ने भी लाहौल स्पीति की महिलाओं को 1500 की सम्मान निधि जारी रखने को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश की सभी पात्र महिलाओं को यह राशि प्रदान करने को पूरी तरह बचनबद्ध है। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार लोगों से किए अपने सभी वादों को पूरा करेगी।

भाजपा ने अपने कार्यकाल में कर्मचारियों की किसी भी मांग को पूरा नहीं किया : प्रतिभा सिंह

मिलावटी दूध मामले पर उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

देहरादून, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक संघ लालकुआं और आंचल फैक्ट्री रायपुर, देहरादून में दूध में मिलावट करके अधोमानक दूध की सप्लाई किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि याचिकाकर्ता के प्रत्यावेदन पर जवाब पेश करें।

मामले के मुताबिक, हल्द्वानी चोरगलिया निवासी भुवन चन्द्र पोखरिया ने इस मामले में जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने जनहित याचिका में कहा है कि वर्ष 2016 में लालकुआं दुग्ध उत्पादक संघ ने बदायूं की नीलकंठ डेयरी से दूध मंगाया। जिन टैंकरों से दूध आया, उनका वजन तक नहीं किया गया। जब वजन किया तो उनमें 3 से 4 हजार लीटर दूध कम पाया गया। 20 अक्टूबर 2021 को फिर इसी डेयरी से 48 टैंकर दूध मंगाया गया। जिसका परीक्षण करने पर ऐल्कोहॉल की मात्रा पाई गई। 15 अक्टूबर 2022 को आंचल डेयरी रायपुर देहरादून ने प्राची डेयरी से दूध खरीदा, जब इस दूध की 4 जनवरी 2023 को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने जांच की तो दूध में मेलामाइन की मात्रा अधिक पाई गई। जनहित जनहित याचिका में कहा गया कि मेलामाइन एक कार्बन रसायन है। जिसका उपयोग डेयरी उत्पादों के लिए प्रयोग किया जाता है। जब इसकी मात्रा मानक से अधिक हो जाती है तो इससे फेफड़ों से संबंधित बीमारी हो जाती है और कभी कैंसर का रूप भी धारण कर लेता है। याचिकाकर्ता ने इसमें शामिल दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सारे सबूतों के साथ 10 जनवरी 2024 को राज्य के मुख्य सचिव, सचिव गृह और डीजीपी को प्रत्यावेदन दिया। लेकिन उनके इस प्रत्यावेदन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें न्यायालय में जनहित याचिका दायर करनी पड़ी। उन्होंने जनहित याचिका में सचिव डेयरी, गृह सचिव, खाद्य सचिव, डीजीपी, जीएम आंचल डेयरी, जीएम लालकुआं दुग्ध उत्पादक संघ, मैनेजिंग डायरेक्टर उत्तराखंड कोऑपरेटिव डेयरी एवं अन्य को पक्षकार बनाया है।

■ मुख्य सचिव, गृह सचिव व डीजीपी को भेजा प्रत्यावेदन
■ भुवन चन्द्र पोखरिया ने इस मामले में दायर की है जनहित याचिका

हरिद्वार से तय होगा तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों का राजनीतिक भविष्य

हरिद्वार, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर पहले चरण में मतदान होना है, जहां से उत्तराखंड के तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों का राजनीति भविष्य तय होना है। उत्तराखंड की सबसे हॉट सीट मानी जा रही हरिद्वार लोकसभा सीट की, जहां पर तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। तीनों में एक मुख्यमंत्री पर जहां खुद को जीतकर साबित करना है, तो वहीं दो मुख्यमंत्रियों के कंधों पर अपने प्रत्याशियों को जिताने की जिम्मेदारी है। उत्तराखंड में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला हरिद्वार लोकसभा सीट पर ही देखने को मिल रहा है। हरिद्वार से जहां बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत को मैदान में उतार रखा है तो उन्हें जिताने की जिम्मेदारी प्रदेश के एक और पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक के कंधों पर है। निशंक प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहने के साथ-साथ वर्तमान में हरिद्वार सांसद भी हैं। निशंक बीते दो चुनाव से लगातार यहां से लोकसभा चुनाव जीते थे। इसीलिए उन पर पार्टी प्रत्याशी को यहां से जिताने का भारी दबाव है। माना जा रहा है कि हरिद्वार लोकसभा सीट से बीजेपी की जीत के साथ ही निशंक का आगे का राजनीतिक रास्ता भी तय होगा। कुछ इसी तरह की स्थिति पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ भी है। मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद बीजेपी ने त्रिवेंद्र सिंह रावत को संगठन में कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं दी थी।

हालांकि लोकसभा चुनाव 2024 में हरिद्वार से टिकट देकर बीजेपी ने पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत पर फिर से भरोसा जताया है। पार्टी हाईकमान के इस भरोसे पर खरा उतरने और इस अवसर को भुनाने का त्रिवेंद्र सिंह रावत के पास इससे अच्छा मौका नहीं है। यदि त्रिवेंद्र सिंह रावत इस परीक्षा में पास होते हैं तो शायद बीजेपी उन्हें इसका कोई बड़ा इनाम भी दे।

दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का राजनीतिक भविष्य भी इसी सीट से तय होगा। दरअसल, हरीश रावत पर अपने बेटे और कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र रावत को जिताने की जिम्मेदारी है। क्योंकि हरीश रावत ही अपने बेटे वीरेंद्र रावत को कांग्रेस हाईकमान से टिकट दिलाकर लाए थे। हरीश रावत पर हरिद्वार लोकसभा सीट को जिताने का कितना दबाव है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस चुनाव में हरीश रावत चुनाव प्रचार के लिए हरिद्वार लोकसभा सीट से बाहर तक नहीं निकले हैं।

■ हरीश रावत को वीरेंद्र के लिए तैयार करनी है सियासी जमीन
■ निशंक का त्रिवेन्द्र को जीताकर अपनी सियासी जमीन बचानी है

पंजाबी भाषा को नंबर वन बनाएंगे : टंडन

चंडीगढ़, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी संजय टंडन ने गुरुवार को दावा किया कि इस सीट पर भाजपा की जीत के बाद अगले पांच वर्ष चंडीगढ़ के लिए स्वर्णिम काल जैसे होंगे और यहां पंजाबी भाषा को भी नंबर वन भाषा बनाकर दिखाएंगे।

टंडन ने चंडीगढ़ वासियों से कहा कि मैं अपना भरपूर सहयोग और समर्थन चाहता हूं,ताकि चंडीगढ़ से भाजपा की जीत के बाद अगले पांच साल मैं आपकी सेवा में हाजिर रह सकूं। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में टंडन संबोधित कर रहे थे।

प्रादेशिकी

ट्रेन से कटकर युवक की मौत पर परिवार में कोहराम

फर्रुखाबाद, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। ट्रेन से कटकर युवक भानू शाक्य की मौत हो जाने पर परिवार में हाहाकार मच गया। थाना मऊदरवाजा के ग्राम झौनी नगला निवासी जसवंत शाक्य का 18 वर्षीय की पुत्र भानु बीती शाम गुड़गांव देवी मंदिर मेला देखने गया था। गुरुवार सुबह भानु का शव नखासा के सामने रेलवे ट्रैक पर देखा गया। ट्रेन से टकराने के कारण उसके सिर में छेद हो गया था एक हाथ एवं दूसरा कोहनी से कटा हाथ गायब था। अनुमान लगाया गया की कटे हाथों को आवारा कुत्ते उठा ले गए। शव देखकर कीमैंन की सूचना पर आरपीएफ मौके पर पहुंची। मृतक की जेब में मोबाइल था जिसमें अनेकों मिस काले थी। कॉल बैक किए जाने पर किसी ने फोन उठाया तो उसे मृतक के परिजनों को जानकारी देने के लिए कहा गया। सूचना मिलने पर भानु के बड़े भाई सूरज मौके पर जाकर शव की शिनाख्त की।

उत्तर प्रदेश में बेटी व व्यापारी सुरक्षित : योगी

मेरठ, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेरठ पहुंचे। उन्होंने जनसभा में शिरकत की और मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल के लिए वोट मांगे। कहा कि मेरठ की भूमि पर भगवान राम के चरित्र को जीवंत करने वाले अरुण गोविल स्वयं आपके बीच प्रत्याशी बनकर आए हैं। राम के सम्मान में भाजपा के प्रत्याशी को भारी मतों से जीताने की अपील की। बता दें कि विगत 27 मार्च को मेरठ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में भी सीएम योगी ने संबोधित किया था।

उस दौरान पीएम मोदी की दौराला आलू शोध संस्थान केंद्र में हुई पहली चुनावी रैली में भी सीएम योगी आए थे। वहीं सरधना के राधना में 10 अप्रैल को सभा हुई थी। किठौर में भाजपा की सभा रखने की मुख्य वजह भाजपा से नाराज चल रहे ठाकुर, त्यागी हैं जिन्हें मनाने के लिए भाजपाइयों के पसीने छूट रहे हैं। उन्होंने कहा पहले मंदिर का शिलान्यास हुआ, उसके बाद मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हुई इसके बाद सूर्यतिलक हुआ। जिसमें 15 लाख से ज्यादा श्रृद्धालु आए। कहा क्या ये कार्य कांग्रेस, सपा, बसपा कर पाती। इसलिए हम आए है और इसलिए अरुण गोविल को भी लेकर आए हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा आज यहां कर्फ्यू नहीं है कांवड़ यात्रा निकल रही है कोई रोक नहीं रहा। आस्था का भी सम्मान है। बेटी, व्यापारी सुरक्षित है ये सब काम इसलिए हो रहे हैं

- मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मांगे वोट
- चुनावी जनसभा में ठाकुरों व त्यागियों को मनाने का किया प्रयास
- नाराजगी को खत्म करने में जुटे भाजपा के शीर्ष नेता

क्योंकि भाजपा की सरकार है और मोदी जी पीएम है। कहा कि भाजपा की सरकार आपकी आस्था का सम्मान करती है। कहा कि पारुल चौधरी यहीं की बेटी है उसने चीन के खिलाड़ी को चीन की धरती पर पछाड़कर गोल्ड मेडल जीता हमने उसे डिप्टी एसपी बनाया। यह खेल विवि इसलिए है ताकि युवा खेलकूद में आगे बढ़ें और नेशनल, इंटरनेशनल लेवल पर मैडल जीतें नौकरी पाएं। ओडीओपी के जरिए दुनिया में मेरठ का स्पोर्ट्स आयटम छा रहा है। सीएम ने कहा हम अरुण गोविल को इसलिए लाए हैं ताकि अरुण गोविल फ्री में मेरठ के स्पोर्ट्स आयटम का विज्ञापन करके उसे आगे बढ़ाएंगे। कहा हमें विकसित भारत चाहिए। सीएम ने कहा कि मेरठ में अमर बलिदानी धनसिंह कोतवाल ने अपना बलिदान दिया। कहा वो बलिदानी अपने लिए या अपने परिवार के लिए नहीं जिए थे। उनका जीवन देश के लिए था। वो कहते थे तेरा वैभव अमर रहे मां, हम रहें या न रहें। सीएम ने दिल्ली एक्सप्रेस वे, रैपिड रेल, खेल उद्योग, ओडीओपी, गंगा एक्सप्रेस वे, मैट्रो सहित अन्य विकास कार्यों को गिनाया। कहा हमारा विधायक, सांसद को आम आदमी भी आवेदन भेज देता है कि इलाज नहीं करा पा रहा हूं, आर्थिक स्थिति खराब है तो उसे सरकार जनधन खाते के जरिए पैसे देकर मदद करती है। किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, पीएम आवास योजना, मुफ्त बिजली, शौचालय बनवाने जैसी योजनाओं को भी गिनाया। सीएम ने अंत में कहा जिसने भी राम का सूर्यतिलक देखा है वो जरुर कहेगा कि जो राम को लाएंगे हम उनको लाएंगे। कहा यहां तो भगवान राम के चरित्र को जीवंत करने वाले अरुण गोविल स्वयं आपके बीच प्रत्याशी बनकर आए हैं।

किठौर विधानसभा क्षेत्र में त्यागी, ठाकुरों की बड़ी संख्या में हैं वोट

जनसभा की दूसरी वजह किठौर विधानसभा सीट पर ठाकुर, त्यागी वोट काफी हैं जो चुनाव को प्रभावित करने के काफी है। सभा में दौरान सीएम योगी को नेताओं ने महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंट की है। योगी ने कहा कि अरुण गोविल जब रामायण सीरियल में भगवान राम का रोल अदा कर रहे थे। तब वो उस रोल के माध्यम से कलयुग में भगवान राम के चरित्र का चित्रण कर रहे थे, तब उनको भी नहीं पता था कि एक दिन रामलला अपनी जन्मभूमि में अपना जन्मोत्सव मनाएंगे। कहा क्या संयोग है कि जब अरुण गोविल मेरठ सीट से लोकसभा प्रत्याशी बने।

विद्यार्थियों ने चलचित्र के माध्यम से ऐतिहासिक स्मारक धरोहरों को जाना

मवाना, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। बाल भारती पब्लिक स्कूल मवाना में दिनांक 18 अप्रैल दिन गुरुवार को वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाया गया जिसमें विद्यार्थियों ने स्मार्ट क्लास में चलचित्र के माध्यम से अपनी विरासतों को जाना। इस दिवस की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक विज्ञान शिक्षक वैभव ने बच्चों को बताया कि प्रत्येक वर्ष 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस मनाया जाता है। 1982 में यूनेस्को द्वारा शुरू किया गया था। इस दिन का मुख्य उद्देश्य विश्व के महत्वपूर्ण स्मारकों और स्थलों के प्रमोशन और संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसी अवसर पर शिक्षिका साक्षी ने बताया कि विरासत देश की प्रजा के लिए आदर्श होती है । इसलिए उसे नष्ट होने से रोकना जरूरी है । हमें सभी को स्मारकों की दीवारों पर लिखना, गंदगी फैलाना, थूकना और किसी भी प्रकार का कागज ना तो खुद चिपकाना चाहिए तथा अगर हम किसी को ऐसा करते हुए देखते हैं तो हमें उसे ऐसा ना करने के लिए जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम में अनुष्का, आंचल ,सोनी, ऋतु, आरजू आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

भाजपा की सरकार में युवा कर रहे आत्महत्या : अखिलेश यादव

कन्नौज, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष खिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार में युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रहीं जिसकी वजह से नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कन्नौज के ब्रजेश पाल के अलावा फिरोजाबाद की एक बेटी ने भी आत्महत्या कर ली। अभी जो आंकड़े आए हैं, उसके अनुसार 90 फीसदी युवाओं के पास काम नहीं है। कन्नौज से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि आज मैं कन्नौज के लोगों से मिला हूं। उनसे हाथ मिलाया। जल्द ही समाजवादी प्रत्याशी के नाम की घोषणा करेगी और कन्नौज में रिकार्ड मतों से सपा जीत हासिल करेगी। कन्नौज के गांव-गांव से आवाज आ रही कि सांसद जी हाजिर हों और सांसद जी पुलिस को ठोक रहे हैं। यादव ने दावा किया कि इस बार गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा का सफाया हो जाएगा। बाद में अखिलेश यादव का काफिला ठठिया के भदौसी गांव की ओर रवाना हो गया। जहां वह पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी के आवास पर पहुंचे। कुछ देर मुलाकात करने के बाद वह लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इससे पहले जिला कार्यालय में अखिलेश ने कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के जोनल प्रभारियों और सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक की। लंबी बैठक के बाद वह कन्नौज के एक गेस्ट हाउस में पहुंचे। जहां सपा नेता नेमसिंह यादव की बहन की शादी समारोह में शामिल हुए। इसके बाद वह कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के भूड़पुरवा गांव गए। यहां कुछ समय पहले ही बेरोजगारी से परेशान होकर ब्रजेश पाल नाम के एक युवक ने अपनी डिग्रियां जला कर सुसाइड कर लिया था। उसके पास से मिले सुसाइड लेटर में आत्महत्या का कारण उसने बेरोजगारी लिखा था। ऐसे में अखिलेश यादव ने उसके घर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की।

गाजियाबाद से लेकर गाजीपुर तक भाजपा के सफाया होने का किया दावा

सार संक्षेप

बेटे के जन्मदिन पर पिता ने फांसी लगाकर दी जान

फर्रुखाबाद। दो दिन पूर्व दिल्ली से लौटे पूर्व प्रधान के भतीजे ने अपने पुत्र के जन्मदिन पर ही फांसी लगा के जान दे दी। थाना क्षेत्र के ग्राम बदनपुर निवासी पूर्व प्रधान कृष्णपाल सिंह का 36 वर्षीय भतीजा अरविंद उर्फ अभय प्रताप सिंह पुत्र वीरपाल दिल्ली में नौकरी कर रहा था, बीते दो दी दिन पूर्व ही वह अपने घर आया था। अरविंद की पत्नी अंजली अपने 7 वर्षीय पुत्र सोना के साथ मसेनी में किराये पर रहती है। अरविंद भी वहीं रुका था। अंजली ने बताया की आज उसके पुत्र सोना का जन्मदिन है लिहाजा अरविंद ने बीते दिन ही जन्मदिन का सामान बाजार से लेकर रखा। गुरुवार सुबह लगभग 5 बजे अरविंद बाइक से गांव बदनपुर जाने की कहकर निकला। सुबह जब अरविंद का बटाईदार मुरारी खेत की तरफ गया तो उसने अरविंद का शव उसके खेत मे खड़ी जामुन के पेड़ पर काले दुपट्टे से लटका देखा। सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी अंजली आदि परिजन मौके पर पंहुचे, उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एसआई उदय नारायण शुक्ला, श्याम बाबू मौके पर पंहुचे। उन्होंने शव कब्जे मे लेकर जांच शुरू की।

देवरिया में नेत्रहीनों ने रामचरित मानस का पाठ कर मनाई गई रामनवमी

देवरिया। प्रभु श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या से चंद मील दूर देवरिया में दिव्यांगों ने अद्भुत तरीके से रामनवमी मनाई। देवरिया जिला मुख्यालय से करीब बीस किमी दूर गौरी बाजार विख्यात खंड के ग्राम बागापार दिव्यांगों द्वारा अद्भुत तरीके के रामनवमी मनाई गई। जिसकी क्षेत्र काफी चर्चा है और लोग दिव्यांग भाई लोगों की इस पहल की सराहना करते नहीं अघा रहे हैं। ग्राम बागापार निवासी अक्षय यादव जो जन्म से ही नेत्रहीन हैं और वे बैंक ऑफ बड़ौदा में कार्यरत है। यादव किशोर काल से ही पूजा पाठ में विशेष रूचि रही है। इस रूचि में अपनी दिव्यांगता को कभी रोड़ा न मानने वाले यादव रामनवमी के दिन अपने घर चौबीस घंटे का मानस पाठ रखा। इस कार्यक्रम की विशेषता ये रही कि सभी वाचक भी नेत्रों से दिव्यांग हैं और इनकी रामचरित मानस की पुस्तक भी ब्रेन लिपि में है। आज मानस सम्पन्न हुआ। इस मानस पाठ में क्षेत्र के लोगों ने काफी बढ़चढ़ हिस्सा लिये।

बाराबंकी में प्रेमी युगल के शव रेल पटरी पर मिले

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी-गोंडा रेल खंड पर गुरुवार सुबह एक प्रेमी युगल के शव रेलवे ट्रैक पर पड़े मिले। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाराबंकी गोंडा रेल मार्ग पर पहलीपर गांव के पास सुबह ग्रामीणों ने करीब 25 वर्ष के युवक और 22 वर्षीय युवती के शव पड़े देखे। करीब 50 मीटर दूर पर एक बाइक भी खड़ी थी जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। मृतक की पहचान अयोध्या जिले के मवई थाना क्षेत्र के पकरिया गांव निवासी शैलेंद्र कुमार दुबे के रूप में हुई है जबकि युवती इसी गांव की निवासी माहे निगार है। मौके से मिले आधार कार्ड से इनकी पहचान हुई है। मौके पर पहुंचे मृतक के चाचा हरिशरण दुबे ने बताया कि शैलेंद्र की शादी तय है जबकि युवती का विवाह अमेठी जिले में हो चुका है और उसका पति सऊदी अरब कमाने गया है। संभावना जताई जा रही है कि जुदा होने के डर से दोनों ने आत्महत्या की है।

एमपीएस के होनहार छात्र ने यूपीएससी परीक्षा में लहराया सफलता का परचम

मेरठ, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल मेन विंग के पुरातन छात्र हर्षवर्धन ने सत्र 2023 की यूपीएससी परीक्षा में 990 रैंक पर पहुंच कर स्वर्णिम सफलता प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया । छात्र आरम्भ से ही मेरठ पब्लिक स्कूल मेन विंग का परिश्रमी एवं अनुशासित छात्र रहा है। छात्र सत्र 2015 कक्षा 12 में विज्ञान वर्ग से उच्च सफलता प्राप्त कर चुका है। छात्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के सहयोग व सदैव प्रेरणादायी वातावरण और शिक्षकों के कुशल मार्ग दर्शन को दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अलका श्रीवास्तव गौड़ ने विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर से विद्यार्थी की इस शीर्ष सफलता एवं इस उपलब्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य व उन्नति की कामना की।

मेरठ के सरधना व हस्तिनापुर में मतदान आज

- 742 मतदेय स्थल पर किया जाएगा मतदान
- जिलाधिकारी व एसएसपी ने की तैयारी की समीक्षा

मेरठ, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद मेरठ की दो विधानसभा हस्तिनापुर और सरधना में पहले चरण में मतदान होना तय हुआ है। इसके लिए जिला स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई है। डीएम और एसएसपी ने तैयारियों को जायजा लेते हुए सुरक्षा बलों को नियम समझाए हैं। मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए विक्टोरिया पार्क से पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। बिजनौर लोकसभा सीट के लिए हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र और मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट के लिए सरधना विधानसभा क्षेत्र में प्रथम चरण में मतदान होना है। दोनों विधानसभा क्षेत्र के 742 मतदेय स्थलों पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियों विक्टोरिया पार्क से रवाना की जाएंगी। यहां डीएम दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण और सीडीओ नूपुर गोयल पोलिंग पार्टियों की रवानगी की तैयारी को पूरा करने में जुटे रहे। विक्टोरिया पार्क में टेंट लगाने का कार्य पूरा कर लिया गया। मवाना व सरधना में भी अधिकारी मतदान केंद्र पर व्यवस्था पूरी कर ली है।

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

मेरठ। स्वीप लोकगीत कार्यक्रम मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशानुसार शाहिद रजा श्रावस्ती अपने कलाकारों द्वारा मेरठ के भिन्न-भिन्न स्थानों पर 19 एवं 26 अप्रैल को मतदान के अन्तर्गत मतदाताओं को लोकगीत के माध्यम से समझा रहे है। उन्होंने, सोहराबगेट बस स्टेशन, आम्रपाली के सामने, पशु चिकित्सालय, इंदिरा चौक, पैंठ बाजार, नंदन सिनेमा, ईव्ज चौराहा के विभिन्न स्थानों पर लोकगीत , 19-26 अप्रैल को मतदान वोट डालने जाना, गांव गांव गली मे सबको ये समझाना, पूरे परिवार के साथ तुम जाना, किसी के बहकावे मे तुम मत आना, अपनी पसंद का बटन दबाना, हंसते हंसते जाना, बीमार और असमर्थ को साधन से ले जाना, लेकिन वोट डालने जाना से जनता में मतदान के प्रति जोश जगाया।

एसडीएम ने तहसील रोड पर मतदान केंद्र देखे

मवाना, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। एसडीएम मवाना अंकित कुमार ने गुरुवार शाम को तहसील रोड पर जूनियर हाई स्कूल में बने मतदान केन्द्रों को निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की लाइन के लिए लगी बल्लियां हिलती देख नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल पालिका के अधिशासी अधिकारी को मतदान केन्द्रों की व्यवस्था ठीक कराने के आदेश दिए। तहसील रोड पर जूनियर व प्राइमरी स्कूल में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहां पर मतदाताओं को वोट डालने के लिए लगी बल्लियां हिलती दिखाई दी। निरीक्षण के समय एसडीएम अंकित कुमार ने मतदान केन्द्र की व्यवस्था ठीक कराने को पालिका के अधिशासी अधिकारी से कहा। उन्हें कहा गया कि दोनों मतदान केन्द्रों पर लगी आरओ मशीनों को लगे पोस्टरों को ठीक तरह से नहीं ढका गया है। उन्हें दोबारा से ढ़कने के लिए कहा गया। उन्होंने बताया कि तहसील के स्टांग रूम में रिजर्व में ईवीएम रखी गई है, जरूरत पड़ने पर तहसील से मतदान केन्द्रों पर भेजी जायेगी। उन्होंने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण कराना उनकी प्राथमिकता है, किसी को गड़बड़ी नहीं करनी दी जाएगी। हुड़दंग करने और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी।

फीडर को शीघ्र किया जाए ऊर्जीकृत : ईशा दुहन

मेरठ, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. की प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन की अध्यक्षता में डिस्कॉम हैडक्वॉटर स्थित मीटिंग हॉल ऊर्जा भवन में फीडर बायफरकेशन, फीडर सेगरीयेशन, एडीबी, स्मार्ट सिटी आदि कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में प्रबन्ध निदेशक ने क्लस्टरवाईज अब तक पूर्ण हो चुके कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश देते हुये फीडर सेगरीयेशन के शेष कार्यपूर्ण करने के साथ फीडर को ऊर्जीकृत करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था मै. सालासर लि. के धीमी कार्य प्रगति पर प्रबन्ध निदेशक द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को सामग्री की व्यवस्था एवं मैनपावर बढ़ाकर शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिससे उपभोक्ताओं को अनवरत् उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। एडीबी कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रबन्ध निदेशक ने कार्यदायी संस्था मै. स्टर्लिंग विल्सन को कार्यों को अधिकतम 20 अप्रैल हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रबन्ध निदेशक ने कार्यदायी संस्थाओं को कार्यों में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा जिन कार्यदायी संस्थाओं के कार्यों की प्रगति संतोषजनक नही पायी जाएगी उन कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। प्रबन्ध निदेशक ने कहा उपभोक्ताओं को बेहतर व अनवरत् उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति के लिए कार्यदायी संस्थाओं को रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अन्तर्गत कराये जा रहे फीडर बायफरकेशन, कृषि पोषको अलग करने के लिए फीडर सेगरीयेशन, जर्जर तार व पोल बदलने, अधिक लाईन हानियों वाले क्षेत्रों में एबी केबिल लगाने कार्य, जर्जर तार व पोल बदलने का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाये। योजना के अन्तर्गत 14 जनपदों में अब तक 302 कृषि पोषकों को अलग करने का कार्य, 95 फीडर बायफरकेशन का कार्य, 2044.32 सर्किट किमी लाईनों के जर्जर तारों, अधिक लाईन हानियों वाले क्षेत्रों में 11667.82 किमी एरियल बन्च केबिल लगाने का कार्य एवं 228320 नग विद्युत पोल लगाने का कार्य योजना के अन्तर्गत पूर्ण कर लिया गया है। इससे किसानों को कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से गुणवत्तापूर्वक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी एवं विद्युत लाईन हानियों को भी सीमित किया जा सकेगा।

- स्मार्ट सिटी आदि कार्यों की समीक्षा की गई

विक्टोरिया पार्क से किया गया पोलिंग पार्टी को रवाना

मेरठ, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा के कुशल निर्देशन में लगातार कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में आज विक्टोरिया पार्क से पोलिंग पार्टियो को रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय ललियाना वि.क्षे. परीक्षितगढ, मदरसा इस्लामिया अरबिया जामिया अजहर ललियाना, मदरसा इस्लामिया अरबिया अनवारूल इस्लाम पोलिंग बूथ का निरीक्षण कर वहां सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया।

दुनिया में उथल-पुथल के बीच मजबूत सरकार देश की जरूरत : नकवी

रामपुर, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने गुरुवार को कहा कि दुनिया में व्याप्त उथल-पुथल के माहौल के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार मुल्क की जरूरत है। पार्टी के जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री नकवी ने कहा कि दुनिया के कई देश आज युद्ध की आशंका से ग्रसित है। देखा जाये तो दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। ऐसे में देश और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्थायित्व से भरपूर और मजबूत नेतृत्व वाली सरकार मुल्क की जरूरत है। उन्होने कहा कि आज ऐसी विपक्षी पार्टियां जो खुद अपने विरोधाभासों और महत्वाकांक्षाओं के टकराव में व्यस्त है। वह ना देश का भला कर सकते हैं, ना ही अपना। नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सुरक्षा, देशवासियों की समृद्धि और सुशासन की गारंटी है और इसलिए पूरे जुनून और जज्बे के साथ फिर एक बार मोदी सरकार के संकल्प को साकार करने के लिए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए। नकवी शुक्रवार को राजकीय ग्राम्य विकास संस्थान दनियापुर, शंकरपुर स्थित बूथ संख्या 297 पर सुबह 8: 30 बजे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

चुनाव *हस्तिनापुर विस में बने पिंक, मॉडल, दिव्यांग व युवा बूथ*

पिंक बूथ पर केवल महिलाएं कर सकेगी मतदान

मवाना, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। बिजनौर लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में कल 19 अप्रैल को सुबह सात बजे से मतदान होगा। मतदान शाम छह बजे तक चलेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के आदेश पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह ने लोकसभा चुनाव में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में पिंक बूथ, मॉडल बूथ, दिव्यांग बूथ और युवा बूथ बनाने के आदेश दिए हैं।

उनके आदेश पर हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र में इन बूथों को बनाने का काम गुरुवार को देरी से शुरू हुआ है। महिला मतदाताओं को सम्मान देने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मवाना नगर पालिका कार्यालय में पिंक मतदान केंद्र बनाया गया है। महिलाओं के लिए पिंक मतदान केंद्र तैयार किया गया। इस मतदान केंद्र में सिर्फ महिलाएं ही वोट करेगी। मतदान केंद्र में महिलाओं से जुड़ी हर सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पूरे बूथ को पिंक रंग से सजाया गया। बूथ में जो मतदान दल तैनात होगा, वह महिला पुलिस कर्मी ही होगी। इसके अलावा कृषक इंटर कालेज मवाना में आदर्श बूथ बनाया गया। इस आदर्श बूथ पर मतदाताओं के लिए बैठने से लेकर शौचालय तक की व्यवस्था होगी। इसके अलावा यदि लंबी लाइन की स्थिति बनेगी तो मतदाताओं के लिए छांव की व्यवस्था भी रहेगी। दिव्यांगों के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श मतदान केंद्र बनाने का फैसला किया है। इस केंद्र में हर वह सुविधा मुहैया कराई जा रही है, जो एक सामान्य परिवार में मौजूद होती है। दिव्यांग बूथ एएस इंटर कालेज मवाना कलां में बनाया गया है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए ढलावदार रास्ता बनाया गया है। वहीं दिव्यांग आदर्श मतदान केंद्र पर व्हील चेयर (पहिया कुर्सी) का भी इंतजाम किया गया है।

लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व लोगों को वोटिंग के लिए प्रेरित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की की ओर से तरह-तरह के प्रयोग किए जा रहे है। आयोग के निर्देश पर मवाना के महाराना प्रताप इंटर कालेज में पहली बार युवा मतदान केंद्र बनाया गया। युवा मतदान केंद्र पर युवा अधिकारी और कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।

एसडीएम मवाना अंकित कुमार ने बताया कि हस्तिनापुर विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी 369 मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। इसके तहत मतदान केन्द्रों पर छाया, पेयजल, पंखे आदि की समुचित व्यवस्था रहेगी।

ट्रैक्टर से कुचलकर स्कूटी सवार युवक की मौत

फर्रुखाबाद, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। पालिका के बिना नंबर के ट्रैक्टर से कुचलकर स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शहर के मोहल्ला नुनहाई निवासी 36 वर्षीय पंकज पुत्र ने नरेन्द्र सिंह अपने मामा अमर सिंह निवासी सिठौली मोहम्मदाबाद के पुत्र अश्वनी के साथ स्कूटी पर सबार होकर उनके घर जा रहा था। वह जैसे ही रेलवे रोड़ एसबीआई के निकट पहुंचा तो अचानक गली से नगर पालिका का ट्रेक्टर तेजी से निकला जिसकी चपेटर में पंकज आ गया उसे ट्रैक्टर में कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मामले की जानकारी पर पुलिस मौके पर पंहुची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस नें शव को कब्जे लेकर लोहिया अस्पताल भेजा। पालिका के जिस ट्रैक्टर से पंकज की मौत हुई उस ट्रैक्टर में नंबर नही पड़े थे। शहर कोतवाल जेपी शर्मा ने बताया ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है जांच की जा रही है।

देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

प्रथम चरण की सभी चार सीटों पर राजग का कब्जा

राजद के नवोदित प्रत्याशी पर जीत की चुनौती

पटना, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के भाजपा प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह चुनावी चौका लगाने की फिराक में हैं, वहीं हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) प्रमुख जीतन राम मांझी, राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर और अरूण भारती पहली बार लोकसभा सांसद बनने की जोर आजमाईश करेंगे तथा इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडी गठबंधन) में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सभी चार प्रत्याशी लोकसभा की सियासी रणभूमि में आगाज कर रहे हैं।

बिहार की 40 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव 19 अप्रैल से 01 जून तक सात चरणों में किये जाएंगे। बिहार में प्रथम चरण की चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान 19 अप्रैल 2024 को होगा। इनमें दो सीट औरंगाबाद और नवादा से राजग में शामिल भाजपा प्रत्याशी जबकि दो सुरक्षित सीट गया (सु) और जमुई (सु) सीट से (हम) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी चुनावी समर में उतरेंगे। सभी चार सीट गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु) पर राजग प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। इंडी गठबंधन की ओर से राजद को इन सभी चार सीटों की कमान दी गयी है। राजग उम्मीदवार पर इन

गया (सु), औरंगाबाद, नवादा और जमुई (सु.) के लिए मतदान आज

सभी सीटों पर कब्जा बरकारार रखने की चुनौती है, वहीं इंडी गठबंधन के उम्मीदवार इन सीटों को जीतने के लिये पुरजोर कोशिश करेंगे।

बिहार की हाईप्रोफाइल गया (सु) सीट पर इस बार के चुनाव में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी की प्रतिष्ठा दाव पर लगी है। गया (सु) सीट से मांझी ने तीन बार पहले भी अपनी किस्मत आजमायी थी, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में गया संसदीय सीट से जीतन राम मांझी ने कांग्रेस के टिकट पर पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था। इस सीट पर जीतन राम मांझी को जनता दल उम्मीदवार राजेश कुमार ने पराजित किया। इस बार के चुनाव में मांझी को राजग का साथ मिला है और वह चुनाव जीतने की पुरजोर कोशिश करेंगे, वहीं राजद ने मांझी के मुकाबले में बोधगया (सु) के विधायक कुमार सर्वजीत को उतार दिया है। कुमार सर्वजीत के पिता राजेश कुमार ने ही वर्ष 1991 में मांझी को मात दी थी। इस बार का चुनाव भी दिलचस्प होने वाला है, एक ओर मांझी 1991 में अपनी हार का बदला कुमार सर्वजीत से लेने की कोशिश करेंगे, वहीं (राजद) प्रत्याशी कुमार सर्वजीत पर पिता राजेश कुमार की सियासी विरासत को आगे ले जाने की चुनौती है। बिहार के चितौड़गढ़ कहे जाने वाले औरगाबाद संसदीय सीट से (भाजपा) के उम्मीदवार पूर्व सांसद रामनरेश सिंह उर्फ लूटन सिंह के पुत्र सुशील सिंह आठवीं बार किस्मत आजमा रहे हैं। सुशील कुमार सिंह इस सीट से चार बार चुनाव जीत चुके हैं, वहीं उन्हें तीन बार हार का सामना भी करना पड़ा है। सुशील कुमार सिंह वर्ष वर्ष 1998, 2009, 2014 और 2019 में जीत हासिल की। सिंह ने लगातार तीन बार 2009,2014 और 2019 में इस सीट से जीत हासिल की है, इस तरह वह चुनावी चौका लगाने की फिराक में हैं, वहीं उनके विजयी रथ को रोकने के लिये राजद ने टेकारी के पूर्व विधायक अभय कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। अभय कुशवाहा ने हाल ही में जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के गया जिला अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर राजद की सदस्यता ग्रहण की है। अभय कुशवाहा पहली बार लोकसभा चुनाव में अपना जोर आजमां रहे हैं।

नवादा संसदीय सीट से भाजपा के टिकट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री सी.पी.ठाकुर के पुत्र और राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर लोकसभा चुनाव में अपनी सियासी पारी का आगाज कर रहे हैं। वहीं राजद ने श्रवण कुश्वाहा को उम्मीदवार बनाया है।श्रवण कुशवाहा पूर्व में गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र और साथ ही स्थानीय निकाय क्षेत्र से विधान परिषद का भी चुनाव लड़ चुके हैं। श्रवण कुश्वाहा भी लोकसभा चुनाव में पहली बार अपनी किस्मत आजमाएंगे। वहीं नवादा लोकसभा सीट के लिए श्रवण कुशवाहा को प्रत्याशी बनाये जाने के बाद राजद नेता और पूर्व विधायक राजवल्लभ यादव के भाई विनोद यादव ने नाराज होकर राजद के सभी पद से इस्तीफा दे दिया है और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नवादा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।विनोद यादव पूर्व विधायक राजबल्लभ यादव के छोटे भाई हैं और नवादा की वर्तमान विधायक विभा देवी के देवर हैं।

आज पहले चरण के मतदान में भाजपा के 'मिशन-80' और इंडिया गठबंधन व बसपा की अग्नि परीक्षा

■ देवेंद्र सिंह

ग्रेटर नोएडा,18 अप्रैल (देशबन्धु)। पूरे देश की 102 लोकसभा सीटों के साथ ही उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर शुक्रवार (आज) को मतदान होगा। इन आठ सीटों पर 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इस मतदान के पहले चरण में उत्तर प्रदेश में भाजपा के 'मिशन-80' की कड़ी परीक्षा होने वाली है। उत्तर प्रदेश का 'मिशन-80' पूरा करने के लिए भाजपा को पहले चरण की सारी 8 लोकसभा सीट जीतनी जरूरी है। अब तक के विश्लेषण से लगता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पहले चरण के चुनाव में भाजपा को बड़ा घाटा हो सकता है।

क्या है उत्तर प्रदेश में भाजपा का 'मिशन-80'

हम आपको पहले ही बता चुके हैं कि भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 'मिशन-80' घोषित कर रखा है। दरअसल उत्तर प्रदेश में लोकसभा की कुल 80 लोकसभा सीट हैं। भाजपा का दावा है कि भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीट जीत लेगी। उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट जीतने के दावे को ही भाजपा ने 'मिशन-80' का नाम दिया है। इन्हीं 80 सीटों में से 8 सीटों पर शुक्रवार वोट पड़ेंगे। जिन लोकसभा की सीटों पर शुक्रवार को मतदान होना है। वें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सहारनपुर, बिजनौर, नगीना, मुजफ्फरनगर, कैराना, रामपुर, मुरादाबाद तथा पीलीभीत नामक लोकसभा की सीट हैं।

उत्तर प्रदेश के दिग्गजों की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

शुक्रवार को जिन 8 लोकसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे उन सीटों पर अनेक महत्वपूर्ण प्रत्याशियों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। इन महत्वपूर्ण प्रत्याशियों में केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान, उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, कैराना से भाजपा सांसद प्रदीप चौधरी, बिजनौर से एनडीए (रालोद) प्रत्याशी के रूप में उतरे मीरापुर के रालोद विधायक चंदन चौहान और नगीना से बतौर भाजपा प्रत्याशी ताल ठोंक रहे नहटौर के विधायक ओम कुमार शामिल हैं। बालियान मुजफ्फरनगर से लगातार तीसरी बार लोकसभा जाने की तैयारी में जुटे हैं तो जितिन को भाजपा ने पीलीभीत से प्रत्याशी बनाया है। इस चरण में राजनीतिक घरानों का दमखम भी परखा जाएगा। कैराना के चर्चित हसन परिवार की बेटी इकरा हसन इस सीट से बतौर सपा उम्मीदवार चुनाव जीतकर लोकसभा में पहुंचती हैं या नहीं इस पर निगाहें लगी हैं। सहारनपुर के काजी परिवार से ताल्लुक रखने वाले इमरान मसूद पिछले दो लोकसभा चुनावों में मिली हार के बाद तीसरे प्रयास में संसद में दाखिल होते हैं या नहीं, यह भी कौतूहल का विषय है। पिछले लोकसभा चुनाव में पहले चरण की आठ सीटों में से चार भाजपा, तीन बसपा और एक सपा ने जीती थी।

पहले चरण आठ सीटों पर किन-किन प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

सहारनपुर: भाजपा इस सीट पर पुराने चेहरे राघव लखनपाल को मैदान में उतारा है। सपा-बसपा से होकर कांग्रेस में वापस आए यहां के मशहूर काजी खानदान के वारिस इमरान मसूद इंडिया गठबंधन के प्रत्याषी सियासी सफलता के लिए बेकरार है। बसपा ने मौजूदा सांसद का टिकट काटकर जिला पंचायत सदस्य माजिद अली को प्रत्याशी बनाया है।

■ उत्तर प्रदेश के पहले चरण के मतदान से आगे के चुनाव की बनेगी फिजा

■ पहले चरण में आठ लोकसभा सीटों पर 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

कैराना: हिंदुओ के पलायन को लेकर चर्चा में आई पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कैराना सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रदीप कुमार को मैदान में उतारा है। प्रदीप कुमार के सामने सपा से इकरा हसन और बसपा से श्रीपाल राणा का मुकाबला है। बसपा ने ठाकुर समाज से श्रीपाल राणा को मैदान में उतारा है। यहां लोकसभा सीट पर लड़ाई त्रिकोणीय है।

मुजफ्फरनगर: इस सीट पर दो जाट चेहरे आमने-सामने है। जाट बहुल्य इस सीट पर रोचक मुकाबला होने के आसार है। भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव बालियान को हैट्रिक लगाने से रोकने के लिए सपा ने अनुभवी जाट नेता और राज्यसभा के पूर्व सदस्य हरेंद्र मलिक को मैदान में उतारा है। बसपा ने यहां से दारा सिंह प्रजापति को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार संजीव बालियान मामूली अंतर छह हजार से जीत हासिल की है। अब देखना यह है कि इस बार रालोद से गठबंधन होने पर बालियान क्या हैट्रिक लगाने में कामयाब हो पाते हैं।

बिजनौर: पिछले लोकसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा ने यह सीट रालोद को दी है। रालोद ने यहां से मीरापुर के विधायक और गुर्जर बिरादरी के चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने लोकदल छोड़कर आए जाट बिरादरी के बिजेंद्र सिंह तो सपा ने नूरपुर के विधायक राम अवतार सैनी के पुत्र दीपक सैनी को मैदान में उतारा है। इस सीट पर भी मुस्लिम की बड़ी तदाद है।

मुरादाबाद: इस सीट से 2019 में सपा प्रत्याशी डॉ. एसटी हसन ने जीत हासिल की थी। सपा ने मौजूदा सांसद एसटी हसन का टिकट काट कर बिजनौर की पूर्व विधायक रूचिवीरा को मैदान में उतारा है। भाजपा रालोद गठबंधन से सर्वेश सिंह प्रत्याशी है। इस मुस्लिम बहुल सीट पर बसपा ने ठाकुरद्वारा नगर पालिका अध्यक्ष मो. इरफान सैफी को उतारा है।

रामपुर: रामपुर लोकसभा सीट से सपा ने तुर्क बिरादरी के मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी को मैदान में उतारा है। 50 फीसदी से अधिक मुस्लिम बहुल वाली रामपुर लोकसभा सीट पर बसपा ने यहां से पठान बिरादरी के जीशान खां को प्रत्याशी है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद घनश्याम लोधी को उतारा है।

नगीना: अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भी करीब 50 फीसदी मुस्लिम मतदाता है। पिछले चुनाव में मिली हार का बदला लेने के लिए भाजपा ने नहटौर के विधायक ओम कुमार को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने सेवानिवृत्ति अपर जिला जज मनोज कुमार और बसपा ने सुरेंद्र पाल सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है। आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद भी चुनाव मैदान में है।

पीलीभीत: इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने वरुण गांधी का टिकट काटकर यहां से जितिन प्रसाद को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने भी यहां से कुर्मी बिरादरी पर दांव लगाया है, सपा ने भगवत शरण गंगवार को अपना प्रत्याशी बनाया है। बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला बना हुआ है।

'विकास बनाम मोदी की गांरटी' की चुनावी लड़ाई

कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी आमने-सामने

छिंदवाड़ा, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में छह संसदीय सीटों पर शुक्रवार को मतदान होने वाला है। इनमें सबसे हॉट सीट छिंदवाड़ा है। यहां चुनाव पूरी तरह 'विकास बनाम मोदी की गारंटी' पर लड़ा जा रहा है। मतदान से पहले मतदाताओं का मौन भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशियों के लिए अबूझ पहेली बना हुआ है।

छिंदवाड़ा सीट को कांग्रेस नेता कमलनाथ के गढ़ के तौर पर जाना जाता है। अब तक छिंदवाड़ा में 18 चुनाव में 11 बार नाथ परिवार चुनाव जीतता रहा है। एक बार फिर इसी परिवार के प्रतिनिधि नकुलनाथ चुनावी मैदान में हैं और उनका मुकाबला भाजपा के विवेक बंटी साहू से है। नकुलनाथ के लिए यह दूसरा चुनाव है। पिछला लोकसभा चुनाव उन्होंने बतौर कांग्रेस उम्मीदवार लड़ा था और बड़ी जीत दर्ज की थी। नाथ परिवार में नकुलनाथ हों या उनके पिता कमलनाथ या प्रिया नाथ, तीनों ही बीते 45 साल के अपने रिश्तों की जनता को याद दिला रहे हैं। वह बता रहे हैं कि इस अवधि में छिंदवाड़ा कितना बदला है। कमलनाथ हर सभा में यह बता रहे हैं कि छिंदवाड़ा में कैसे बदलाव आया। उनका दावा है कि गांव में बिजली पहुंचाने से लेकर रेल सुविधाओं का जाल बिछाया गया है। युवाओं को रोजगार के अवसर मिले, इसके लिए प्रशिक्षण पर जोर दिया गया। उसी का नतीजा है कि छिंदवाड़ा को देश में अलग पहचान मिली है। कमलनाथ का आरोप है कि भाजपा ने फसल का दाम बढ़ाने, गैस सिलेंडर 450 रुपए में देने सहित कई वादे किए थे, मगर वह अब तक पूरे नहीं हुए हैं।

दूसरी ओर भाजपा ने विवेक बंटी साहू को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने अभी हाल ही में विधानसभा का चुनाव लड़ा था, जहां उन्हें करारी

18 चुनाव में 11 बार नाथ परिवार का कब्जा

हार का सामना करना पड़ा था।

विवेक बंटी साहू के समर्थन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दौरे कर चुके हैं। सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के मान-सम्मान में हुई बढ़ोतरी और बीते 10 साल की उपलब्धियों की चर्चा करते दिखे। साथ ही दावा कर रहे हैं कि 'मोदी की गारंटी' ही गारंटी को पूरा करने की गारंटी है। जो वादे किए गए, वह पूरे किए गए हैं।

भाजपा नेताओं की ओर से कश्मीर से धारा-370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करने के अलावा हर वर्ग के लिए योजनाओं को लागू करने की बात चुनावी जनसभा में कही गई। इतना ही नहीं स्थानीय और बाहरी को भी मुद्दा बनाया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव तो खुले तौर पर छिंदवाड़ा में सबकुछ गड़बड़ होने का आरोप लगा चुके हैं। साथ ही उन्होंने कमलनाथ को ही समस्या तक बता डाला।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि छिंदवाड़ा के चुनाव में रोचकता बनी हुई है। दोनों ही राजनीतिक दल अपनी-अपनी उपलब्धियां गिना रहे हैं। वहीं, एक-दूसरे की कमियों की भी खुलकर चर्चा कर रहे हैं। विकास और मोदी की गारंटी तो चुनावी मुद्दा है ही, साथ में दोनों उम्मीदवारों की भी चर्चा हो रही है। यह चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। यही कारण है कि दोनों दल संभल-संभलकर सियासी कदम आगे बढ़ा रहे हैं।

केरल में प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक मोर्चे के अपने-अपने दावे

तिरुवनंतपुरम, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। केरल में लोकसभा चुनाव में महज एक सप्ताह का समय रह गया है। यहां तीनों राजनीतिक मोर्चे काफी उत्साहित हैं। सभी को उम्मीद है कि वह 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ को 47.48 प्रतिशत वोट और 19 सीटें मिली थी, जबकि सीपीआई-एम के नेतृत्व वाले वामपंथ को 36.29 प्रतिशत वोट और सिर्फ एक सीट मिली। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को 15.64 प्रतिशत वोट मिला और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तिरुवनंतपुरम में रहा जहां वो दूसरे स्थान पर रही। अगर यूडीएफ इस बार पिछली बार से

बेहतर करना चाहती है तो उसे सभी 20 सीटें जीतनी होंगी। कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष एम.एम. हसन इस बार क्लीन स्वीप की उम्मीद कर रहे हैं।

हसन ने कहा कि मतदाता जानते हैं कि मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व वाली भ्रष्ट सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पूरी तरह से विफल है। इसलिए, हम क्लीन स्वीप को लेकर आश्वस्त हैं।

यूडीएफ सीएम विजयन के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर और मोदी सरकार की नीतियों को लेकर आश्वस्त है कि वो इस बार पहले से अच्छा प्रदर्शन करेगी।

उधर सीएम विजयन, जो 14 जिलों के तूफानी दौरे पर हैं, आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। विजयन ने कहा कि 2019 के चुनावों की तुलना में इस बार हम अच्छा प्रदर्शन करने जा रहे हैं और यही हम अनुमान लगा सकते हैं। कांग्रेस सीएए के मुद्दे पर चुप है और इससे पता चलता है कि वे लोग संघ परिवार की ताकतों से जुड़े हुए हैं।

मुख्यमंत्री को लगता है कि 24 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता अब तक यह समझ चुके हैं कि केवल वामपंथियों पर ही भरोसा किया जा सकता है और कांग्रेस को वोट देने का मतलब अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को वोट देना है।

उत्तराखंड के 934 पोलिंग बूथ संवेदनशील

देहरादून, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड में लोकसभा (लोस) चुनावों के प्रथम चरण में मतदान होगा। निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित मतदान के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, पुलिस विभाग ने भी समुचित व्यवस्था की हैं। लोस की सभी पांचों सीटों में स्थापित कुल 11,729 पोलिंग स्टेशनों को 274 जोन व 1462 सैक्टर में विभक्त किया गया है। जिनकी निगरानी हेतु 252 एसएसटी एवं 293 एफएसटी नियुक्त की गई है। इन 11,729 पोलिंग स्टेशनों में से 934 पोलिंग स्टेशनो को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। जिस पर सतर्क दृष्टि रखने हेतु वेबकास्टिंग एवं वीडियोग्राफी निरन्तर मतदान दिवस हेतु की जाएगी। यह जानकारी गुरुवार अपराह्न राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था और राज्य निर्वाचन के पुलिस नोडल अधिकारी एपी अंशुमान ने दी। उन्होंने बताया कि लोस निर्वाचन को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु लगभग 40 हजार पुलिस बल के साथ 20 कम्पनी पीएसी तथा 65 कम्पनी केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बल की नियुक्त की गई है। जिसमें उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश से कुल 14300 होमगार्डों को भी सम्मिलित किया गया है।

अंशुमान ने बताया कि राज्य में सभी अंतरराष्ट्रीय, अंतरराज्यीय एवं अंतर्जनपदीय बैरियरों पर रात्रि एवं दिन में निरन्तर चैकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशों के अनुरूप राज्य में कुल 56 हजार शस्त्र धारकों का सत्यापन कर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के पश्चात् 48 हजार लाईसेंसी शस्त्र जमा किये गए हैं।

तेलंगाना में त्रिकोणीय लड़ाई के आसार

नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25

हैदराबाद, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने मंगलवार को तेलंगाना की 17 लोकसभा सीटें सहित 13 मई को सिकंदराबाद छावनी विधानसभा क्षेत्र में होने जा रहे उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, मौजूदा स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि यहां त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है। यह मुकाबला मुख्य रूप से सत्तारूढ़ कांग्रेस, विपक्षी बीआरएस और भाजपा के बीच देखने को मिल सकता है। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है। 26 अप्रैल को नामांकन की जांच की जाएगी। वहीं नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल है। सभी 17 लोकसभा क्षेत्रों और सिकंदराबाद छावनी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा।

राज्य के 104 विधानसभा क्षेत्रों में

मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जबकि शेष 13 वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों में यह शाम 4 बजे समाप्त होगा। 3.30 करोड़ से कुछ अधिक मतदाता, जिनमें आधे से अधिक महिलाएं हैं, इन चुनावों में वोट डालने के पात्र हैं।

2019 के चुनावों में, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने नौ लोकसभा सीटें हासिल कीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चार सीटें जीतीं। कांग्रेस पार्टी ने तीन सीटों पर कब्जा कर लिया था, जबकि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने हैदराबाद को बरकरार रखा। कांग्रेस पार्टी इस बार अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाह रही है। पार्टी ने 12 सीटों का लक्ष्य रखा है और वह पिछले कुछ महीनों के दौरान बीआरएस से कांग्रेस खेमे में आए कई नेताओं का फायदा उठाने की उम्मीद कर रही है। विधानसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के बाद भाजपा भी बेहतर प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। भगवा पार्टी अपनी संख्या को दोहरे अंक तक बढ़ाने की कोशिश कर रही है। पांच मौजूदा सांसदों, विधायकों और एमएलसी सहित कई नेताओं के पलायन से सदमे में बीआरएस को 2019 में जीती गई सीटों को बरकरार रखने के लिए एसिड टेस्ट का सामना करना पड़ेगा।

गोड्डा सीट पर दीपिका पांडे व निशिकांत दुबे के बीच होगा मुकाबला

दीपिका पांडे ने भाजपा के तीन बार के विधायक रहे अशोक कुमार को किया था पराजित

गोड्डा, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड की गोड्डा संसदीय सीट पर इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस की कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल (राजग) में शामिल भाजपा प्रत्याशी वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा।

इंडी गठबंधन की ओर से आखिरकार लंबे इंतजार के बाद गोड्डा संसदीय सीट के प्रत्याशी का नाम घोषणा हो गई है। गोड्डा सीट पर भाजपा के वर्तमान सांसद निशिकांत दुबे के सामने कांग्रेस ने दीपिका पांडे को टिकट दिया है। वह 2008 में कांग्रेस की जिला अध्यक्ष भी रही है। दीपिका पांडेय सिंह, राहुल गांधी के यूथ ब्रिगेड की कोर कमेटी मेंबर भी हैं। पहले उन्हें कांग्रेस यूथ विंग का महासचिव बनाया गया फिर महिला मोर्चा का राष्ट्रीय सचिव और वर्तमान में दीपिका कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव हैं। वह पिछले चुनाव में उत्तराखंड, हिमाचल समेत कई राज्यों में प्रभारी रह चुकी हैं।

दीपिका पांडे सिंह को 2019 के विधानसभा चुनाव में महागामा सीट से कांग्रेस ने टिकट दिया। दीपिका पांडे के सामने भाजपा के दिग्गज और तीन बार के विधायक रहे अशोक कुमार भगत थे। दीपिका पांडे ने अशोक भगत को पहले ही बार में हरा दिया था। कांग्रेस ने विधायक दीपिका पांडे सिंह पर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भरोसा जताया और उन्हें गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से टिकट दिया है। इस बार मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। निशिकांत दुबे लगातार तीसरी बार गोड्डा लोकसभा से सांसद रहे हैं और जीत दर्ज की है।

महगामा विधायक दीपिका पांडे सिंह का जन्म रांची में एक राजनीतिक परिवार में हुआ था। वह कांग्रेसी दिग्गज नेता अरुण पांडेय और प्रतिभा पांडेय की पुत्री हैं। उनकी मां प्रतिभा पांडे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की महिला शाखा महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी रही है।

दीपिका पांडेय को शादी महगामा विधानसभा के चार बार के कांग्रेसी विधायक और मंत्री रहे अवध बिहारी सिंह के पुत्र इंजीनियर रत्नेश्वर सिंह से हुई है।

आस्था ने चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर लगाया विराम

ऊना, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में जहां भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के साथ छह विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने सभी उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। वहीं कांग्रेस अभी सिर्फ शिमला और मंडी संसदीय सीटों पर ही अपने प्रत्याशी घोषित कर पाई है। दो लोकसभा सीटों के साथ-साथ छह विधानसभा के उपचुनाव को लेकर उम्मीदवारों की तलाश में जुटी हुई है। कांग्रेस पार्टी की तलाश के बीच एक नाम उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की बेटी आस्था अग्निहोत्री का भी सामने आया था और आस्था के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र या गगरेट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की खूब चर्चा भी हुई। लेकिन इन सभी चर्चाओं पर खुद आस्था अग्निहोत्री ने मीडिया के सामने आकर विराम लगा दिया है। आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस हाई कमान ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए कहा था जो कि सम्मान की बात है, लेकिन इस वक्त परिस्थितियां अलग है। उन्होंने कहा कि उनकी मां सिम्मी अग्निहोत्री के निधन को अभी दो माह ही हुए हैं, ऐसे में उन्होंने विनम्रता से चुनाव लड़ने को लेकर असमर्थता जाहिर की है। वहीं आस्था ने गगरेट से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि वो दो-दो विधानसभा क्षेत्रों से उनके परिवार द्वारा ही चुनाव लड़ने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से हरोली विधानसभा से एक रिश्ता जुड़ा हुआ है और पिता मुकेश अग्निहोत्री लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। ऐसे में किसी और विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की कोई लालसा नहीं है। उन्होंने कहा कि गगरेट से किसी भी स्थानीय नेता को ही चुनाव लड़वाना चाहिए। वहीं आस्था ने पार्टी के प्रचार के लिए अपनी हामी भरते हुए कहा कि उनका परिवार कांग्रेस के साथ चट्टान की तरह साथ खड़ा है।

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

भारती एयरटेल	4.15 प्रतिशत
पावरग्रिड	2.13 प्रतिशत
इंफोसिस	0.41 प्रतिशत
एलटी	0.28 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

नेस्ले इंडिया	3.31 प्रतिशत
टाइटन	3.31 प्रतिशत
एक्सिस बैंक	2.72 प्रतिशत
एनटीपीसी	2.19 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	2.12 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	73,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	74400
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दडा	2600-2700
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	3740-3840
चीनी एम	4000-4100
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4400-4500

दाल-दलहन

चना	6100-6200
दाल चना	7100-7200
मसूर काली	7550-7650
उड़द दाल	10600-10700
मूंग दाल	9850-9950
अरहर दाल	11700-11800

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

आईएमएफ को उम्मीद, भारत बनेगा वैश्विक विकास का इंजन

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं भारत को भविष्य में वैश्विक आर्थिक विकास के संभावित इंजन के रूप में देखती हैं, क्योंकि देश सबसे तेजी से बढ़ती उभरती अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि चीन की जीडीपी वृद्धि दर 2024 में 4.6 प्रतिशत आंकी गई है जिसके 2025 में और धीमी होकर 4.1 प्रतिशत रहने की संभावना है।

आईएमएफ की जारी विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट ने न केवल 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, बल्कि देश को एक उम्मीद की किरण भी बताया है जो मध्यम अवधि में वैश्विक विकास का समर्थन करता है जिसका फायदा दूसरे देशों को भी होगा। रियल एस्टेट क्षेत्र में गिरावट और अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण चीन के पिछड़ने के साथ आईएमएफ की

- सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया भारत
- आईएमएफ ने भारत की वृद्धि का अनुमान 6.8 प्रतिशत किया

रिपोर्ट कहा गया है कि भारत और ब्राजील जैसे अन्य बड़े उभरते बाजार वाले जी20 देश वैश्विक व्यापार प्रणाली में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे और वैश्विक विकास को आगे बढ़ाएंगे। आईएमएफ की रिपोर्ट भारत की आर्थिक नीति पर भी मुहर लगाती है क्योंकि यह मजबूत विकास दर का श्रेय मजबूत घरेलू मांग को देती है, जो ग्रामीण मांग के पटरी पर लौटने के साथ राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों और बिजली संयंत्रों जैसी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सरकारी खर्च में भारी वृद्धि के कारण बनी है।

कृषि के लिए बढ़े हुए आवंटन, मनरेगा जैसी ग्रामीण रोजगार योजनाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए विशेष कार्यक्रमों ने ग्रामीण मांग को बढ़ाने और औद्योगिक उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार बनाने में मदद की है।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान 90,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए गए हैं, जो कि उससे पहले के 10 साल की तुलना में लगभग दोगुना है।

खामियों के कारण 11 हजार से ज्यादा वाहनों को वापस बुलाएंगे चार वाहन निर्माता

सोल। हुंडई मोटर, मर्सिडीज-बेंज कोरिया और दो अन्य कार निर्माता ने कहा है कि खामियों के कारण 11,000 से अधिक वाहनों को वापस बुलाएंगे। परिवहन मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि स्टेलेंटिस कोरिया और मैन ट्रक एंड बस कोरिया सहित चार कंपनियां स्वेच्छा से 23 अलग-अलग मॉडलों के कुल 11,159 वाहनों को वापस बुला रही हैं। जिन समस्याओं के कारण वापस बुलाया जा रहा है उनमें सांता फे और सांता फे हाइब्रिड मॉडल की 6,468 वाहनों में सीटों की खराब वेल्डिंग शामिल है। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की ग्रैंड्योर सेडान की लगभग 760 वाहनों के डैशबोर्ड में भी सॉफ्टवेयर की खामी पाई गई। एक अन्य समस्या, एस500 4मैटिक सेडान समेत मर्सिडीज-बेंज के 11 मॉडलों के लगभग 2,400 वाहनों में फ्यूल पंप में समस्या थी।

नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन कर पैथ लैब का हुआ उद्घाटन

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। नवरात्रों के दौरान और रामनवमी के शुभ अवसर पर बुराड़ी क्षेत्र के मुकंदपुर में एक नई पैथ लैब मेड हाइपेक्स की शुरुआत की गई। जिसका विधिवत रूप से रिबन काटकर और पूजा अर्चना के द्वारा लैब का उद्घाटन किया गया। अब यहां के गरीब लोगों को भी सस्ते दामों पर पैथ लैब से जुड़े टेस्ट उपलब्ध होंगे। बुराड़ी क्षेत्र में खुली पैथोलॉजी लैब मे अब गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को उचित मूल्य पर स्वास्थ्य जाँच की सुविधा उपलब्ध होगी। जहाँ नई तकनीक की मशीनों के द्वारा किये जायेंगे सभी प्रकार के जाँच साथ ही दिल्ली के किसी भी कोने से आप सेम्पल का होम कोलेक्शन भी करवा सकते है। लैब के औनर गौरव शर्मा का कहना है कि घर से सैंपल कलेक्शन करने का कोई अलग से चार्ज नहीं लिया जाएगा। पूरी दिल्ली में लैब की टीमें उपलब्ध होगी साथ ही ऐसे राइडर्स भी उपलब्ध हैं जो तुरंत उन सैंपल को आधुनिक उपकरणों में रखकर लैब तक पहुंचाएंगे। पैथ लैब मुकंदपुर पार्ट 2 की गली नंबर 12बी में खोली गई है जो बुराड़ी ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के नजदीक ही स्थित है। रामनवमी के दिन कन्या पूजन के साथ बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर इस पैथ लैब की शुरुआत की गई है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सुमित यादव ने इस लैब के शुभारंभ पर गौरव शर्मा को बधाई दिया। लैब इंचार्ज मिथिलेश प्रसाद ने कहा की हमारे यहाँ सभी लैब टेक्नीशियन परिपक्व हैं जहाँ बेहतर तरीके से सभी प्रकार के जाँच को करेंगे जिससे लोगों को कोई असुविधा न हो।

करिश्मा कपूर ने किया रघुराम ज्वैलर्स का उद्घाटन

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली के पीतमपुरा मे रघुराम ज्वैलर्स के उद्घाटन मे पहुंची मशहुर फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर. रघुराम ज्वैलर्स का उद्घाटन विधिवत हवन पूजा के साथ किया गया जहाँ कांग्रेस के पंजाब प्रभारी देवेंद्र यादव और रोहिणी जिला पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त आलोक कुमार पहुंचे। उसके बाद फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर ने रिबन काटकर विधिवत शुभारंभ किया। रघुराम ज्वैलर्स के ओनर राम यादव ने बताया की रघुराम ज्वैलर्स एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिसके पहले शोरूम का उद्घाटन भी करिश्मा कपूर कर चुकी है और आज कपिल बिहार स्थित नए शोरूम का उद्घाटन करिश्मा कपूर के हाथों किया गया है. उद्घाटन के मौके पर पहुंची फिल्म अभिनेत्री करिश्मा कपूर को देखने के लिए उनको चाहने वाले हजारों की संख्या में उपस्थित थे जो अपनी पसंदीदा हीरोइन की एक झलक पाने को बेताब थे। वही रघुराम ज्वेलर्स के उद्घाटन के मौके पर पहुंची करिश्मा कपूर ने भी अपने प्रशंसक को निराश नहीं किया और जमकर सेल्फी खिंचवाई। उद्घाटन के मौके पर करिश्मा कपूर ने रघुराम ज्वेलर्स की प्रशंसा करते हुए बोली कि इनके ओनर राम यादव जी प्रशंसा के पात्र हैं और उनके ज्वेलर्स शोरूम में गुणवत्तापूर्ण जेवरात मिलता हैं। रघुराम ज्वेलर्स ग्राहकों के लिए भरोसे का प्रतीक है।

साउथ इंडियन बैंक की अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी

अशोक लेलैंड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। साउथ इंडियन बैंक ने अपने डीलर वित्त कार्यक्रम के तहत डीलरों को वित्तपोषण के लिए वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड के साथ साझेदारी की है।

कंपनी ने कहा कि इस साझेदारी के तहत बैंक अशोक लेलैंड लिमिटेड के डीलरों को डीलर फाइनेंस विकल्प प्रदान करेगा। इसके साथ, साउथ इंडियन बैंक का लक्ष्य अशोक लेलैंड के डीलर भागीदारों को वाहन इन्वेंट्री फंडिंग को सुव्यवस्थित करने में मदद करना है। यह व्यवस्था वाहन निर्माता, उनके डीलरों और साउथ इंडियन बैंक के लिए पारस्परिक रूप से लाभप्रद है।

समूह व्यवसाय प्रमुख बिजी एस.एस. ने कहा कि हम अशोक लेलैंड के साथ साझेदारी करके बेहद खुश हैं। अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक और संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है। हमारा मानना है कि यह साझेदारी दोनों संगठनों की व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करेगी और एक मजबूत सकारात्मक प्रभाव पैदा करेगी।

अपने विविध वित्तीय समाधानों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य डीलरों को सुविधाजनक व संपूर्ण वित्तपोषण विकल्प प्रदान करना है : **बिजी एस.एस.**

सार संक्षेप

इरेडा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को देगा बढ़ावा

नई दिल्ली। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने गांधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में अपने एक कार्यालय की शुरुआत की है, जो विदेशी मुद्राओं में ऋण विकल्प प्रदान करने में विशिष्टता प्राप्त होगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इससे जोखिम प्रबंधन रणनीति की सुविधा प्राप्त होगी साथ ही, हरित हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण लागत में भी काफी कमी आएगी। इरेडा प्रतिस्पर्धी दरों पर उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए अभिनव उत्पादों के प्रावधान के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण में अव्वल रहा है और भारत में ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकियों को कार्यान्वित करने को लेकर सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। भारत ने इस दिशा में विभिन्न सक्रिय कदम उठाए हैं। इनमें साल 2047 तक भंडारण आवश्यकता रोडमैप का निर्माण, टेक्नोलॉजी-एग्नॉस्टिक भंडारण निविदाएं और बैटरी विनिर्माण व पंप भंडारण जलविद्युत परियोजनाओं के लिए सहायक सरकारी हस्तक्षेप शामिल हैं।

सिरसा की मंडियों में एक लाख 78 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की आवक

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिला की अनाज मंडियों में अबतक एक लाख 78 हजार 233 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है तथा उठान का कार्य भी जारी है। उपायुक्त आर के सिंह ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में एक लाख 78 हजार 233 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है जिसमें से मुख्यतः खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 38 हजार 351 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 9 हजार 879 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन द्वारा 30 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि सिरसा मंडी में 24 हजार 486 मीट्रिक टन, कालांवाली मंडी में 9 हजार 258 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में छह हजार 964 मीट्रिक टन, रानियां मंडी में 11 हजार 212 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 5 हजार 709 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 16 हजार 110 मीट्रिक टन, बणी में छह हजार 256 मीट्रिक टन, मल्लेकां मंडी में 5 हजार 152 मीट्रिक टन व बप्प मंडी में 5 हजार 210 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है।

ग्लोबल रिसोर्स फैक्टरी में नई सीकेडी इंजन असेम्बल

नई दिल्ली। प्रमुख दोपहिया निर्माता होण्डा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने सीकेडी (कम्पलीटली नॉक्ड डाउन) निर्यात पर ध्यान केन्द्रित करते हुए हरियाणा के मानेसर स्थित अपनी ग्लोबल रिसोर्स फैक्टरी में नई आधुनिक इंजन असेम्बली लाईन का उद्घाटन किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह उपलब्धि इनोवेशन, दक्षता एवं विश्वस्तरीय उत्कृष्टता के लिए एचएमएसआई की प्रतिबद्धता की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है।

अठारह समूहों में बिकवाली से शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

- सेंसेक्स 454.69 अंक का गोता लगाकर 72,488.99 पर
- निफ्टी 152.05 अंक की गिरावट लेकर 21,995.85 पर बंद

मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, बैंकिंग और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स समेत अठारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार चौथे दिन गिरावट के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 454.69 अंक का गोता लगाकर 72,488.99 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 152.05 अंक की गिरावट लेकर 22 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक अंक के नीचे 21,995.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों कि शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 0.39 प्रतिशत उतरकर 40,159.66 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 45,450.47 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3929 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1934 में बिकवाली जबकि 1863 में लिवाली हुई वहीं 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 36 कंपनियों में गिरावट जबकि शेष 14 में तेजी रही।



बीएसई में टेक और दूरसंचार में 1.62 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर शेष 18 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.39, सीडी 0.54, ऊर्जा 1.28, एफएमसीजी 1.00, वित्तीय सेवाएं 0.62, हेल्थकेयर 1.23, इंडस्ट्रियल्स 0.03, आईटी 0.19, यूटिलिटीज 0.20, ऑटो 0.73, बैंकिंग 1.09, कैपिटल गुड्स 0.01, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.52, धातु 0.50, तेल एवं गैस 0.96, पावर 0.33, रियल्टी 0.70 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत टूट गए।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 239 अंक की तेजी के साथ 73,183.10 अंक पर खुला और दोपहर तक 73,473.05 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में कारोबार के अंतिम चरण में 72,365.67 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 72,943.68 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत लुढ़ककर 72,488.99 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी 64 अंक उतरकर 22,212.35 अंक पर खुला और सत्र के 22,326.50 अंक के उच्चतम जबकि 21,961.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,147.90 अंक की तुलना में 0.69 प्रतिशत कमजोर रहकर 21,995.85 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने नुकसान उठाया उनमें नेस्ले इंडिया 3.31, टाइटन 3.31, एक्सिस बैंक 2.72, एनटीपीसी 2.19, टाटा मोटर्स 2.12, आईटीसी 1.64, टेक महिंद्रा 1.35, बजाज फिन सर्व 1.30, आईसीआईआई बैंक 1.13, एचडीएफसी बैंक 0.98, विप्रो 0.96, एसबीआई 0.94, सन फार्मा 0.86, मारुति 0.80, टीसीएस 0.23, रिलायंस 0.21, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.07 और टाटा स्टील 0.03 प्रतिशत शामिल हैं।

वहीं, भारती एयरटेल 4.15, पावरग्रिड 2.13, इंफ़ोसिस 0.41 और एलटी के शेयर 0.28 प्रतिशत के लाभ में रहे।

'हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी बड़ी चांदी का उत्पादक'

मुंबई, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। खनन और खनिज प्रसंस्करण क्षेत्र के विशाल औद्योगिक घराने वेदांता समूह की जस्ता-सीसा-चांदी का उत्पादन करने वाली कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड को चांदी का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कंपनी और इसकी सिंदेसर खुर्द खदान को चांदी की सबसे बड़ी खान घोषित किया गया है। कंपनी ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

वेदांता ने कहा कि चांदी बाजार का अध्ययन करने वाले अमेरिका के द सिल्वर इंस्टीट्यूट, द्वारा आयोजित वर्ल्ड सिल्वर सर्वे 2024 में हिंदुस्तान जिंक विश्व स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक घोषित की गई है। इस सर्वे के आधार हिंदुस्तान जिंक की राजस्थान स्थित सिंदेसर खुर्द खदान को अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चांदी खदान इकाई घोषित की गई है, जो पिछले साल के चौथे स्थान से ऊपर थी।

- सिंदेसर खुर्द खदान को चांदी की सबसे बड़ी खान घोषित किया

हिंदुस्तान जिंक की अध्यक्ष प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने कहा कि चांदी हरित ऊर्जा की और बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हमारा 746 टन चांदी उत्पादन का नया का रिकार्ड आत्मनिर्भर भारत के मार्ग को आसान बनाता है। कंपनी का कहना है कि हिंदुस्तान जिंक (जस्ता) उत्पादन में साल-दर-साल पांच प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। इसका श्रेय अयस्क उत्पादन में वृद्धि और इसके उन्नत ग्रेड को जाता है, जिससे वैश्विक चांदी बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है।

खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में रहा टिकाव

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में लगातार जारी गिरावट के प्रभाव के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मई का पाम ऑयल वायदा 29 रिंगिट गिरकर 4130 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.22 सेंट की की गिरावट के साथ 44.78 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, सूरजमुखी तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन

बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 10600-10700, अरहर दाल 11700-11800 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

भारत में बेचे जाने वाले शिशु आहार में अधिक चीनी मिलाती है नेस्ले : आईबीएफएएन

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (आईएएनएस)। स्विस संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क (आईबीएफएएन) की एक जांच में दिग्गज नेस्ले के प्रोडक्ट (उत्पादों) को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। भारत में नेस्ले द्वारा बेचे जाने वाले बेबी-फूड ब्रांडों में अधिक मात्रा में चीनी होती है, जबकि यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, स्विट्जरलैंड और अन्य विकसित देशों में ऐसे प्रोडक्ट चीनी-मुक्त हैं।

अध्ययन में खुलासा हुआ है कि भारत में, सभी सेरेलैक बेबी (शिशु) प्रोडक्ट्स में प्रति सर्विंग औसतन लगभग 3 ग्राम चीनी होती है। यही प्रोडक्ट जर्मनी और ब्रिटेन में बिना चीनी के बेचा जा रहा है, जबकि इथियोपिया और थाईलैंड में इसमें लगभग 6 ग्राम चीनी होती है।

रिपोर्ट के अनुसार, नेस्ले कई देशों में बेबी के दूध और अनाज प्रोडक्ट्स में चीनी मिलाती है, जो मोटापे और पुरानी बीमारियों को रोकने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। कंपनी द्वारा उल्लंघन सिर्फ एशियाई, अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों में पाए गए।

- यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, स्विट्जरलैंड व अन्य विकसित देशों में चीनी-मुक्त हैं ऐसे प्रोडक्ट
- सेरेलैक शिशु अनाज उत्पादों में औसतन लगभग 3 ग्राम प्रति सर्विंग अतिरिक्त चीनी पाई गई

हालांकि, नेस्ले इंडिया लिमिटेड के एक प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी ने पिछले पांच वर्षों में अपने बेबी अनाज पोर्टफोलियो में अतिरिक्त शर्करा (चीनी) की कुल मात्रा में 30 प्रतिशत की कमी की है। इसे और कम करने के लिए उत्पादों की समीक्षा और पुनर्निर्माण जारी रखा है। हम चाइल्डहुड के लिए अपने उत्पादों की पोषण गुणवत्ता में विश्वास करते हैं और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग को प्राथमिकता देते हैं।

ब्रिटेन के अखबार द गार्जियन ने बुधवार को खबर दी कि स्विस फूड दिग्गज गरीब देशों में बेचे जाने वाले शिशु के दूध और अनाज उत्पादों में चीनी और शहद मिलाते हैं। इसमें पब्लिक आई और आईबीएफएएन के डेटा का हवाला दिया गया, जिसमें इन बाजारों में बेचे जाने वाले नेस्ले बेबी फूड ब्रांडों की जांच की गई। पब्लिक आई ने नेस्ले के अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के मुख्य बाजारों में दो प्रमुख ब्रांडों सेरेलैक और नोडी में बेचे गए 115 उत्पादों की जांच की।

खेल जगत

टी20 वर्ल्ड कप से पहले पंत के लिए यह समय महत्वपूर्ण : पीटरसन



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ मैच के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत की फिटनेस और स्टंप के पीछे के प्रयासों की सराहना की। पीटरसन ने कहा कि ऋषभ पंत के लिए यह समय महत्वपूर्ण है। टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्ट इंडीज और अमेरिका में शुरू हो रहा है। बुधवार को जीटी के खिलाफ मैच में पंत ने दो कैच लपके और उतनी ही स्टंपिंग की। उन्होंने डेविड मिलर का निचला कैच लेने के लिए अपनी बायीं ओर पूरा गोता लगाया, जिसके बाद समीक्षा पर निर्णय को सफलतापूर्वक बदल दिया गया। उन्होंने राशिद खान का ऊंचा कैच भी लिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जीटी की आखिरी स्कोरिंग उम्मीद तीन अंकों तक पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाए।

फिर से उड़ चले मयंक, लखनऊ को चेन्नई के खिलाफ जीत की राह पर लौटा सकते हैं

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर व पथिराना ले सकते हैं लखनऊ के बल्लेबाजों का इम्तिहान
- धोनी की मौजूदगी में लखनऊ जरा भी ढील गवारा नहीं कर सकती

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। रफ्तार की नई सनसनी मयंक यादव का फिट होना हार से आगाज करने के बाद उनकी धार व रफ्तार की बदौलत अगले लगातार तीन मैच जीत लगातार अगले दो मैच हारने वाली लखनऊ सुपर जायंटस (एलएसजी) के लिए अब अपने घर लखनऊ में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट 2024 में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को खेले जाने वाले मैच के लिए फिट हो उपलब्ध होना बेहद सुखद खबर है। चेन्नई सुपर किंग्स फिलहाल छह मैचों में चार जीत व दो जीत के साथ आठ अंकों के साथ तीसरे नंबर पर है। वहीं लखनऊ सुपर जायंटस के छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ पांचवें नंबर पर है। देश को आशीष नेहरा जैसा चतुर तेज गेंदबाज देने वाले दिल्ली के क्रिकेटरों की 'नर्सरी' सोनेट क्लब में अपने हुनर को निखार कर मौजूदा आईपीएल में बराबर 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भी तेज गेंद फेंकने वाले 22 बरस के मयंक यादव चेन्नै सुपर किंग्स के रंग में चल रहे नए कप्तान दो-दो अर्द्धशतक जड़ चुके सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे के साथ पारी के आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों में दुनिया के बेहतरीन 'फिनिशर' रहे अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके दुनिया की सबसे महंगी क्रिकेट लीग आईपीएल में अभी भीं खेल रहे महेंद्र सिंह धोनी जैसे धुरंधर को सस्ते में आउट कर उसे लगातार तीसरी और कुल पांचवीं जीत से रोक लखनउ सुपर जायंटस की लगातार तीसरी हार से बचा जीत की राह पर वापस लौटा सकते हैं। अब तक आईपीएल में ये दोनों टीमें तीन बार भिड़ी और इसमें एक बार लखनउ सुपर जायंटस और एक बार चेन्नै सुपर किंग्स की टीम जीती है जबकि एक मैच बेनतीजा खत्म हुआ।

मयंक यादव के पेट की मांसपेशी में खिचाव के चलते दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ बाहर रहने के चलते ही लखनउ सुपर जायंटस अपने पिछले लगातार दो मैच हार गई थी। लखनउ सुपर जायंटस के चीफ कोच जस्टिन लैंगर ने इस बात की पुष्टि की है कि मयंक के साथ ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन भी करीब-करीब फिट हैं और उनके भी चेन्नै सुपर किंग्स के खिलाफ शुक्रवार के मैच में खेलने की उम्मीद है। लखनउ सुपर जायंटस ने विडियो पोस्ट कर लिखा, फिर से उड़ चला और इसमें मयंक यादव पूरी ताकत से गेंदबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। तीन तीन मैच खेलने वाले तेज गेंदबाज मयंक (छह विकेट)और मोहसिन खान (पांच विकेट) पूरी तरह फिट रहने पर खेलते हैं तो सबसे कामयाब तेज गेंदबाज यश ठाकुर (सात विकेट), नवीन उल हक (छह विकेट) पारी के शुरू में चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (कुल 224) और शिवम दुबे (कुल 242 रन) और बीच के ओवर में बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (चार विकेट) और बाएं हाथ के कंजूस लेग स्पिनर क्रुणाल पांडया (तीन विकेट) चेन्नई के डैरल मिचेल (कुल 135 रन) और रवीन्द्र जडेजा (कुल133 रन) को आउट कर या फिर उन पर लगाम लगाकर लखनउ को जीत की राह पर लौटाने में पूरी तरह सक्षम है। बावजूद इसके धोनी जैसे सदाबहार योद्धा की कुछ ही गेंदों में चौकों और छक्कों की झड़ी लगा चेन्नई को बड़ा स्कोर खड़ा करने के साथ बड़े स्कोर के पार भी पहुंचाने की क्षमता शुक्रवार के मैच में निर्णायक हो सकती है। धोनी की पिछले मैच में चेन्नई के लिए चार गेंदों में 20 रन की पारी ही मुंबई इंडियंस के लिए रोहित शर्मा के अविजित शतक पर भारी पड़ी थी। ऐसे में चेन्नई के खिलाफ जीत की राह पर वापस लौटने के लिए लखनउ सुपर जायंटस किसी भी तरह की ढील गवारा नही कर सकती है।

चेन्नई के पास भी अपने बाएं हाथ के बांग्लदेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान (5 मैच, कुल दस विकेट) के साथ खासतौर पर बीच के आखिरी में ओवर में गेंदबाजी करने वाले श्रीलंका के अपने स्लिंगिग गेंदबाजी एक्शन के कारण ज्यादातर बल्लेबाजों के लिए अभी भी पहेली बने मतीशा पथिराना (3 मैच,8 विकेट)लखनउ के लिए दो अर्द्धशतक जड़ रन बनाने में सबसे आगे चल रहे निकोलस पूरन (कुल 223 रन) और टुकड़ो में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले अब तक एक एक अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान केएल राहुल (कुल 204 रन) और उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटन डी कॉक (174 रन), मरकस स्टोइनस (कुल 122 रन), आयुष बड़ौनी (113 रन) का गेंद से इम्तिहान ले उन्हें कम स्कोर तक रोक सकते हैं।

भारत व पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय श्रृंखला होनी चाहिए : रोहित शर्मा

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां) भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह विदेशी या तटस्थ ज़मीन पर पाकिस्तान के ख़िलाफ़ टेस्ट सीरीज़ खेलना पसंद करेंगे। एडम गिलक्रिस्ट और माइकल वॉन की मेज़बानी वाले क्लब प्रायरी फ़ायर पॉडकास्ट में बातचीत करते हुए रोहित ने कहा, 'अगर भारत और पाकिस्तान के बीच नियमित द्विपक्षीय सीरीज़ शुरू होती है, तो वह इसे पसंद करेंगे।' इससे पहले दोनों देशों के बीच 2012-13 में कोई द्विपक्षीय सीरीज़ हुई थी, जब मिस्बाह उल हक़ की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम ने तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के लिए भारत का दौरा किया था। वहीं 2007 के बाद से दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज़ नहीं हुई है। रोहित ने कहा, 'पाकिस्तान एक अच्छी टेस्ट टीम है और उनके पास एक बेहतरीन गेंदबाज़ी लाइन-अप है। अगर हम किसी विदेशी ज़मीन पर खेलते हैं, तो यह एक बहुत ही अच्छी प्रतिस्पर्धा होगी।'

इससे पहले श्रीलंका, बांग्लादेश या यूएई जैसे पड़ोसी देशों में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज़ खेले जाने की बात हो चुकी है। हाल ही में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट बोर्ड ने भी दोनों देशों की मेज़बानी करने का प्रस्ताव रखा था।

रोहित इस मामले में बोलने वाले पहले बड़े भारतीय क्रिकेटर हैं। उनका कहना है कि आईसीसी टूर्नामेंट्स के अलावा दोनों देशों को नियमित रूप से आपस में भिड़ते रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'अंत में हमें अच्छा क्रिकेट देखना है और दोनों देशों के बीच अच्छी प्रतियोगिता हो सकती है। मैं विशुद्ध क्रिकेट के नज़रिये से बात कर रहा हूं और इसमें कुछ भी नहीं है। मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा होगी।'

पेरिस ओलंपिक से बाहर हुए चोटिल लॉन्ग जम्पर श्रीशंकर मुरली

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पेरिस 2024 के लिए 100 दिन से भी कम समय बचा है, इस बीच भारतीय दल को एक बड़ा झटका लगा है। शीर्ष भारतीय लॉन्ग जम्पर श्रीशंकर मुरली को घुटने की चोट के कारण ओलंपिक से बाहर कर दिया गया है। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के साथ ये दुखद खबर शेयर की। श्रीशंकर ने लिखा, 'हमेशा मुझमें चुनौतियों का सामना करने का साहस रहा है, जिन्हें मैं बदल तो नहीं सकता लेकिन कड़ी मेहनत से वापसी जरूर कर सकता हूं। दुर्भाग्य से मुझे चोट लग गई है और जिसके कारण मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।' 25 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल जुलाई में बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ 8.27 मीटर के स्वचालित योग्यता अंक को तोड़ते हुए रजत पदक हासिल किया था। श्रीशंकर ने आगे लिखा, 'मेरी वापसी की यात्रा उस क्षण शुरू हुई जब मेरे घुटने में चोट लगी। यह रास्ता लंबा, कठिन होने वाला है और मुझसे बहुत कुछ छीन लेगा। अच्छी बात यह है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है। मैं इससे जल्द उबर जाऊंगा। 'मुझे आपकी प्रार्थनाओं, प्यार और सकारात्मक ऊर्जा की आवश्यकता होगी। मैं अकेले कूद सकता हूं, लेकिन हर छलांग से पहले सामूहिक प्रयास की जरूरत होती है। यह अब तक की मेरी सबसे बड़ी छलांग है।' 2023 में, श्रीशंकर ने एक शानदार सीज़न बिताया, हांगझोऊ एशियाई खेलों में रजत पदक जीता और एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया।

पिछले साल, वह पेरिस और लॉजेन लेग में क्रमश: तीसरे और पांचवें स्थान पर रहने के बाद ज्यूरिख लेग में पांचवें स्थान के बाद डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय लॉन्ग जम्पर बन गए। लेकिन एशियाई खेलों की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उन्होंने इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम को छोड़ दिया था।

बुमराह को छोड़कर, एमआई की गेंदबाजी काफी कमजोर: फिंच



नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ मुंबई इंडियंस (एमआई) के मैच से पहले, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली मुंबई टीम की गेंदबाजी की आलोचना करते हुए 'गहराई और निरंतरता की कमी' पर प्रकाश डाला। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपने आखिरी मुकाबले के दौरान एमआई गेंदबाजों का हाल बेहद खराब नजर आया। केवल जसप्रीत बुमराह को छोड़कर टीम की गेंदबाजी काफी कमजोर नजर आई। एमआई ने सात गेंदबाजी विकल्पों का इस्तेमाल किया, जिनमें से आकाश मधवाल, कप्तान हार्दिक पांड्या और रोमारियो शेफर्ड ने 12 से अधिक की इकॉनमी से रन दिए। यहां तक कि 11 अप्रैल को आरसीबी के खिलाफ अपने मैच में भी जब सभी गेंदबाजों ने 7 या 10 से अधिक की इकॉनमी से रन लुटाए तो केवल बुमराह ही थे, जिन्होंने 5.25 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए। स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर बोलते हुए, फिंच ने मुंबई इंडियंस को जीत की पटरी पर कैसे वापस लाया जा सकता है, इस पर अपने विचार साझा करते हुए कहा, 'सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण, मुझे लगता है कि कप्तान को बल्ले और गेंद के साथ कुछ फॉर्म और निरंतरता ढूंढनी होगी।' 'हमने देखा है वह कुछ मैचों में गेंदबाजी करते हैं और कुछ में नहीं, इसलिए उन्हें बल्ले और गेंद दोनों के साथ फॉर्म तलाशनी होगी। इसके अलावा, जसप्रीत बुमराह के बाहर उनकी गेंदबाजी में गुणवत्ता और निरंतरता की कमी है।'

सार संक्षेप

जय शाह ने दिया कैंसर व थैलेसीमिया से पीड़ित 12,000 लोगों को लाइव मैच देखने का मौका

अहमदाबाद। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कैंसर और थैलेसीमिया जैसी बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे 12,000 मरीजों और उनके परिवारों की ख्वाहिश पूरी की। यहां तक कि रक्त दाताओं और रक्त दान शिविर आयोजकों को भी विशेष आमंत्रित सूची में शामिल किया गया था। यह इशारा कैंसर और थैलेसीमिया और इस स्थिति से पीड़ित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए था। इसने व्यक्तियों को मौज-मस्ती और मनोरंजन का एक अत्यंत आवश्यक दिन भी प्रदान किया। डीसी ने मैदान पर व्यापक प्रदर्शन करते हुए जीटी को छह विकेट से हरा दिया। दिल्ली के गेंदबाजों ने जीटी को केवल 89 रन पर आउट करने के लिए सामूहिक प्रयास किया और बल्लेबाजों ने यह सुनिश्चित किया कि वे आईपीएल 2024 की अपनी तीसरी जीत हासिल करें। बीसीसीआई के इस तरह के कार्य से पता चलता है कि वह कैसे क्रिकेट समुदायों को एक साथ लाने और जरूरतमंद लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की इच्छा रखता है।

चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए बायर्न ने आर्सेनल को हराया

बर्लिन। जोशुआ किमिच के एकमात्र गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने दूसरे चरण में आर्सेनल को 1-0 (कुल मिलाकर 3-2) से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग के अंतिम चार में प्रवेश किया। जर्मन दिग्गजों ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार शुरुआत की। हैरी केन शुरुआती चरण में ही चूक गए, लेकिन 23 मिनट गुजरने पर हनौसैर मजारौई का शॉट लक्ष्य से चूक गया। आर्सेनल के गोलकीपर डेविड राया ने भी जमाल मुसियाला के खतरनाक प्रयास को रोका। बायर्न ने दूसरे हाफ में जोरदार शुरुआत की। लियोन गोरेत्ज़का का हेडर क्रॉसबार से गिर गया, जिससे राफेल गुएरेइरो ने रिबाउंड पर बाएं पोस्ट के बाहर हिट कर दिया। दूसरे हाफ में मेहमान के लिए सबसे अच्छा मौका ओडेगार्ड से आया, जिसने साइड नेटिंग पर बॉल को मार कर दिया। जोशुआ किमिच ने 63वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई और इस बढ़त को अंत तक बरकरार रखा। बायर्न ने अंतिम सीटी बजने तक अपनी बढ़त बरकरार रखी और 2020 के बाद से पहला सेमीफाइनल टिकट हासिल किया, उसी वर्ष जब उसने चैंपियंस लीग ट्रॉफी जीती थी। जर्मन रिकॉर्ड चैंपियन अंतिम चार में बुंडेसलीगा प्रतिद्वंद्वी बोरुसिया डॉर्टमंड से जुड़ेंगे और रियल मैड्रिड से भिड़ेंगे। बायर्न के कोच थॉमस ट्यूशेल ने कहा, 'अगले दौर में आगे बढ़ना बहुत अच्छा है। दोनों पक्षों ने पहले हाफ में कोई जोखिम नहीं लिया, लेकिन हाफ टाइम के बाद हमने बढ़त हासिल कर ली।

दो बार के विश्व चैंपियन केंटो मोमोता ने अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन से संन्यास की घोषणा की

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां) दो बार के विश्व चैंपियन जापान के केंटो मोमोता ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन से संन्यास की घोषणा की, जिसके साथ चीन के चेंगदू में थॉमस और उबेर कप फाइनल अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा। मोमोता 2018 में चीन में विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले पहले जापानी व्यक्ति बने और अगले वर्ष उन्होंने स्विट्ज़रलैंड में अपने ताज का सफलतापूर्वक बचाव किया। जापानी समाचार एजेंसी क्योडो न्यूज के हवाले से मोमोता ने टोक्यो में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मुझे एहसास हुआ है कि मैं अब उस बिंदु पर वापस नहीं पहुंच सकता जहां मैं फिर से दुनिया में नंबर 1 बनने का लक्ष्य बना रहा हूं।' 'राष्ट्रीय टीम के लिए खेलते हुए मेरा करियर बहुत ही संतुष्टिदायक रहा। अब मैं सभी प्रकार के लोगों को खेल का आनंद लेने में मदद करने में शामिल होना चाहता हूं।' 2019 में, मोमोता ने बीडब्लूएफ टूर पर रिकॉर्ड 11 खिताब जीते और उन्हें शीर्ष पुरुष खिलाड़ी का नाम दिया गया। हालाँकि, अगले वर्ष जनवरी में, मलेशिया मास्टर्स खिताब जीतने के बाद कुआलालंपुर में उनकी एक दुखद राजमार्ग दुर्घटना हुई, जिसमें वे चमत्कारिक रूप से बच गए। पूर्व विश्व नंबर 1 ने उसी वर्ष दिसंबर में अपनी प्रतिस्पर्धी वापसी की, लेकिन तब से उनका फॉर्म पहले जैसा नहीं रहा है। वह टोक्यो ओलंपिक में भी निराशाजनक रूप से ग्रुप-स्टेज से बाहर हो गए और दुर्घटना के बाद से केवल दो टूर जीत हासिल की है।

'मैं झूठ नहीं बोलूंगा, दुर्घटना के बाद मैंने खुद से पूछा, मैं ही क्यों? 'ईमानदारी से कहूं तो, यह एक के बाद एक कठिन समय था। लेकिन मैं इसका दोष दुर्घटना पर नहीं मढ़ना चाहता था।

अक्षर रनों पर नियंत्रण रखते हैं, मैं विकेटों के लिए आक्रमण करता हूं: कुलदीप यादव

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने सातवें मैच में गुजरात टाइटंस (जीटी) को छह विकेट से हराकर टाटा आईपीएल 2024 में अपनी तीसरी जीत हासिल की। गुजरात के बल्लेबाज 89 रन ही बना सके, जिसे दिल्ली ने 8.5 ओवर में हासिल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। कुलदीप यादव ने चोट से वापसी के बाद अपने प्रदर्शन, एक मैच में अपने गेंदबाजी दृष्टिकोण और अक्षर पटेल के साथ अपनी साझेदारी के बारे में जियोसिनेमा के मैच सेंटर लाइव पर विशेष रूप से बात की। कुलदीप ने कहा, मैं बहुत अधिक प्रयास नहीं कर रहा हूं क्योंकि मैं घायल हो गया था, इसलिए मैं थोड़ा परेशान था। आप चोटों से जल्द से जल्द उबरना चाहते हैं, टीम भी संघर्ष कर रही थी। जैसा कि मैंने पिछले मैच में कहा था, बीच के ओवर बहुत कठिन होते हैं।आज, हमें इसकी आवश्यकता नहीं है। मैं बहुत कुछ नहीं कर रहा हूं लेकिन मैं सिर्फ अपने कौशल पर अधिक आश्वस्त हो रहा हूं और इसका आनंद ले रहा हूं... जब आप टीम में होते हैं तो आप हमेशा खेलना चाहते हैं लेकिन कभी-कभी चोटें ऐसी होती हैं कि आपको नहीं खेलना चाहिए। मुझे लगता है कि आपको तभी खेलना चाहिए जब आप फिट हों। यदि आप अनफिट हैं और खेल रहे हैं, तो आप टीम को नुकसान पहुंचा रहे हैं, इसलिए मैं जितनी जल्दी हो सके फिट होने की कोशिश कर रहा था, पैट्रिक को धन्यवाद। पिछले दो हफ्तों में बहुत कुछ हुआ और मैंने आखिरी दो मैच खेले।' अक्षर पटेल के साथ अपनी साझेदारी पर यादव ने कहा- 'हमने काफी समय तक एक साथ खेला है, इसलिए हमें इस बात की अच्छी समझ है कि हमें क्या करने की जरूरत है। हमारी भूमिकाएँ बहुत अलग हैं लेकिन हम दोनों जानते हैं कि विकेट लेना सबसे महत्वपूर्ण बात है। उनका काम रनों पर नियंत्रण रखना है, जिससे मुझे विकेटों के लिए आक्रमण करने की अधिक आजादी मिलती है।

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग युवा खिलाड़ियों की भारतीय टीम में स्थान बनाने की राह खोल सकती है : प्रीतम सिवाच

नई दिल्ली, 18 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत की पूर्व कप्तान और अपने जमाने की बेहतरीन स्ट्राइकर रही प्रीतम सिवाच अब सोनीपत स्थित अपनी प्रीतम सिवाच हॉकी अकेडमी के जरिए भारतीय हॉकी की नई प्रतिभाओं को तराश रही है। बिना किसी सरकारी मदद के अपनी हॉकी एकेडमी चलाने वाली प्रीतम सिवाच अकेडमी से नेहा गोयल, निशा वारसी जैसी मिडफील्डर और शर्मिला देवी और ज्योति जैसी स्ट्राइकर अब तक भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए खेल उनका और उनका भारत का अंतरराष्ट्रीय हॉकी मंच पर नाम रोशन कर चुकी हैं। प्रीतम सिवाच ने पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-2025 को भारतीय महिला हॉकी में स्थान पाने का सपना संजोने वाली नवोदित हॉकी खिलाड़ियों के लिए हॉकी इंडिया की बेहद अहम पहल बताया। पहली हॉकी इंडिया लीग का पहला पहला चरण 30 अप्रैल से 9 मई , 2024 तक रांची में होगा।

प्रीतम सिवाच ने कहा, 'राष्ट्रीय महिला लीग शुरू करना हॉकी इंडिया की एक अच्छी पहल है। राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग युवा महिला हॉकी खिलाड़ियों को इसमें अपना कौशल और तकनीक दिखा अपना नाम बना खुद अपने लिए भारतीय टीम में स्थान बनाने की राह खोल सकती है। इससे नौजवान खिलाड़ियों को यह भी जानने का मौका मिलेगा कि उन्हें अपना खेल बेहतर करने और कहां क्या मेहनत और सुधार की जरूरत है। यह लीग प्रशिक्षकों के लिए भी अहम है क्योंकि इससे वे खिलाड़ियां की बाबत ज्यादा जान कर उनका खेल बेहतर करने में उनकी मदद कर सकते हैं।'

द्रोणाचार्य अवार्डी प्रीतम सिवाच ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में शिद्दत से जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम की बाबत कहा, 'हमारी सीनियर भारतीय हॉकी टीम में वाकई कई ऐसे प्रतिभासम्पन्न खिलाड़ी जिनमें मैच जीतने की कूवत है। बेशक पेरिस ओलंपिक हॉकी में हमारा पूल बी कुछ मुश्किल है लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी टीम इस इम्तिहान में पास होगी और अपने पदक का रंग और चमकदार कर इसे सोने में बदलने में कामयाब होगी।'

67 के दूसरे राउंड के बाद राजीव कुमार जातिवाल ने बढ़त बनायी

नूंह, हरियाणा, 18 अप्रैल, (एजेंसियां)। चंडीगढ़ के राजीव कुमार जातिवाल 66 के अपने पहले राउंड के बाद दूसरे राउंड में पांच-अंडर 67 के एक और शीर्ष प्रयास के साथ 1 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले गुड़गांव ओपन में 11-अंडर 133 के साथ लीडर बनकर उभरे। टूर्नामेंट हरियाणा के नूंह में क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेला जा रहा है। बेंगलुरु के गोल्फर एम धर्मा के 69 ने उन्हें नौ-अंडर 135 के साथ दूसरे स्थान पर रखा। जिस दिन हवा ने लगातार दिशाएं बदलकर कहर बरपाया, उस दिन गुरुग्राम के सुनहित बिश्नोई ने 66 का संयुक्त न्यूनतम राउंड बनाया और आठ-अंडर 136 के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद ने भी 66 का स्कोर किया और एक स्ट्रोक पीछे रहकर सात अंडर 137 के साथ गुरुग्राम के तापी घई (68) के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।